राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

12 50 शिक्षकों को मिलेगा राष्ट्रीय शिक्षक अवार्ड, राष्ट्रपति मुर्मू पांच सितंबर ...

राहुल गांधी हैं कांग्रेस की तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 108 | पटना, सोमवार, 28 अगस्त, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 27.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,340
चांदी	55,350
सेंसेक्स	63,327
निफ्टी	18,816

जब तक अविकसित देशों की समस्याओं का हल नहीं होगा, तब तक जी20 का उद्देश्य सफल नहीं होगा : जयशंकर

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ग्लोबल साउथ (कम विकसित) देशों पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि जी20 का मुख्य उद्देश्य आर्थिक वृद्धि और विकास है और अगर कम विकसित देशों की चिंताएं दूर नहीं होंगी, तो यह आगे नहीं बढ़ सकता है। जयशंकर ने रविवार को यहां भूमिका विषय पर बी20 शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, जी20 का मुख्य उद्देश्य आर्थिक वृद्धि और विकास को बढ़ावा देना है और अगर उन क्षेत्रों में ग्लोबल साउथ (कम विकसित) की महत्वपूर्ण चिंताओं को दूर नहीं किया गया तो यह आगे नहीं बढ़ सकता है। उन्होंने आगे कहा, ह्वविभिन्न कारणों से, ग्लोबल साउथ (कम विकसित) देश बड़े पैमाने पर उत्पादक के बजाय उपभोक्ता बनकर रह गए। उनका योगदान अक्सर अन्यत्र विनिर्माण के लिए संसाधन उपलब्ध कराना है। उन्हें आर्थिक परिवर्तन का पूरा लाभ नहीं मिला। उन्होंने कहा, ग्लोबल साउथ पर वर्तमान फोकस इस वैश्विक दृढ़ विश्वास से उत्पन्न होता है कि ये ऐसे देश हैं, जो वास्तव में विशेष देखभाल के पात्र हैं। ये असाधारण तनाव वाले समाज भी हैं, जिन पर अगर ध्यान नहीं दिया गया तो यह विश्व अर्थव्यवस्था पर गंभीर दबाव बन जाएगा। भारत की जी20 की अध्यक्षता का जिक्र करते हुए, मंत्री ने कहा, जब भारत ने पिछले साल दिसंबर में जी20 की अध्यक्षता संभाली थी, तो हम पूरी तरह से सचेत थे कि जब हम मिलेंगे, तो अधिकांश ग्लोबल साउथ (कम विकसित) देश मेज पर नहीं होंगे। मंत्री ने कहा, उन्हें निष्पक्ष सुनवाई प्रदान किए बिना उनकी चिंताओं पर चर्चा करना बेहद अनुचित प्रतीत होता है। इसलिए, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल जनवरी में ह्यवॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट बुलाने का फैसला किया। हमने 125 देशों से सीधे उनकी चुनौतियों और प्राथमिकताओं के बारे में सुना। उन्होंने कहा, उनकी ओर से इसे जी20 एजेंडे का केंद्र बनाया गया है। जयशंकर ने आगे कहा, ह्वयह एक निर्विवाद वास्तविकता है कि अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली पर ग्लोबल नॉर्थ (वकिसित) देशों का वर्चस्व बना हुआ है। यह स्वाभाविक रूप से जी20 की संरचना में भी परिलक्षित होता है।

हर फैसले से पहले विचार करें कि धरती पर क्या होगा इसका असर : पीएम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बी-20 समिट में भाग ले रहे देश-विदेश के प्रतिनिधियों से सबके लिए लाभप्रद व्यवस्था तैयार करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें हर फैसले से पहले यह विचार करना चाहिए कि इसका धरती पर क्या असर होगा। प्रधानमंत्री ने जी-20 से जुड़े देशों के बिजनेस लीडर्स के शिखर सम्मेलन बी-20 को संबोधित किया। उन्होंने इस दौरान व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पृथ्वी के स्वास्थ्य से जुड़े विचारों को आपस में जोड़ा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान में लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो गए हैं। वह भोजन करते समय इस बात का ध्यान रखते हैं कि इसका उनके शरीर पर क्या प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ठीक इसी तरह बिजनेस और समाज को भी ग्रह के स्वास्थ्य को देखते हुए फैसले लेने चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की लाइफस्टाइल फॉर एनवायरमेंट मिशन लाइफ के पीछे यही भावना है। उन्होंने कहा कि एक भरोसेमंद सप्लाई चैन को निरंतर बनाए रखने में भारत एक भरोसेमंद सहयोगी बनने के लिए तैयार है। कोरोना जैसी महामारी के दौरान सप्लाई टूट जाने का सबसे ज्यादा नुकसान उन्हें हुआ जिसे उनकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। कोरोना महामारी ने हमें यह बताया है कि हमें आपसे विश्वास पर सबसे अधिक निवेश करना चाहिए। कोरोना महामारी में भारत ने इसी आपसी विश्वास को दुनिया तक पहुंचाया। भारत ने 150 से ज्यादा देशों को दवाइयां पहुंचाईं।

संक्षिप्त खबरें

गब्बर सिंह टैक्स के बोझ से जूझ रहा मॉडीज : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को ऊटी में मॉडीज चॉकलेट्स के अपने दौरे का एक वीडियो साझा किया और कहा कि यह भारत के एमएसएमई की महान क्षमता और औद्योगिक केंद्र बनाने व एकल जीएसटी दर को लागू करने का एक उल्लेखनीय प्रमाण है। हमें एमएसएमई की सुरक्षा के लिए खड़े होना चाहिए, जो भारत के विकास इंजन को चलाने की सामर्थ्य रखते हैं। एक ट्वीट में, राहुल गांधी ने कहा, 70 महिलाओं की टीम ऊटी की प्रसिद्ध चॉकलेट फैक्ट्रियों में से एक को चलाती है। मॉडीज चॉकलेट की कहानी भारत के एमएसएमई की महान क्षमता का एक उल्लेखनीय प्रमाण है। उन्होंने चॉकलेट फैक्ट्री की अपनी यात्रा का लिंक भी साझा किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि सुरम्य नीलगिरी के बीच विश्व स्तर पर प्रसिद्ध भारतीय उद्योग हैं, ऊटी के चॉकलेट निमार्ता। उन्होंने कहा, हाल ही में वायनाड जाते समय, मुझे ऊटी के सबसे प्रसिद्ध ब्रांडों में से एक, मोडीज चॉकलेट्स का दौरा करने का आनंददायक अनुभव हुआ। जीएसटी को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, हालांकि, पूरे भारत में अनगिनत अन्य छोटे और मध्यम व्यवसायों की तरह, मॉडीज भी गब्बर सिंह टैक्स के बोझ से जूझ रहा है। ऐसे परिदृश्य में ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार एमएसएमई क्षेत्र को नुकसान पहुंचाकर बड़ी कंपनियों का पक्ष लेती है, यह उन महिलाओं जैसे कड़ी मेहनत करने वाले भारतीयों का धैर्य है, जिनसे मैं यहां मिला, जो भारत के विकास को बनाए रखता है।

मिस्र में युद्धाभ्यास में भाग ले रहे वायुसेना के पांच मिग-29 विमान

नई दिल्ली। मिस्र में रविवार से शुरू हुए 21 दिवसीय बहुपक्षीय युद्धाभ्यास में भारतीय वायुसेना के पांच मिग-29 लड़ाकू विमान, छह परिवहन विमान और इसके विशेष बल के कर्मियों का एक समूह भाग ले रहा है। अधिकारियों ने बताया कि यह द्विवार्षिक त्रि-सेवा अभ्यास- ब्राइट-स्टार काहिरा (पश्चिम) एयर बेस में हो रहा है और इसमें मेजबान देश एवं भारत के अलावा अमेरिका, सऊदी अरब, यूनान तथा कतर की सेनाएं भाग ले रही हैं। भारतीय वायुसेना इस अभ्यास में पहली बार भाग ले रही है। वायुसेना ने कहा, वायुसेना दल में पांच मिग-29, दो आईएल-78, दो सी-130 और दो सी-17 विमान शामिल हैं। भारतीय वायुसेना के गरुड़ विशेष बल के कर्मियों के अलावा नंबर 28, 77, 78 और 81 स्क्वाड्रन के कर्मी भी इस अभ्यास में भाग लेंगे। भारतीय थलसेना के लगभग 150 जवान भी भारतीय दल का हिस्सा हैं। वायुसेना ने एक बयान में कहा, इसका मकसद संयुक्त अभियान की योजना एवं क्रियान्वयन का अभ्यास करना है। इसमें कहा गया, इस तरह के अभ्यास सीमाओं के पार संबंध बनाने के अलावा भागीदार देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने में भी मदद करते हैं।

मुख्यमंत्री ने लोहिया पथ चक्र के शेष निर्माणाधीन कार्यों व गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का लिया जायजा

दशहरा के पहले तैयार होगा लोहिया पथ चक्र : नीतीश

80 वर्ष पुराने सरकारी भवन की जगह बनेंगे नए बिल्डिंग

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। लोहिया पथ चक्र को इस साल दशहरा के पहले कंप्लीट करना है। आज उसी को देखने हम यहां आए हैं। यहां पुराने बिल्डिंग को हटाकर नया बिल्डिंग बनाया जाएगा और इसकी उंचाई भी थोड़ा बढ़ाया जाएगा। इससे आने-जाने का जो रास्ता है वो और अधिक चौड़ा हो जाएगा।

यहां 80 साल पहले के बने हुए बिल्डिंग हैं जो बहुत पुराने हैं। इसे हमलोग नया बनवायेंगे। उक्त बातें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को लोहिया पथ चक्र के शेष निमाणार्धीन कार्यों का स्थल निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोहिया पथ बनवाने का कांसेप्ट मेरा ही था। एक हिस्सा बन गया है और दूसरा बन रहा है। इसके बन जाने से रास्ता बहुत ही सुगम हो जाएगा। रविवार के दिन काम पर निकलने को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गये प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उससे हमको कोई मतलब नहीं रहता है। हमको सिर्फ काम करना है। काम से ही मतलब रखते हैं। दिन कोई मायने नहीं रखता है।

समय सीमा के अंदर बेहतर ढंग से कार्य पूर्ण कराएं : निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाकर निर्धारित समय सीमा के अंदर बेहतर ढंग से कार्य पूर्ण कराएं। निर्माण कार्य बेहतर ढंग से हो, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें।

सरकारी भवन 80 वर्ष पुराने हैं इनकी जगह यहाँ नये मल्टीस्टोरीज बिल्डिंग बनाने का प्रस्ताव तैयार करें : लोहिया पथ चक्र का निरीक्षण करने के क्रम में मुख्यमंत्री ने भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि से वीडियो कॉल पर बातचीत कर उन्हें इस पथ चक्र के उत्तर- पूरब छोर पर बने पुराने सरकारी भवनों को तोड़ने का निर्देश दिया ताकि सड़क की चौड़ाई बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि ये सरकारी भवन 80 वर्ष पुराने हैं इनकी जगह यहाँ नये मल्टीस्टोरीज बिल्डिंग बनाने का प्रस्ताव तैयार करें एवं नये भवन बनाने हेतु अबिलंब निर्णय लेकर निर्माण कार्य की दिशा में भी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि तौर पर लोहिया पथ चक्र के शुरू हो जाने से इससे जुड़े पथों पर वाहनों का परिचालन और अधिक सुचारू हो जाएगा। इसके बन जाने से स्थानीय लोगों को काफी सहूलियत होगी साथ ही राजधानीवासियों को भी जाम से निजात मिलेगी। दरअसल, मुख्यमंत्री ने पंत भवन, नेहरू पथ स्थित लोहिया पथ चक्र के शेष निमाणार्धीन कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री को पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने लोहिया पथ चक्र के शेष निमाणार्धीन कार्यों की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

लोहिया पथ चक्र पर आधारित मैप के माध्यम से मुख्यमंत्री को पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव ने लोहिया पथ चक्र से जुड़े पथों की उपयोगिता, सर्विस रोड की स्थिति, गाड़ियों के आवागमन आदि के संबंध में पूरी जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह समेत अन्य वरीय अधिकारीगण एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

नुकसान भांपकर अनाप शनाप बोलते रहते हैं भजापा के लोग : मुंबई में होनेवाले इंडिया गठबंधन की बैठक पर विपक्ष द्वारा सवाल खड़े किये जाने से संबंधित पूछे गये पत्रकारों के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमको व्यक्तिगत कुछ नहीं चाहिए। हम सबको बस एकजुट करना चाहते हैं। हम शुरू से ही यह बात बोल रहे हैं। विपक्ष क्या बोलता है, उसका कोई मतलब नहीं है। हम मुंबई तो जा रहे हैं।

वहां कुछ और पार्टियां भी एक साथ आ रही हैं। वहां हम सब पुनः एक साथ मिल बैठकर निर्णय लेंगे। हम चाह रहे हैं कि यह जल्दी तय हो जाए कि कौन-कौन, कहां-कहां से लड़ेगा। भाजपा के लोग जान रहे हैं कि हम इतने लोगों को एकजुट कर रहे हैं तो उनको नुकसान होने वाला है। इसलिए भाजपा के लोग अनाप शनाप बोलते रहते हैं। भाजपा के लोग क्या बोलते हैं, हम ध्यान नहीं देते।

बढ़ते जलस्तर को लेकर अलर्ट रहें और तैयारी पूरी रखें : सीएम

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सड़क मार्ग से पटना के आसपास गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अटल पथ होते हुये जेपी गंगा पथ से रानी घाट पहुंचे जहां उन्होंने गंगा नदी के जलस्तर में हुयी वृद्धि का जायजा लिया। जेपी गंगा पथ पर रानी घाट से पैदल चलते हुए मुख्यमंत्री ने पटना लॉ कॉलेज गंगा घाट, गोलकपुर बालू घाट, बहरवा घाट एवं गांधी घाट के आसपास के इलाकों में गंगा नदी के जलस्तर की स्थिति को देखा और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। मुआयना के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर को ध्यान में रखते हुए पूरी तरह से एलर्ट रहें और सारी तैयारी पूर्ण रखें। उन्होंने कहा कि गंगा नदी के किनारे जहां भी घनी आबादी है, वहां निरंतर चौकसी एवं विशेष निगरानी रखें ताकि लोग सुरक्षित रहें। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद, आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पटना प्रमंडल के आयुक्त कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय संपत्ति बेंचना देशहित के खिलाफ : तेजस्वी

पूछा- राष्ट्रीय सम्पत्ति चुनिंदा निजी कंपनियों को क्यों बेच रही सरकार

प्रात : किरण

पटना। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने केन्द्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। रविवार को जारी बयान में डिप्टी सीएम तेजस्वी ने केन्द्र पर राष्ट्रीय संपत्ति बेचने का आरोप लगाया है। श्री यादव ने कहा है कि केंद्र की बीजेपी सरकार द्वारा देश के सार्वजनिक उपक्रमों, संसाधनों और राष्ट्रीय संपत्ति को कथित सुधारों की आड़ में बड़े-बड़े उद्योगपतियों को बेचना गरीबों, किसानों और देश हितों के खिलाफ है। साथ ही उन्होंने कहा कि निजीकरण द्वारा सरकारी नौकरियों को समाप्त करना, सरकारी नौकरियों एवं सार्वजनिक उपक्रमों में वंचित वर्गों के आरक्षण को खत्म करना केंद्र सरकार की एक दीर्घकालिक योजना है। मोदी सरकार ने रेलवे में लाखों नौकरियां समाप्त कर एवं आर्मी में अग्निवीर जैसी योजना लाकर करोड़ों युवाओं का अहित किया है। केंद्र सरकार खरबों की राष्ट्रीय सम्पत्ति चुनिंदा निजी कंपनियों को क्यों बेच रही है? अगर मोदी सरकार राष्ट्र की संपत्ति में इजाफा नहीं कर सकती तो आजादी के बाद दशकों की मेहनत से बनायी गयी परिसंपत्तियों को औने-पौने दामों पर बेचकर देश का नुकसान क्यों रही है? मोदी सरकार को यह बताना चाहिए कि कुछ चुनिंदा पूंजीपतियों को राष्ट्रीय संपत्ति बेचने से देशवासियों और अर्थव्यवस्था को कैसे मदद मिलेगी? मोदी सरकार बताए कि राष्ट्र की परिसम्पत्तियाँ बेचने की उनकी क्या मजबूरी है? क्या यह मोदी सरकार की असफलता, नीतियों की नाकामी और अदूरदर्शिता नहीं है? श्री तेजस्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री अब कभी नोटबंदी, मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप इंडिया, स्किल इंडिया, स्टैंड उप इंडिया, प्रतिवर्ष दो करोड़ सरकारी नौकरियां, 15 लाख काला धन, किसानों की दुगुनी आय इत्यादि का ज़िक्र क्यों नहीं करते? क्या प्रधानमंत्री जानते है बिना-सोचे समझे लॉच की गयी उनकी ये सभी योजनाएं घोर विफल हो चुकी है? श्री तेजस्वी ने कहा कि हम भारत के लोग अपने देश को चंद पूंजीपतियों के हाथों में बेचने और गिरवी रखने के इस प्रयास के खिलाफ अंत तक लड़ते रहेंगे।

बंगाल में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, सात लोगों की मौत

प्रात : किरण

कोलकाता/एजेंसी। पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले के दत्तपुकुर में रविवार को एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से कम से कम सात लोगों की जलकर मौत हो गयी, जबकि कुछ अन्य बुरी तरह झुलस गये। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक विस्फोट सुबह करीब साढ़े दस बजे दत्तपुकुर थाना क्षेत्र के नीलगंज-मोशपोल के आवासीय इलाके में हुआ। विस्फोट से घर में आग लग गयी। घटना में सात लोगों की मौत हो गयी। वहीं बुरी तरह झुलसे लोगों को इलाज के लिए बरसात अस्पताल में भर्ती कराया गया। विस्फोट में आसपास के कई घरों को नुकसान पहुंचा है। वहीं गैर आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस हादसे में आठ लोगों की मौत हुयी है, जबकि पांच अन्य लोग झुलस गए हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विस्फोट दत्तपुकुर थाना क्षेत्र के नीलगंज-मोशपोल के आवासीय इलाके में सुबह करीब साढ़े दस बजे बजे हुआ। इसके कारण दो मंजिला घर जमींदोज हो गया और आसपास के कुछ अन्य आवास क्षतिग्रस्त हो गए। बताया जा रहा है कि अवैध फैक्ट्री का मालिक अजुइबुर रहमान गिरफ्तारी से बचने और स्थानीय लोगों के गुस्से से बचने के लिए तुरंत घटनास्थल से भाग गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने घने आवासीय इलाके में पटाखा फैक्ट्री को लेकर की गयी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया। सूत्रों ने बताया कि पटाखों से भरे सैकड़ों बोरों में चॉकलेट बम (एक प्रतिबंधित वस्तु) एक अन्य गोदाम में पाए गए हैं। राहत की बात यह है कि इस गोदाम में कोई हादसा नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि विस्फोट से आग की लपटें नहीं उठीं, लेकिन पूरा इलाका घने काले धुएं से ढक गया। उन्होंने कहा कि विस्फोट तब हुआ होगा, जब अवैध फैक्ट्री के कर्मचारी छत पर पटाखे सुखा रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकांश श्रमिक मुर्शिदाबाद जिले के थे। इस घटना के बाद जब सैकड़ों स्थानीय लोग एकत्र हुए और अवैध पटाखा फैक्ट्री के के बारे में उनकी शिकायतों पर ध्यान न देने के लिए तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेताओं और प्रशासन की कथित विफलता के खिलाफ आंदोलन शुरू किया, तो मौके पर पुलिस बल को भेजा गया।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने वात्सल्य पीठ की आधारशिला रखी

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को जैन श्वेतांबर तेरापंथ की मुख्य साध्वी कनकप्रभा की याद में यहां ह्यवात्सल्य पीठ की आधारशिला रखी। छतरपुर में जैन तेरापंथी भवन परिसर में पीठ की आधारशिला रखने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने लोगों से साध्वी कनकप्रभा द्वारा दिखाई गई राह पर चलने का आह्वान किया। आरएसएस प्रमुख ने कहा, ज्ञान, स्पष्ट समझ और अनुभवों के कारण उनके प्रत्येक शब्द में मनुष्य को बदलने की ताकत थी। कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा ने किया था।

कार्यक्रम | मासिक कार्यक्रम मन की बात की 104वीं कड़ी के प्रसारण के दौरान बोलें प्रधानमंत्री

हर घर तिरंगा में बना रिकॉर्ड, मेरी माटी, मेरा देश अभियान भी होगा सफल : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस बार 15 अगस्त पर घर-घर तिरंगा अभियान में नया रिकॉर्ड बनाया है और पिछले साल की तुलना में दोगुना 10 करोड़ सेल्फीज सोशल मीडिया पर पोस्ट हुई हुई है। श्री मोदी ने रविवार को अपने मासिक मन की बात कार्यक्रम की 104वीं कड़ी के प्रसारण के दौरान कहा, इस बार 15 अगस्त के दौरान देश ने सबका प्रयास का सामर्थ्य देखा। सभी देशवासियों के प्रयास ने हर घर तिरंगा अभियान को वास्तव में हर मन तिरंगा अभियान बना दिया। अभियान के दौरान कई रिकॉर्ड भी बने। देशवासियों ने करोड़ों की संख्या में तिरंगे खरीदे। डेढ़ लाख पोस्ट आफिस के जरिए करीब डेढ़ करोड़ तिरंगे बेचे गए। इससे हमारे कामगारों की, बुनकरों की, और खासकर महिलाओं की सैकड़ों करोड़ रुपए की आय भी हुई है। तिरंगे के साथ सेल्फीज पोस्ट करने में भी इस बार देशवासियों ने रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने कहा कि पिछले साल 15 अगस्त तक करीब पांच करोड़ देशवासियों ने तिरंगे के साथ सेल्फीजपोड की थी। इस साल ये संख्या 10 करोड़ को भी पार कर गई है। प्रधानमंत्री ने कहा इस समय देश में मेरी माटी, मेरा देश देशभक्ति की भावना को उजागर करने वाला अभियान जोरों पर है। सितंबर के महीने में देश के गाँव-गाँव में, हर घर से मिट्टी जमा करने का अभियान चलेगा। देश की पवित्र मिट्टी हजारों अमृत कलश में जमा की जाएगी। अक्टूबर के अंत में हजारों अमृत कलश यात्रा के साथ देश की राजधानी दिल्ली पहुँचेंगे। इस मिट्टी से ही दिल्ली में अमृत वाटिका का निर्माण होगा। मुझे विश्वास है, हर देशवासी का प्रयास, इस अभियान को भी सफल बनाएगा।

त्योहारों पर वोकल फॉर लोकल को महत्व जरुरी : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि अब रक्षाबंधन जैसे त्योहार आ रहे हैं इसलिए इन त्योहारों के दौरान वोकल फॉर

लोकल पर जोर दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा आत्मनिर्भर भारत अभियान हर देशवासी का अपना अभियान है और जब त्योहार का माहौल है तो हमें अपनी आस्था के स्थलों और उसके आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ तो रखना ही है। प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया कि जब मौका मिले अपने देश की सुंदरता अपने देश की विविधता को जरूर देखने जाना चाहिए। चीजों या स्थानों को साक्षात खुद देखना, समझना और कुछ पल उनको जीना, एक अलग ही अनुभव देता है। कोई समंदर का कितना ही वर्णन कर दे लेकिन हम समंदर को देखे बिना उसकी विशालता महसूस नहीं कर सकते। कोई हिमालय का कितना ही बखान कर दे, लेकिन हम हिमालय को देखे बिना उसकी सुन्दरता का आकलन नहीं कर सकते इसलिए ही मैं अक्सर आप सभी से ये आग्रह करता हूँ कि जब मौका मिले, हमें अपने देश की सुंदरता अपने देश की विविधता जरूर देखने जाना चाहिए।

सबके प्रयास से मिली चंद्रयान 3 को सफलता

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि चंद्रयान-3 की सफलता देश की सामूहिक सफलता है और यह सफलता देश को सबके प्रयास से मिली है। श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात की 104वीं कड़ी में कहा कि चंद्रयान तीन की सफलता ने देश का गौरव बढ़ाया है और इस इस सफलता ने उत्सव को कई गुना बढ़ा दिया है इसलिए अभियान की सफलता की जितनी प्रशंसा की जाए उतना कम है। उन्होंने कहा, मिशन चंद्रयान-3 नए भारत की पहचान बना है। हम चंद्रमा पर इसलिए पहुंच पाए, क्योंकि आज हमारे सपने बड़े हैं और हमारे प्रयास भी बड़े हैं। चंद्रयान-3 की सफलता में हमारे वैज्ञानिकों के साथ ही दूसरे क्षेत्रो की भी अहम भूमिका रही है। श्री मोदी ने शायराना अंदाज में कहा, तेईस अगस्त को भारत ने और भारत के चंद्रयान अभियान ने साबित कर दिया है कि संकल्प के कुछ सूरज चांद पर भी उगते हैं। मिशन चंद्रयान, नए भारत की उस स्प्रिट का प्रतीक बन गया है, जो हर हाल में जीतना चाहता है और हर हाल में जीतना जानता भी है। भारत का मिशन चंद्रयान, नारीशक्ति का भी जीवंत उदाहरण है। इस पूरे मिशन में अनेकों महिला वैज्ञानिकों और इंजीनियर सीधे तौर पर जुड़ी रही हैं। उन्होंने अलग-अलग सिस्टम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर, प्रोजेक्टर मैनेजर ऐसी कई अहम जिम्मेदारियां संभाली हैं। भारत की बेटियां अब अनंत समझे जाने वाले अंतरिक्ष को भी चुनौती दे रही हैं। प्रधानमंत्री ने इस दौरान अपनी एक कविता भी सुनाई। उन्होंने कहा, जब आज आपसे बात कर रहा हूँ तो एक पुरानी मेरी कविता की कुछ पंक्तियां याद आ रही हैं.. आसमान में सिर उठाकर, घने बादलों को चीरकर, रोशनी का संकल्प ले, अभी तो सूरज उगा है। दृढ़ निश्चय के साथ चलकर, हर मुश्किल को पार कर, घोर अंधेरे को मिटाने, अभी तो सूरज उगा है। आसमान में सिर उठाकर, घने बादलों को चीरकर अभी तो सूरज उगा है।

संक्षिप्त खबरें

मुकेश के गाने गाकर दी श्रद्धांजलि

फतुहा। शहर में गंजपर स्थित सरगम संगीत सांस्कृतिक कला संस्थान में रविवार को देश के महान पार्श्व गायक स्व. मुकेश की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में संस्थान के गायकों द्वारा उनके गाए गीतों की एक से एक बढ़कर प्रस्तुति दी तथा गायक मुकेश के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके गीतों पर कलाकारों ने प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध भी कर दिया। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र विद्यार्थी ने किया। कार्यक्रम में धर्मेंद्र कुमार, सोनाली शर्मा, शशि शास्त्री व धीरज कुमार ने जहां मुकेश के गाये गीतों की प्रस्तुति दी, वहीं मोहम्मद शब्बीर, रंजय कुमार व रवि शर्मा ने संगीत इंस्ट्रूमेंट बजा लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

महिला यात्री से गले की चेन लेकर हुए फरार

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत रविवार को एक महिला यात्री को केमिकल से मधहोश कर उसके गले से सोने का चेन निकाल कर रास्ते में उतर कर फरार हो गये। पीडिता ने इस संबंध में लिखित शिकायत की है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में लगी है। बताया जाता है कि पूर्वी चंपारण के पीपरा थानान्तर्गत भरथुहिया निवासी पूर्व सैनिक शैलेन्द्र कुमार की पत्नी दुर्गावती देवी दानापुर के आर के पूरम में किराये पर रहती है। सब एरिया कैंटीन जाने के लिये घर से निकली थी। इसी क्रम में दुर्गावती देवी मैनपुरा से ऑटो पकड़ी। जिस पर पहले से चालक समेत पांच लोग बैठे थे। कुछ दूर जाने पर एक व्यक्ति ने उसके हाथ पर सफेद जैसा कुछ लगा दिया। जिसके बाद दुर्गावती मधहोश हो गयी और उसके गले से बदमाश ने सोने का चैन उतार उसे आगे जाकर केन्द्रीय विद्यालय के निकट उतार कर फरार हो गये। इस संबंध में पीडिता ने लिखित शिकायत की है। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है।

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मरीज को दी गई निशुल्क दवाई

दानापुर। नगर के अंतर्गत रविवार को स्वास्थ्य सेवा के उद्धेश्य से नगर के अंतर्गत नेऊरा गंज टिकौटपुर-सराय रोड में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जेपी इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद व मेडिकल साइंस द्वारा आयोजित निःशुल्क जांच शिविर में डा. ए के पाठक ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में जोड़ो का दर्द, बवासीर, स्त्री रोग और गैस कब्ज के लिए निःशुल्क जांच किया गया। चिक्तिसको ने कहा कि इस समय बीमारियों से बचने के लिए सावधानी रखने की आवश्यकता है। यदि समझदारी न दिखाई तो बीमारी का सामना करना पड़ सकता है। शिविर मरीजो के बीच निःशुल्क दवाओं का वितरण भी शिविर में किया गया। शिविर में डॉ अमरेंद्र कुमार, रागिनी, किरण, राजेंद्र राय, सत्येंद्र कुमार सिंह, सुमन कुमार, मकेश्वर कुमार उपस्थित थे। शिविर में करीब 180 मरीज की जांच की गई।

पार्षद ने किया सुल्तानगंज में पीसीसी निर्माण का शिलान्यास

पटना सिटी (प्राकि)। नगर निगम के वार्ड नंबर 51 के तहत विकास की गाड़ी खुल चुकी है। सुल्तानगंज थाना के पीछे सोनी साहब के घर से अशोक राजपथ तक पीसीसी सड़क का निर्माण होना है। बनने वाले सड़क का प्राक्कलन बने और नगर निगम से पास होने के बाद इस निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को पार्षद ज्योति रंजन दास उर्फ बैजू लाल दास के द्वारा किया गया। उन्होंने फावड़ा चला कर और नारियल फोड़ कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके बाद मौजूद लोगों और मजदूरों के बीच भी लड्डू का वितरण किया गया। इस मौके पर सुयश कुमार ज्योति, मोहम्मद इबरान साहेब, मोहम्मद जावेद, संजय यादव, रोहित यादव, सुधीर कुमार, भगवान यादव आदि मौजूद थे।

मानव शरीर एक मंदिर है, मांस व मदिरा से इसे गंदा नहीं करें

पटना सिटी, प्रातःकिरण संवाददाता परम संत बाबा जय गुरुदेव जी महाराज संस्थान, मथुरा के द्वारा एकदिवसीय सत्संग गायघाट के बजरंगपुरी में हुआ। अधिवक्ता रंजीत कुमार बिमल के प्रांगण में हुए सत्संग में मथुरा के प्रवचनकर्ता राकेश कुमार जी ने बाबा जय गुरुदेव के उपदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आवाह्न किया। किसी जीव-जंतु या मनुष्य को मारो नहीं, मनुष्य का शरीर परमात्मा का बनाया एक मंदिर है। इसे श्मशान घाट नहीं बनाएं। सबों को शाकाहारी बनने और हर नशापान से बचने की बात कही। परमात्मा का बनाया मनुष्य का शरीर एक मंदिर है। नशा, मांस और मदिरा से इसे गंदा नहीं करो।

नेत्र व अंग दान से दूसरों को मिलता है जीवन : सुशील मोदी

दोनों बेटे की सहमति से विधायक नंदकिशोर यादव ने की नेत्रदान करने की घोषणा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दृष्टिहीनों एवं पीड़ित मानवता के लिए ईश्वरीय कार्य किए जा रहे हैं। प्राचीन काल से ही भारत का परोपकार मंत्र रहा है सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया। समिति दधीचि ऋषि के नाम से दान देने प्रवृति दिखाई पड़ती है। यह बात पूर्व डिप्टी सीएम सह सांसद सुशील कुमार मोदी ने पाटलिपुत्र परिषद एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की सिटी शाखा की ओर से चौक स्थित जालान भवन में आयोजित प्रथम भारतीय अंगदान दिवस एवं नवम अंतरराष्ट्रीय अंगदान दिवस पर आयोजित संकल्प सह सम्मान समारोह का उद्घाटन करने के बाद कही। उन्होंने बताया कि महर्षि दधीचि, भगवान विष्णु एवं राजा सुवी अपने अंगों को दान कर मानव कल्यान के लिए समर्पित किया।

बिहार में लगभग 13 सौ लोगों का नेत्रदान हुआ, जिसमें 165 दधीचि देहदान समिति के सद्प्रयास से हुआ है। इस सेवा कार्य में बिहार में पटना सिटी सबसे आगे है। सांसद सुशील मोदी ने कहा कि श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज खुद, अपने पिता और पुत्रों की शहादत धर्म की रक्षा के लिए कर दिया उन्होंने लोगों को बताया कि नेत्रदान होगा तो आंख निकाल ली जाएगी ऐसा नहीं होता है आठ के आगे सफेद पतली एक झिल्ली है उसे ही निकल जाता है किसी की भी मौत के 4 से 6 घंटे के अंदर झिल्ली निकाल लिया जाए तो किसी दूसरे व्यक्ति जिसका कॉर्निया के कारण अंधापन है उसे लगने से वह दुनिया देख सकता है उन्होंने अनेक उदाहरण के तहत लोगों को समझाने और बताने का काम किया। श्री मोदी ने मंच से घोषणा की की भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के पटना सिटी शाखा के द्वारा ब्लड बैंक के लिए निर्मित होने वाले भवन और संसाधन के लिए वह अपने सांसद कोष से डेढ़ करोड़ रूपया देने को तैयार हैं हालांकि इसमें जमीन को लेकर कुछ तकनीकी बाधा है इसे लेकर आज शाम महामहिम के साथ बैठक होनी है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि इसका हल निकल जाएगा। कर्ता दधीचि देहदान के मुख्य संरक्षक ,पूर्व उपमुख्य मंत्री सह सांसद सुशील मोदी ,मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह पटना साहिब विधायक नंदकिशोर यादव , विशिष्ट अतिथि पदमश्री विमल जैन ने तुलसी पौधा में जलार्पण कर की। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह विधायक नंदकिशोर यादव ने कहा कि नेत्रदान-अंगदान का संकल्प लेना ही मंदिर दर्शन एवं सच्ची पूजा है। पीड़ित मानव के कल्याण के लिए लोगों को हाथ बंटाने की आवश्यकता है। उन्होंने अपना नेत्र दान की घोषणा की।

श्री यादव ने कहा कि इसकी घोषणा करने के पूर्व उन्होंने अपने दोनों पुत्र से सहमति ले ली है। विशिष्ट अतिथि समिति के महासचिव पद्मश्री बिमल जैन ने सभागार में उपस्थित जनों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि मृत्यु को जीवन का अंत न बनाएं, उठाएं कदम करें संकल्प अंगदान का चुनें विकल्प, का दिलाया संकल्प। महापौर सीता साहू ने भी लोगों को अंगदान एवं देहदान करने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि जल्द ही वह भी अपने परिजनों से परामर्श करने के बाद संकल्प पत्र भरने का काम करेंगी। पाटलिपुत्र परिषद के महासचिव संजीव कुमार यादव ने मंच संचालन करते हुए स्वागत भाषण किया। रेडक्रॉस पटना सिटी शाखा चेयरमैन गोविंद कनोडिया ने अतिथियों का अंग वस्त्र व बुके देते हुए शाखा के कार्यों का प्रतिवेदन पढ़ा। इस अवसर पर विशिष्ट एवं समस्तजनों ने देहदानी व नेत्रदानी सूची पट पर पुष्पांजलि कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। सांसद सुशील मोदी ने सिटी में नेत्रदान कराने वाले लोगों में पारस जैन, विवेक माथुर, संजीव यादव का नाम खास कर लिया, जिन्होंने नेत्रदान करने में अहम भूमिका निभाई है।

नेत्रदान-अंगदान के लिए संकल्प पत्र भरे सौ लोगो को प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र, पौधा एवं बैच भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा ने और धन्यवाद ज्ञापन रेडक्रॉस सिटी शाखा के सह सचिव अवधेश कुमार सिन्हा ने किया। मौके पर शिव प्रसाद मोदी, ललित अग्रवाल, पार्षद मुन्ना जायसवाल, शोभा देवी, मनोज मेहता के अलावा श्वेता कानोडिया, सरोज जायसवाल, रेखा सिन्हा, अलिसा सिन्हा, मनीष रौशन, संजीव देवड़ा, अर्चना देवड़ा, संजय बूबना, विनोद किसलय, राजेश कानोडिया, संजय अग्रवाल, सुषमा साहू, प्रदीप चौरसिया, शैलेश महाजन, राजकुमार गोयनका, भगवती प्रसाद मोदी, नैयर इकबाल, विवेक द्विवेदी, राजेश शर्मा, दीपक प्रसाद, जवाहर प्रसाद यादव, रजनीश रंजन, अनिता पांडेय, निशा मेहता सहित दर्जनों लोग संकल्प पत्र भरने वालों में शामिल थे।

फतुहा में सुना गया पीएम मोदी की मन की बात का 104 वां एपीसोड

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। नगर के देवीचक पंडित दीनदयाल उपाध्याय शक्ति केन्द्र के बूथ संख्या -272 पर भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, भाजपा महिला मोर्चा के जिला मंत्री पूनम केशरी, नगर मंत्री अनिल प्रेमी, प्रेमकांत केसरी, बांकीपुर गोरख स्थित भामा शाह शक्ति केन्द्र पर शक्ति केन्द्र प्रभारी सह जिला प्रवक्ता रामजी प्रसाद, ओबीसी के जिला उपाध्यक्ष रंजीत प्रसाद, नगर महामंत्री अनामिका अग्रवाल, इन्द्रावती देवी, उर्मिला देवी, विंदु देवी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी शक्ति केन्द्र कल्याणपुर में नगर उपाध्यक्ष रंजना पटवा, नगर उपाध्यक्ष अनुराधा सिंह, महाराणा प्रताप शक्ति केन्द्र दरियापुर पर भाजयुमो नगर अध्यक्ष सुरजीत कुमार, नगर मंत्री रवि प्रकाश, गढ़ोचक किसान मोर्चा के कार्यालय में किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष शिवनाथ यादव के अलावा गोविंदपुर में महिला मोर्चा के नगर अध्यक्ष अंजु मिश्रा, मां तारा उत्सव हॉल में नगर उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, सोराकोठी में भाजपा के जिला मंत्री शोभा देवी, सोनारू में महिला मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रतिमा पाण्डेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 104 वां मन की बात का संबोधन सुना।

गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ में एक बार फिर रोड धंसा

बालू लदा हाइवा का पिछला चार पहिया धंसा, लोगों में आक्रोश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बुडको ने पटना सिटी में सीवरेज का काम करने के लिए नमामि गंगे परियोजना के तहत जिस एजेंसी को काम सौंपा, वह काम तो किया, मगर जैसे-तैसे निबटा दिया। पटना में काम करने का तरीका उसका कुछ और रहा और सिटी में कुछ और। आज भी सिटी के प्रमुख पथ, संपर्क पथ, अशोक राजपथ की स्थिति ऐसी है कि रोड पर चलना खासा दूभर है।

गलियों की बात तो छोड़ दी जाए। गलियों में तो आज भी हर आयु वर्ग के महिला और पुरुष वाहन के गिरने से या पैदल चलने के दौरान गड्ढे में गिर या ठोकर लगने से घायल हो रहे हैं। दूसरी ओर जगह-जगह सड़क धंसने का सिलसिला भी जारी है। अगमकुआं शीतला माता मंदिर-छोटी पहाड़ी रोड के बीच सबसे पहले रोड का धंसान हुआ था। इसके बाद गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ, गुरु का बाग- एनएच 30 लिंक रोड के बाद एक बार फिर गुरु गोविंद सिंह लिंक पथ के चौकशिकारपुर आरोबी के दक्षिणी फ्लैंक के बायीं ओर रोड धंस गया। बालू लदा 12 पहिया का हाइवा उस रास्ते से गुजर रहा था कि अचानक उसका पिछला दो पहिया सड़क के अंदर समा गया। इस कारण से उधर से आवागमन खासा प्रभावित हो गया। अर्ध ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण वहां लोगों की भीड़ जुट गई। बाद में पार्षद तारा देवी व उनके पुत्र रवि रोशन मेहता, संतोष कुमार गिरि आदि पहुंचे। हाइवा पर लदा बालू को ट्रैक्टर की मदद से खाली कराया गया। इसके बाद क्रेन और अन्य वाहन की मदद से किसी तरह से हाइवा को बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों का आरोप था कि सीवरेज निर्माण के लिए नमामि गंगे परियोजना के तहत बुडको ने जिस एजेंसी को काम सौंपा है, वह जैसे-तैसे गड्ढे को भर दिया। गड्ढा करने के बाद जहां चैंबर बनाया गया, उसके अगल-बगल जिस प्रक्रिया के तहत उसे भरा जाना चाहिए था, ऐसा नहीं किया गया। यही नहीं, सड़क या गली में सीवरेज निर्माण का काम किए जाने के बाद उसे समतल भी किया जाना है, मगर ऐसा काम कर रही एजेंसी के द्वारा नहीं किया गया। इसी का परिणाम है कि आज जगह-जगह रोड धंस रहा है। अशोक राजपथ, सुदर्शन पथ, शेरशाह पथ से लेकर संपर्क पथ एवं गलियों में अब भी उबड़-खाबड़ की स्थिति देखी जा सकती है। बना हुआ चैंबर गड्ढा में है या फिर सड़क के लेवल से वह कम से कम आधा से एक फीट ऊंचा है। यह पैदल चलने वाले और वाहन चालकों के लिए भी हमेशा खतरा बना रहता है।

मनाई गई सुभाष चन्द्र बोस की 85वां स्मरणोत्सव

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर खगौल। नगर के अंतर्गत कच्ची तालाब छोटी खगौल स्थित सामुदायिक भवन में कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद रामकृपाल यादव ने नेताजी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किये।कार्यक्रम की अध्यक्षता स्मरणोत्सव के संयोजक प्रसिद्ध यादव ने किऐ साथ ही स्वागत भाषण नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार ने किया।कार्यक्रम का प्रारम्भ राष्ट्रगान से शुरू हुआ। सांसद रामकृपाल यादव ने नेताजी के स्मृतियों को संजोने के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के तैल चित्र पर अतिथियों द्वारा पुष्पांजलि दिया गया।इस मौके पर 27 अगस्त 1939 को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के खगौल में दिए गए भाषण की वॉयस रिकॉर्डिंग को सभागार में बैठे लोगों को सुनाया गया जिसके अंश इस प्रकार हैं -मैं सुभाषचंद्र बोस आज आर्यभट्ट की ज्ञान की भूमि,चाणक्य की तपोभूमि खगौल में आपलोगों के समक्ष प्रतिज्ञा करता हूँ कि भारत माता को मैं गुलामी की जंजीरों में बंधा हुआ नहीं देख सकता हूँ और मैं इसे आजाद कर के हीं दम लूंगा। इस सभा में तीन प्रस्ताव पारित किया गया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसमें प्रमुख प्रस्ताव नेताजी सुभाष चंद्र बोस के स्मृतियों का संरक्षण, महात्मा गांधी, आर्यभट्ट, चाणक्य,नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के स्मृतियों का संरक्षण है सुभाष चन्द्र बोस के प्रशस्ति चिन्ह देकर अतिथियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में देवकिशुन ठाकुर, भाई सनोज यादव, नवाब आलम भरत पोद्दार, अशोक नागवंशी,राकेशकुमार,राजकिशोर गुप्ता, देवेंद्र कुमार घुटुक,चंदू प्रिंस शोएब कुरैशी कार्यक्रम के समापन परशुराम गुप्ता ने किऐ।

जत्थेदार बलदेव सिंह के स्वस्थ होने पर शुकराना व आरोग्यता को अरदास

तख्तश्री पटना साहिब में अखंड पाठ की समाप्ति के बाद कथा, लंगर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के जत्थेदार सह मुख्य ग्रंथी ज्ञानी बलदेव सिंह के स्वस्थ होने पर गुरु महाराज का शुकराना अदा करने एवं उनकी देह की आरोग्यता के लिए श्री अखंड पाठ दो दिनों पूर्व रखा गया था। इसका रविवार को समापन हुआ। दरबार साहिब के सटे गुंबद में श्री अखंड पाठ की समाप्ति के बाद आरती एडिशनल हेड ग्रंथी भाई दिलीप सिंह के द्वारा की गई।

इसके बाद उन्होंने अरदास किया। इसके बाद कथावाचक दलजीत सिंह, गगनदीप सिंह, सतनाम सिंह एवं चरणजीत सिंह ने कथा कही। दरअसल ज्ञानी बलदेव सिंह को हृदय से संबंधित परेशानियां थीं। इसका सफलतापूर्वक ऑपरेशन के बाद उन्हें दो स्टंट भी लगाया गया है। वापस पटना साहिब लौटने के बाद चिकित्सकों के परामर्श के अनुसार उन्होंने आराम किया। इसके बाद चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें अपना कार्य शुरू करने को कहा। तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी और समूह स्टाफ के सद्प्रयास से श्री अखंड पाठ रख महाराज के प्रति शुकराना और ज्ञानी बलदेव सिंह के देह की आरोग्यता को लेकर रखा गया था। इस धार्मिक आयोजन में तख्तश्री पटना साहिब के पांच प्यारों में शामिल परशुराम सिंह, गुरदयाल सिंह, अमरजीत सिंह, जसबंत सिंह के अलावा सभी ग्रंथी, सेवादार, रागी, गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत के स्थानीय प्रमुख बाबा गुरविंदर सिंह, तख्तश्री कमेटी के सचिव हरबंश सिंह, सदस्य राजा सिंह के अलावा दीपक लांबा, मनोहर सिंह बग्गा, नवराज सिंह हैप्पी, त्रिलोक सिंह, राजेश सिंह अकाली, तेजेंद्र सिंह बंटी, दलजीत सिंह, हरजीत सिंह, बलवीर सिंह कालरा, पपिन्द्र सिंह, मंजीत सिंह, महाकांत राय, बलराम सिंह, बलबंत सिंह खालसा, शोभा कौर आदि शामिल थे।

जैन मंदिर में आयोजित हुआ विधान व वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

हाजीगंज के लंगूर गली स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में रविवार को यागमंडल विधान व वेदी शुद्धि महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें सुबह जैन समाज द्वारा भगवान की प्रतिमा पर जलाभिषेक व शांतिधारा किया गया। श्री गुरारा मंदिर विकास समिति के तत्वावधान में मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ का महामस्तकाभिषेक व शांतिधारा हुआ। मध्यप्रदेश के मुरैना से आए बाल ब्रह्मचारी संजय भैया जी के निर्देशन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मीडिया प्रभारी प्रवीण जैन ने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ वेदी में स्वर्ण पेंटिंग व नक्काशी का नव सौंदर्य रूप देने के साथ मंदिर को आकर्षक रूप देने के बाद विशेष पूजा-पाठ आयोजित किया गया। सौंदर्यीकरण के बाद सभी जिन प्रतिमाओं को जैन श्रद्धालुओं ने बारी-बारी समोशरण वेदी पर स्थापित किया। श्रद्धालुओं ने यागमण्डल विधान में अर्घ्य समर्पित कर प्रभु की आराधना की। मंत्रोच्चारण के स्वर गूंजते रहे और महाआरती के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके बाद सभी भक्तों के लिए साधर्मी वात्सल्य अल्पाहार का वितरण किया गया।

49 लोगों ने अन्य की जान बचाने को किया रक्तदान

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। रक्तदान महादान है और इससे बड़ा दान कोई नहीं है। आपके द्वारा किए गए रक्तदान से तीन लोगों की जिंदगी बचती है। आज जिन्हें भी रक्त की जरूरत पड़ती है, तो न इसका उत्पादन फैक्ट्री में होता है। इसका उत्पादन सिर्फ रक्तदान के द्वारा ही आम लोगों से ब्लड लेकर किया जा सकता है।

इसलिए आज के दिन हर व्यक्ति को रक्तदान के लिए आगे बढ़ना चाहिए। उक्त बातें बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन पटना सिटी शाखा और मारवाड़ी सेवा समिति पटना सिटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेरा लहू देश के नाम मेगा रक्तदान शिविर में अतिथियों ने कही। चौक स्थित मुरारका कंपाउंड के बाहर आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन महापौर सीता साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहायक आरक्षी अधीक्षक शरथ आरएस, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी शशिशेखर रस्तोगी व अध्यक्ष शिवप्रसाद मोदी उपस्थित थे। मां ब्लड बैंक, पटना के सहयोग से रक्तदान कराया गया। समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा ने और आगत अतिथियों का स्वागत सचिव राजकुमार गोयनका व संयोजक विकास जालान ने किया। इस अवसर पर 49 लोगों ने रक्तदान में हिस्सा लिया। शिविर का जायजा लेने के लिए बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी भी पहुंचे और युवाओं का हौसला बढ़ाया।

भारतीय सूढी उत्थान संगठन द्वारा अभियान प्रयास के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

लोगों के जागरूकता से समाज संगठित हो सकती है : डॉ अविनाश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। भारतीय सूढी उत्थान संगठन पटना बिहार रविवार को स्थान खाजेकला पानी टंकी रतन पैलेस में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ अविनाश प्रसाद ने प्रचार प्रसार पर लोगों तक घर घर पर पहुंचने के विषय में चर्चा किया गया। ताकि लोगों को ध्यान अपने समाज के प्रति जागरूक हो सकें। संगठन के अध्यक्ष विनोद शौण्डिक ने कहा हमारे समाज के नीचे और मध्य वर्ग से मिलकर उनकी समस्या को समझना होगा। संगठन को बल देने के लिए उन्होंने चार पंतिया के मध्यम से समाज के लोगों को ऊजार्वान किया। "टुटे हूऐ सपने सूने कौन सिसकी अंतर चीर व्यथा पलकों पर ठिठकी। हार नहीं मानुगा रार नहीं ठानुगा । काल के कपाल पर, लिखता मिटाता हूं गीत नया गाता हूं गीत नया गाता हूं।" वही महासचिव दिलीप कुमार ने कहा की समाज के लोगों को जन कल्याण के लिए गंभीर होना होगा, संकल्पित होना होगा की नई पीढ़ी को मेडिकल, शिक्षा में लाने के लिए लोगों को आगे आना होगा, ताकि समाज में लोग को बेहतर से बेहतर मदद मिल सके। आनन्द कुमार, हरि जी, गोपाल प्रसाद, सुजीत कुमार, नील कमल, ब्रजेश राजकुमार, अजीत, राकेश कुमार, अनुज, सूजीत, मोहित, अभय, नारायण, देवी सर, संजय, नवीन, दयाशंकर, सैकड़ों लोगों मौजूद थे, कहा हम एक हैं एक रहेंगे और अपने समाज को अति पिछड़ा वर्ग में लाकर ही दम लेंगे।

फादर ने माताओं के संबल, त्याग व बलिदान के बारे में बताया

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पादरी की हवेली स्थित महागिरजाघर में संत मोनिका के पर्व एवं धन्य मदर टेरेसा के जन्म दिवस के उपलक्ष में मदर्स डे का आयोजन किया गया। इस दौरान मिस्सा पूजा एवं अन्य कार्यक्रम मनाया गया। ईसाई माताएं चली आ रही प्रथा के अनुसार संत मोनिका को अपना आदर्श और संरक्षक मानती हैं। आज का पवित्र दिन आराधना नृत्य से प्रारंभ हुआ।

इस महान दिन के पवित्र मिस्सा बलिदान को फादर जीवन के द्वारा चढ़ाया गया। उन्होंने अपने प्रवचन में बाइबल के पुराने और नए व्यवस्थान के अध्याय से अनेक उदाहरण देते हुए माताओं के संबल, त्याग और बलिदान के बारे में बताया। इस मिस्सा बलिदान में अनेक माताएं उपस्थित थीं। सहायक पल्ली पुरोहित और अन्य फादरगण, मिशनरी ऑफ चैरिटी की धर्म बहनें एवं माता सदा सहायिका की धर्म बहनें भी उपस्थित रहीं। साथ ही सेंट ऐन्स हाई स्कूल,जीसस एंड मैरी अकेडमी, लॉर्ड जीसस स्कूल, सेंट स्टीफंस स्कूल, माउंट एसीसी स्कूल, लिटल फ्लावर्स स्कूल, सेंट पॉल्स स्कूल के निदेशक एवं ईसाई शिक्षकगण भी इस पर्व को मनाने के लिए उपस्थित रहे। मिस्सा के बाद पल्ली पुरोहित फादर प्रवीण ने सारी माताओं को एवं अन्य लोगों को बधाई दी। पैरिस काउंसल, युवा बच्चे एवं नर्स बहनों ने माताओं के प्रति समर्पित गाना प्रस्तुत किया। पूजन विधि के अंत में सारे पल्ली वासियों के बीच केक काट कर मदर्स डे मनाया गया। इसके बाद लोगों ने एक साथ भोजन कर इस दिन को यादगार बनाया। विदित हो कि मदर टेरेसा अपने शुरूआती दिनों में पादरी की हवेली स्थित महागिरजाघर में ही नर्सिंग की ट्रेनिंग ली थी। आज भी यहां उनकी याद में वह कमरा और सामान सुरक्षित है।

पालीगंज में मद्धनिषेध पुलिस पर हुए हमले की जांच डीएम ने किया

पालीगंज/ अनुमण्डल सह प्रखण्ड क्षेत्र के नरौली मठिया गांव स्थित मुशहरी मे शनिवार की शाम मद्धनिषेध पुलिस व ग्रामीणों के बीच हुई झड़प में एक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी। वही मद्धनिषेध के तीन पुलिसकर्मी भी घायल हो गए व बिभाग की चार वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गयी थी। जिजकी सूचना पाकर रविवार को नरौली मठिया गांव पहुंचे पटना डीएम व एसएसपी ने मामले कि जांच किया।

जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम मद्धनिषेध की टीम पालीगंज अनुमण्डल सह प्रखण्ड क्षेत्र के नरौली मठिया गांव में छापेमारी करने गयी थी। जहां टीम में मौजूद मद्धनिषेध के पुलिसकर्मियों को ग्रामीणों के साथ झड़प हो गयी। जिसके दौरान उसी गांव के दिव्यांग महेन्द्र मांझी के 40 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी पुलिस की पिटाई से बेहोश होकर गिर पड़ी। वही टीम में मौजूद जवान महेश प्रसाद, जितेन्द्र यादव व सुजीत कुमार चोटिल हो गया। साथ ही मद्धनिषेध की चार वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दी गयी। वही घटना में चोटिल जवानों को पालीगंज पीएचसी में इलाज कराया गया जबकि घायल महिला सुनीता देवी को पालीगंज अनुमण्डल अस्पताल से डॉक्टरों द्वारा पटना पीएमसीएच रेफर कर दी गयी है। वही घटना की सूचना पाकर पटना डीएम चंद्रशेखर कुमार ने घटना की जांच के लिए रविवार को नरौली मठिया गांव पहुंचे। जहां उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि पूरी घटना में संलिप्त छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सभी पर कार्यवाई करने का आदेश दिया गया है। साथ हो निर्दोष लोगों के खिलाफ कोई कार्यवाई नही किये जाने का निर्देश दिया गया है। वही मद्धनिषेध कार्यालय में ही पैसे की लेन देन व शराब पिये जाने की बात पूछी जाने पर डीएम ने कहा कि इसकी भी जांच किया जाएगा। वही पालीगंज एसडीएम जयचंद यादव ने बताया कि नरौली मठिया गांव में छापेमारी अभियान चलाई गई है। जिसके दौरान एक घर से 13 बोरी मीठा व पूरे छापेमारी के दौरान आठ सौ से साढ़े आठ सौ के करीब मिटी के अंदर छुपाई गयी शराब ध्वस्त किया गया है। शराब बनाने की कुछ बरतने भी बरामद हुई है। अनुमण्डल अस्पताल में इलाजरत महिला के घर से सवा दो सौ लीटर शराब बरामद हुई है। वही ग्रामीणों ने बताया कि मद्धनिषेध पुलिस छापेमारी के नाम पर बगैर महिला पुलिस लिए गांव में आई तथा घर के बाहर बैठे लोगों के साथ मारपीट करने लगी।

बोल बम के जयकारा से पूरी रात गूंजा अशोक राजपथ

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सावन माह की अंतिम सोमवारी को लेकर भक्तों में खासा उत्साह देखा गया। अशोक राजपथ पर पूरब और पश्चिम दोनों और पूरी रात श्रद्धालुओं का जाना जारी रहा। इस दौरान भक्ति गीत और जयकारा से यह रास्ता गुंजायमान रहा। शिव भक्तों की सेवा के लिए जगह-जगह सेवा शिविर भी लगाया गया। महात्मा गांधी सेतु पर बोल बम का नारा लगाते हुए जाने वाले लोगों की संख्या अधिक रही। कारण कि कुछ लोग मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ और कुछ सोनपुर के बाबा हरिहरनाथ जलार्पण करने को जा रहे थे। इस कारण से सेतु पर वाहनों का परिचालन भी प्रभावित हुआ। इधर पूर्व की ओर बैकठपुर में बाबा के शिवलिंग पर जलार्पण करने के लिए भी जत्था में लोगों के जाने का क्रम मध्य रात्रि के बाद तक जारी रहा। इधर गायघाट स्थित गौरीशंकर मंदिर, माल्य महादेव मंदिर, पीतल के महादेव, तिलकेश्वरनाथ मंदिर, बाबा थानेश्वरनाथ मंदिर, अलखिया बाबा का मंदिर सहित अन्य शिवालियों में कल सुबह पूजा-अर्चना, भोग, आरती के बाद भक्तों के पूजा-अर्चना के लिए पट खोल दिया जाएगा। बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन एवं मारवाड़ी सेवा समिति की सिटी शाखा के द्वारा चौक पर कांवरियों की सेवा के लिए शिविर लगाया गया। यहां शिव प्रसाद मोदी, संजीव देवड़ा, राजकुमार गोयनका, सादा ठंडा पानी, चाय, फल आदि के साथ ही प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी कर रखी थी।

जातिगत जनगणना मामले पर पीएमओ गुनाहगार : मनोज झा

- बोलें- आरक्षण की व्यवस्था के लिए आकड़ो का होना आवश्यक

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार झा ने केन्द्र सरकार व पीएमओ पर जमकर हमला बोला है। रविवार को संवादादाता सम्मेलन में कहा कि जातिगत जनगणना के मामले में प्रधानमंत्री कार्यालय गुनाहगार है। जब जातिगत जनगणना कराने के मामले में बिहार के प्रतिनीधिमंडल प्रधान मंत्री से मिलने गया उसके बाद से नरेन्द्र मोदी चुप्पी साधे रहे। और पीएमओ आरएसएस की सोच के दायरे से बाहर नहीं निकल पा रही है। जहां मंडल कमीशन के रिर्पोट 1931 के जनगणना के अनुसार 52 प्रतिशत पिछडों की आबादी थी जिसमें 27 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई क्योंकि इन्दिरा साहनी की रिर्पोट के आधार पर 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं देने का लक्ष्मण रेखा था। आगे कहा कि आबादी के अनुरूप आरक्षण की व्यवस्था के लिए आकड़ो का होना आवश्यक है। इसके लिए बिहार ने जातिगत जनगणना के मामले पर पहल की और आकड़े ईकठे करने का कार्य शुरू किया लेकिन प्रधानमंत्री कार्यालय की भुमिका से युथ फॉर इक्वालिटी समता मुलक समाज की अवधारणा से लोगों को दूर रखना चाहती थी।

और इस संस्था को हाई कोर्ट में मामला को ले जाकर रूकवाया जब ये मामला हाई कोर्ट से रूका, तो भाजपा कार्यालय में मिठाईया बंटी। इस मामले में पैरवी के लिए मुकुल रोहतगी को किसने खडा किया ये सबको पता है कि प्रधानमंत्री कार्यालय के ईशारे पर इन्होनें इसका विरोध किया। साथ ही सोलिस्टर जनरल तुषार मेहता के द्वारा इस मामले में जो बाते रखी गई ये जन आकांक्षा की बडी लकीर को कुन्द करने की साजिश है, जबकि सामाज अपना अधिकार चाहता है। लेकिन केन्द्र सरकार ने जो कार्य किया वो जनआकांक्षा के खिलाफ है। मनोज झा ने आगे कहा कि सरकार का काम झुनझुना बजाना या नाम बदलना नहीं होता है। सरकार का काम होता हैं जनता के प्रति प्रतिबद्धता लेकिन उसके खिलाफ जा कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह इन सारे साजिशों के पिछे लगे रहे जिस दिन से सोलिसिटर जेनरल तुषार मेहता सामने से आ गये तो अब लगता है कि इस मामले में फ्रंट डोर से इसका विरोध किया जा रहा है। हर जातियों के दस्तावेज हमारे बजट योजना और नीतियों का आधार होगा जो लोगों को हक और अधिकार देने में मदद करेगा। इन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के द्वारा हर राज्यों में ऐसी व्यवस्था के पक्ष में है जो लोगों को हक और अधिकार दे जिस तरह की केन्द्र के द्वारा साजिश चल रही है उससे ऐसा लगता है कि राजनीति के माध्यम से संविधान को कुन्द करने की योजना है और इसमें पीएमओ भी शामिल है। आगे कहा कि मुजफ्फर नगर में जिस तरह से मुस्लिम बच्चे पर टीचर के द्वारा जहर का बीज बोया गया और बच्चो से पिटवाकर मानसिक प्रताडना दी गई ये सभी कहीं न कहीं टेलीविजन पर शाम होते ही जो नुमाईस की जाती है और जिस तरह से धर्म के नाम पर जहर का बीज बोया जाता है ये उसी का नतीजा है। हम सभी को इसके खिलाफ मिलकर देशहित में खडा होना होगा। अवसर पर संवादादाता सम्मेलन में प्रदेश राजद अध्यक्ष जगदानन्द सिंह, राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, बिन्नू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष वृषिण पटेल, राष्ट्रीय प्रवकता प्रो नवल किशोर यादव, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रवक्ता एजाज अहमद, अजय कुमार सिंह, ऋषि मिश्रा सहित अनेक गणमानय नेतागण उपस्थित थे।

दोरंगी नीति पर कार्य कर रही यूपी सरकार : श्रवण

बोलें- बिहार में सबसे कम कीमत पर किसानों को उपलब्ध कराई जा रही बिजली

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। ग्रामीण विकास मंत्री सह जनता दल यूनाईटेड के उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार ने केन्द्र सरकार व यूपी सरकार पर जमकर हमला बोला है। रविवार को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन मंत्री श्रवण कुमार ने उत्तर प्रदेश की वर्तमान बीजेपी सरकार पर हमला करते हुए कहा कि यहां की सरकार दोरंगी नीति पर कार्य कर रही है। तुष्टिकरण की नीति अपना कर यहां की भाजपा सरकार समाज के कुछ खास वर्ग के लोगों के बीच ही अपनी पहचान बनाने का प्रयास कर रही है, लेकिन जनता उनके इस प्रयास को जानती एवं पहचानती है तथा उनका यह कुत्सित प्रयास किसी भी मामले में सफल नहीं होने वाला है। वहीं, मंत्री श्री कुमार ने बिहार सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि बिहार में किसानों के हित एवं कल्याण के लिए अब बिहार राज्य में चौथा कृषि रोड मैप लागू होने वाला है। किसानों को फसल क्षति योजना, फसल बीमा योजना, डीजल अनुदान योजना, उत्तम बीज योजना एवं कृषि यंत्रों के क्रय हेतु अनुदान योजना से आच्छादित किया गया है। जिसका लाभ राज्य के किसान ले रहे हैं। वर्तमान समय में बिहार में खरीफ मौसमों के फसलों में अल्प वृष्टि के कारण सूखे जैसी स्थिति को देखते हुए सरकार द्वारा डीजल अनुदान योजना लागू की गई है। इसके अलावा किसानों को कृषि कार्य हेतु बिजली उपलब्ध कराई जा रही है, तथा यह सुविधा देश भर में सबसे कम कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही है। कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच का ही यह परिणाम है कि बिहार की जनता को, किसानों को, नौजवानों को किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं होती है। श्री कुमार ने कहा कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू की गयी है, जिससे समाज में काफी बदलाव आया है। बिहार सरकार को शराबबंदी से राजस्व के मामले में घाटा जरूर हुआ है लेकिन समाजिक स्तर पर महिलाओं के सम्मान में वृद्धि हुई है। बिहार सरकार द्वारा राज्य स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में जीविकोपार्जन के संसाधनों को बढ़ावा देने हेतु जीविका परियोजना की शुरूआत की गई है। इस परियोजना द्वारा स्वयं सहायता समूह का गठन कर उनके सदस्यों को रोजगार हेतु प्रेरित किया जाता है। अब तक 10 लाख 47 हजार स्वयं सहायता समूह का गठन किया जा चुका है एवं इसमें एक करोड़ 30 लाख सदस्य बने हैं, जिन्हें जीविका दीदी के नाम से जाना जाता है। अब तो बिहार सरकार ने यह निर्णय लिया है कि जीविका दीदियों का सहयोग अस्पताल में चलने वाली रसोई में भी लिया जाए। इससे महिलाओं के उत्थान में एक बड़ा जबरदस्त बदलाव आया है।

जातीय गणना की रिपोर्ट 24 घंटे में जारी करे सरकार : सम्राट

- पूछे सवाल - अति पिछड़े आयोग की रिपोर्ट क्यों नहीं जारी हुई

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने रविवार को आरक्षण और जातीय सर्वेक्षण को लेकर राज्य सरका पर जोरदार निशाना साधा। रविवार को प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में महिलाओं के प्रति सशक्तिकरण को लेकर पूरी चर्चा की। देश में खेल को बढ़ाने और इसे प्रेरित कर आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा की। उन्होंने मेघालय के विकास और नार्थ ईस्ट की बात की तो देश के गौरवशाली इतिहास की चर्चा करते हुए चंद्रयान से लेकर चंद्रयान 3 तक चर्चा की। प्रधानमंत्री ने मेरा माटी, मेरा देश की कल्पना के तहत शहीदों के घरों से मिट्टी (शहर में चावल) लेने की भी चर्चा की। भाजपा पर जातीय सर्वेक्षण का विरोध करने से संबंधित एक सवाल पर श्री चौधरी ने भड़कते हुए कहा कि मंडल कमीशन में लालू प्रसाद का कोई योगदान नहीं था। वी पी सिंह उस समय पीएम थे और भाजपा के 83 सांसदों के समर्थन से कमीशन की रिपोर्ट संसद में पारित हुआ। उन्होंने कहा कि जो आज चर्चा कर रहे हैं उन्हें जानना चाहिए कि 1977 में मंडल कमीशन आयोग बना और कांग्रेस इसकी रिपोर्ट 12 सालों तक लागू नहीं होने दी। कांग्रेस को इसका जवाब देना चाहिए। भाजपा के नेता ने आगे सवाल करते हुए कहा कि जातीय गणना की रिपोर्ट जारी करने से किसने रोका है? भाजपा तो कह रही है कि 24 घंटे के अंदर इसकी रिपोर्ट जारी हो। श्री चौधरी ने आगे कहा कि पिछले साल सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के आदेश के बाद अति पिछड़ा आयोग बनाया गया, चुनाव भी हो गया, लेकिन अब तक रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं किया गया। बिहार में जातीय गणना का बजट भी तब पास हुआ जब भाजपा के 16 मंत्री थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को मुख्य रूप से भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद राधामोहन सिंह, पूर्व सांसद वीरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, अरविंद शर्मा, प्रियंवदा केसरी, राकेश कुमार सिंह, राजेश कुमार झा, प्रवीण चंद्र राय पटेल, नितिन अभिषेक, शीला कुशवाहा प्रोफेसर गणेश प्रसाद सिंह आशुतोष शाही, आनंद पाठक सहित सैकड़ो कार्यकताओं ने सुना मन की बात।

चन्द्रयान-3 से जुड़े कर्मियों के बकाए तनख्वाह पर केन्द्र खामोश क्यों : उमेश

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जनता दलयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा के नेतागण चन्द्रयान-3 की सफलता का श्रेय मोदी के झोली में डाल रहे है मगर चन्द्रयान-3 के लॉन्चिंग पैड सहित तमाम जरूरी उपकरणों को बनाने वाली एचईसी कंपनी के इंजीनियरों, अफसरों एवं कर्मियों को विगत 18 महीनों से तनख्वाह नहीं मिला है। एचईसी कंपनी केंद्र सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आती है। सफलता का श्रेय लेने के लिए कतार में सबसे आगे खड़े होने वाली मोदी सरकार तनख्वाह के सवालों पर खामोश क्यों है? प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और पूरे देश को शर्मसार करने वाला विषय है कि जिन वैज्ञानिकों एवं कर्मियों के लगन से आज पूरे विश्व में हिंदुस्तान की वाहवाही हो रही है उन्हीं कर्मियों एवं वैज्ञानिकों को रोजी रोटी के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है। एचईसी के कर्मचारी अपने वेतन के लिए एक वर्ष से आंदोलन कर रहे हैं, कई बार उन्होंने धरना-प्रदर्शन के माध्यम से भी मोदी सरकार को जगाने का प्रयास किया और केंद्र सरकार के भारी उद्योग मंत्री से भी मिलकर कम्पनी के कर्मचारियों ने अपनी बात रखी मगर अब तक समाधान के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। मोदी सरकार के नकारेपन और निर्लज्जता का इससे पुख़्ता मिसाल कुछ भी नहीं हो सकता। श्री कुशवाहा ने बताया कि 22 हजार कर्मचारियों के साथ 1963 में शुरू हुई एचईसी कंपनी में अब सिर्फ 3400 ही कर्मचारी बचे हैं जिनमें से 3000 कर्मचारियों का वेतन पिछले 18 महीनों से लंबित है। भाजपा की मोदी सरकार रोजगार और उद्यमों से सम्बंधित बड़े बड़े दावे करती रही है मगर असलियत आज देश की जनता के सामने है। मोदी सरकार का सारा फोकस सिर्फ. अपने प्रचार-प्रसार पर होता है, आम लोग किन परिस्थितियों में जीवन बसर कर रहे हैं इससे सरकार का कोई वास्ता नहीं है।

कचरे को रिसाइकल करके कंचन बनाएं : नीतू नवगीत

- स्वच्छता के क्षेत्र में है स्टार्टअप के लिए अपार अवसर : आनंद

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान टीम द्वारा स्टार्टअप इनक्यूबेशन सेंटर जीरो लैब में स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जीरो लैब की दीप्ति आनन्द और शिखा सिंहा तथा पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने किया। कार्यक्रम में दीप्ति आनंद ने कहा कि पूरी दुनिया में कचरा एक बड़ी समस्या के रूप में सामने आया है। समंदर की अतल गहराइयों में कचरा है तो माउंट एवरेस्ट के आसपास के एरिया में भी गंदगी बढ़ी है। नई समस्याएं नया समाधान चाहती हैं। स्टार्टअप के क्षेत्र में काम कर रहे लोग कचरा निष्पादन को एक चैलेंज के रूप में लें और इनोवेटिव आइडिया के साथ रिफ्यूज, रिफ्यूज और रीसायकल के सिद्धांतों पर चलते हुए नए प्रोडक्ट डेवलप करें। पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नीतू कुमारी नवगीत ने स्टार्टअप इकाइयों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि नई सदी की नई चुनौतियां का सामना करने के लिए नए रास्तों की खोज करें। धरती की खूबसूरती को बचाए रखने के लिए पर्यावरण हितैषी तरीके से कचरा का निपटारा करना जरूरी है। जन जागृति उसी का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता जागरूकता अभियान में वेस्ट टु वेल्थ की अवधारणा दी गई है। यानी हमें कचरा को कंचन में तब्दील करना है। यह एक चैलेंजिंग काम है। और जहां चैलेंज है वहां स्टार्टअप की जरूरत है। नीतू नवगीत ने सभी स्टार्टअप इकाइयों के प्रतिनिधियों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने स्वच्छता जागरूकता के गीत गाए और कहा कि जनमानस को बदलने में पारंपरिक गीतों की बड़ी भूमिका होती है। कार्यक्रम में रमना पटेल, शम्श पांडेय, प्रिया गुप्ता, अमन कुमार, लालू कुमार, मनीश, निशांत कुमार, अंकित गौतम, जानकी किशोरी, वर्षा विश्वास, आर्यन विश्वास, गौरव, समीर कुमार, राखी देवी, पवन कुमार, आलोक पांडे, शानू कुमार, संजीव कुमार पांडेय, शिवसागर तिवारी आदि ने हिस्सा लिया।

दानापुर नगरपरिषद में जल जमाव के लिए बुडको जिम्मेदार : रामकृपाल

पूर्व केन्द्रीय मंत्री सह पाटलिपुत्र के सांसद ने जलजमाव क्षेत्र का लिया जायजा

- बोलें- कछुआ की गति से काम करता है बुडको

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री और भाजपा सांसद राम कृपाल यादव ने आज दानापुर नगर परिषद के वार्ड 20, 21, 22, 35, 37, 38, 39 के विभिन्न इलाकों के जल जमाव वाले क्षेत्रों का जायजा लिया। सांसद के साथ नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी जगरनाथ प्रसाद यादव और सिटी मैनेजर अमरेंद्र सिंह भी साथ थे।

सांसद ने कहा की वर्ष 2019 में दानापुर में हुए भीषण जल जमाव के बाद मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में मैंने दानापुर के 9 प्रमुख नालों के निर्माण का मामला मैंने उठाया था। उसके बाद नगर विकास सचिव, जिलाधिकारी पटना की उच्चस्तरीय टीम ने स्थल भ्रमण कर 9 नालों के निर्माण की अनुशंसा की थी। उसके बाद योजना की स्वीकृति मिली थी। निर्माण का जिम्मा बुडको को दिया गया था। लेकिन बुडको कछुआ की चाल से कार्य कर रहा है। सांसद ने कहा की मानसून शेष होने को है परंतु बुडको ने अभी तक दानापुर के प्रमुख 9 नालों का टेंडर फाइनल नहीं किया है। पता नहीं काम कब शुरू होगा। दानापुर नगर परिषद के जल जमाव के लिए पूर्ण रूप से बुडको जिम्मेवार है। सांसद ने सरकार से मांग किया की दानापुर नगर परिषद में जल जमाव के लिए जिम्मेवार सभी नालों का जल्द से जल्द से निर्माण कराया जाय।

पारस रोजगार मेला में आज वितरण करेंगे नियुक्ति पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस दो दिवसीय दौरा पर रविवार को पटना पहुंचें। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि श्री पारस के आगमन पर पार्टी कार्यकताओं के द्वारा केन्द्रीय मंत्री पारस का फूल मालाओं से स्वागत किया गया, जिसमें मुख्य रूप से दलित सेना के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम कुमार दाहा, युवा प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र यादव, रंजीत पासवान, शक्ति पासवान, सौलत राही, मधु कुमार, पारसगुप्ता, राधाकान्त पासवान, प्रवक्ता चंदन कुमार, अंकित दूबे, सत्यनारायण शर्मा, सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आगे श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि 28 अगस्त को केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस मुजफ्फरपुर में ग्रुप सेन्टर सीआरपीएफ कैम्प में अमृत महोत्सव के अवसर पर रोजगार मेला का उदघाटन समारोह में मुख्य अतिथि के अलावे नियुक्ति पत्र वितरण करेगें।

लोजपा रामविलास ने की प्रदेश संगठन की समीक्षा बैठक

- पंचायत स्तर तक सदस्यता अभियान चलाने का फैसला
- लोजपा रामविलास के नए वेबसाइट का चिराग ने किया लोकार्पण

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का प्रदेश संगठनात्मक बैठक सह आईटी सेल द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग ने किया। श्री चिराग ने संगठन की जिलेवार गहन समीक्षा की साथ ही पार्टी के सभी पदाधिकारियों से सोशल मीडिया की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की और वर्तमान समय में पार्टी के सभी पदाधिकारियों को सोशल मीडिया को सशक्त करने की अपील की। आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मध्य नजर पार्टी के सभी राष्ट्रीय और प्रदेश के पदाधिकारियों और सभी जिलाध्यक्षों को अपने-अपने जिले और विधानसभा में समयबद्ध तरीके से गहन सदस्यता अभियान चलाने के निर्देश दिए। श्री चिराग ने लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का नया वेबसाइट का लोकार्पण भी किया। श्री चिराग ने कहा कि इस वेबसाइट के माध्यम से पार्टी की तमाम गतिविधियों को प्रखंड और पंचायत स्तर तक आम लोगों के बीच ले जाया जाएगा और पार्टी के विजन डॉक्यूमेंट बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट की अवधारणा को हर बूथ स्तर तक ले जाकर जन-जन तक पार्टी के कार्यकताओं द्वारा पहुंचाई जाएगी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने बताया कि उक्त बैठक में पार्टी के बिहार से जुड़े सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी प्रदेश के सभी पदाधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदेश महासचिव प्रदेश सचिव सभी जिला अध्यक्ष जिला प्रभारी सह प्रभारी और प्रकोष्ठों के सभी जिला अध्यक्ष शामिल रहे। उक्त बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ अरुण कुमार शंकर झा, बाबा धनंजय, मृणाल, रेणु कुशवाहा, सतीश कुमार, राष्ट्रीय महासचिव सत्यानंद शर्मा, राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह, महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष इंदु कश्यप, राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र कुमार मुन्ना, युवा के राष्ट्रीय सचिव अनिल पासवान, प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, संगठन मंत्री रविंद्र सिंह प्रधान महासचिव संजय पासवान, पार्टी के उपाध्यक्ष अजय कुशवाहा, संजय कुमार सिंह समेत सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी निशांत मिश्रा और कुंदन पासवान कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश भारती मौजूद थे। उक्त आशय की जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दी।

शक्तिधाम स्थित फुलेश्वर महादेव पर कांवरियों द्वारा जल अर्पण

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सावन के अंतिम सोमवारी के अवसर पर करीब 250 से अधिक शिव भक्त भद्रघाट से काँवर में गंगाजल भरकर दादी माँ मंदिर, शक्तिधाम, बैंक रोड स्थित महादेव मंदिर लाकर महादेव पर अर्पित किये। 250 के करीब कांवरियों का जत्था सुबह सुबह छः बजे भद्रघाट पहुँच गया। भद्रघाट पर कांवरियों द्वारा गंगा की विशेष आरती की गयी। इसके बाद सभी काँवरियों ने अपने अपने काँवर में गंगा जल भरा और वहां से फुलेश्वर महादेव मंदिर, बैंक रोड के लिए चले। कांवरिये पूरे उत्साह से बोल बम का नारा लगा रह थे। साथ हीं साथ भजन भी गा रहे थे सावन का महीना आये - भोले तेरी याद सताये। सभी कांवरियों का जत्था सुबह साढ़े आठ बजे के करीब बैंक रोड स्थित शक्तिधाम में फुलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचा। काँवरियों ने यहां महादेव पर जल अर्पण किया। फुलेश्वर महादेव मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था। यहां कांवरियों के लिए विशेष व्यवस्था की गयी थी। कांवरियों ने यहां पर भजन कीर्तन किया। कांवरिया आया तेरे द्वार - अब तो पलक उघार मेरे भोले त्रिलोकी नाथ कांवरिया आया तेरे द्वार भजन कीर्तन के बाद सभी भक्तजनो को भंडार प्रसाद कराया गया। एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल, संयोजक सज्जन चौधरी, अक्षय अग्रवाल, ललन लाट, नरेन्द्र शर्मा, रितेश तुलसियान, मनोज अग्रवाल, शंकर शर्मा, एवं अन्य पदाधिकारियों का मुख्य हाथ रहा।

राज्य में गरीबों के करीब 22 करोड़ महीने बचा रहा जन औषधि केंद्र

जनऔषधि की ब्रांडिंग और दवाओं के प्रकार पर राज्य दे रहा ध्यान

- करीब 400 जन औषधि केंद्र हैं राज्य में

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण दवाएं लोगों को उपलब्ध कराने वाली जन औषधि केंद्र राज्य में दवाओं की आपूर्ति में अपनी भूमिका का लगातार विस्तार कर रहा है। दवा का पर्चा हाथ में आने के बाद लोगों के मन में खर्च के आशंकाओं को यह मिटा रहा है। डॉ मनसुख मंडाविया के एक ट्वीट के मुताबिक पिछले 9 वर्षों में जनता ने 23 हजार करोड़ की बचत जन औषधि के माध्यम से की है। वहीं अगर बिहार की बात करें तो पूरे बिहार में प्रत्येक महीने करीब 22 करोड रुपए से ज्यादा की बचत यहां के लोग कर रहे हैं। बिहार में जन औषधि के नोडल अशोक कुमार द्विवेदी ने बताया कि राज्य के 38 जिलों में लगभग 400 जन औषधि केंद्र हैं। इन केंद्रों की सेल प्रत्येक महीने चार करोड़ रुपए हैं। वहीं गार्डिनर रोड अस्पताल के अधीक्षक डॉ मनोज कुमार सिन्हा ने बताया कि जन औषधि केंद्र गरीब जनता के लिए बहुत ही उपयोगी साबित हो रहा है। इन केंद्रों में सस्ती दवाईया और सर्जिकल आइटम मौजूद होते हैं। डायबीटिज, कैंसर, हृदय रोग से लेकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी दवाइयां भी इसमें आसानी से सस्ती दर पर उपलब्ध रहती हैं।

ब्रांडेड से छह गुणी सस्ती होती है दवाएं :

अशोक कुमार द्विवेदी ने बताया कि जन औषधि पर मिलने वाली दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में काफी सस्ती होती हैं। अगर कोई व्यक्ति 100 रूपए की दवा जन औषधि केंद्र से खरीदता है तो वह ब्रांडेड दवा की अपेक्षा 6 गुणा उस दवा पर बचत करता है। इस प्रकार वह वह उस दवा पर 600 रुपए की सेविंग करता है।

जन औषधि केंद्र बन चुका है सुविधा केंद्र

जन औषधि के सह नोडल कुमार पाठक ने बताया कि जन औषधि केंद्र सरकारी स्टोर के तमगे से बाहर निकलकर अब सामान्य लोगों के लिए समाधान और सुविधा के केंद्र बन रहे हैं। जहां 1800 उच्च गुणवत्तापूर्ण दवाइयां व 285 तरह के सर्जिकल उपकरण 50 से 90 प्रतिशत तक सस्ते दामों में उपलब्ध है।

एक रुपए में महिलाएं अपना सकेंगी स्वच्छता

महिलाओं के मासिक स्वच्छता की दिशा में भी जन औषधि केंद्र अपना हाथ आगे बढ़ा रहा है। अब जन औषधि केंद्रों पर 1 रूपए में ऑक्सो-बायोग्रेडेबल सेनेटरी नैपकीन उपलब्ध है। जबकि बाजार में उपलब्ध कोई ब्रांडेड नैपकिन कम से कम 8 रुपए में उपलब्ध है। नेशनल फैमिली स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार इससे बिहार के उस 41 प्रतिशत महिलाओं को फायदा होगा जो अपने मासिक के दौरान पैसों के अभाव में स्वच्छता का ख्याल नहीं रह पाती हैं।

राज्य दे रहा ब्रांडिंग और जागरूकता पर ध्यान

कुमार पाठक ने बताया कि राज्य में जन औषधि केंद्रों की ब्रांडिग पर काफी ध्यान दिया जा रहा है, वहीं दुकानों के कलर कॉम्बिनेशन और जन औषधि केंद्रों पर जानकारी लोगों तक पहुंचे इसके लिए सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। दवाओं और सर्जिकल आइटम के प्रकार का वृहत समावेश केंद्रों पर हो ताकि ज्यादा से ज्यादा लाभ आम जन को मिले इस बात का ध्यान भी खास कर रखा जा रहा है।

क्या है जन औषधि केंद्र

प्रधानमंत्री जन औषधि योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित एक योजना है। 2014-15 में जनऔषधि योजना का नाम बदलकर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना कर दिया गया। इस योजना में सरकार द्वारा उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयों के दाम बाजार मूल्य से कम किए जा रहें है। सरकार द्वारा जन औषधि स्टोर बनाए गए हैं, जहां जेनरिक दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही है।

तुलसी दास की काव्य-प्रतिभा अतुल्य, मर्यादा पुरुषोत्तम राम को ईश्वर बना दिया

प्रबुद्ध हिंदू समाज ने मनायी जयंती, सम्मानित हुए विद्वान

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राम का उल्लेख वाल्मीकि रामायण के पहले के प्राचीन साहित्य में न के बराबर है। वाल्मीकि रामायण में श्री राम की चर्चा देवत्व के गुणों से युक्त एक मयार्दा पुरुषोत्तम राजा के रूप में हुई है। श्री राम को भगवान बनाया भक्ति-आंदोलन ने, जिसके नायक तुलसी दास हैं। उनकी काव्य-प्रतिभा अतुल्य है। उन्होंने ही राम को परम ब्रह्म और ईश्वर बना दिया। साक्षात मनुष्य के रूप में खड़ा कर श्री राम में ईश्वरत्व का आरोपण किया। राम को आधार बनाकर भक्ति को चरम पर ले जाने का सम्पूर्ण श्रेय संत तुलसी को जाता है और यही उनके महान ग्रंथ राम चरित मानस का प्रतिपाद्य है। यह बातें रविवार को पटेल नगर स्थित देव पब्लिक स्कूल में प्रबुद्ध हिंदू समाज द्वारा आयोजित तुलसी जयंती का उद्घाटन करते हुए बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि, तुलसी ने राम कथा के माध्यम से समाज के समक्ष एक ऐसा आदर्श रखा, जो युगों-युगों तक भारत को श्रेष्ठ बनाए रखने में सक्षम है। यह तुलसी ही हैं, जिन्होंने आदि कवि बाल्मीकि के मयार्दा-पुरुषोत्तम श्री राम को भगवान बना दिया। उनके दर्जन-भर ग्रंथ हिन्दी साहित्य की अनमोल निधि है। समारोह के मुख्य अतिथि और वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो सुभास प्रसाद सिन्हा ने कहा कि संत तुलसी दास की विशेषता यह है कि वे मानस के माध्यम से राम और रामायण को घर-घर में पहूँचा दिया। राम की कथा समाज के लिए आदर्श है। यह परस्पर व्यवहार का भी प्रशिक्षण देती है। इस अवसर पर, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी, कुमार अनुपम, अरुण शंकर, डा मनोज कुमार, रत्नेश आनन्द तथा अजय कुमार सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभा की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष प्रो जनार्दन सिंह ने की। अतिथियों का स्वागत संस्था के महासचिव आचार्य पाँचु राम ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन अरुण कुमार राय ने किया। मंच का संचालन विद्यालय के निदेशक डा दिनेश कुमार देव ने किया। कार्यक्रम के आरंभ में संस्था के अध्यक्ष ने विद्वानों और विदुषियों को अंग-वस्त्रम और पुष्प-हार पहनाकर सम्मानित किया।

संक्षिप्त खबरें

96 लीटर बीयर बरामद, धंधेबाज फरार, प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के देशरी कर्रख खलीफा बाबा स्थान स्थित एक किराना दुकान से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार छापेमारी कर 8 कार्टून में 192 कैन बीयर बरामद किया। जिसकी कुल मात्रा 96 लीटर बताई गई। वहीं धंधेबाज भागने में सफल रहा। स्थानीय चौकीदार के पहचान व सअनि रविशेखर तुलित के बयान पर धंधेबाज आनंदी महतो के पुत्र राकेश कुमार को नामजद करते हुए मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गई है।

जदयू की बैठक में दिया गया जन समस्याओं के समाधान का आश्वासन

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन प्रखंड के किशनपुर युसूफ पंचायत में स्थानीय जनसमस्याओं को लेकर जदयू कार्यकताओं की एक बैठक हुई। बैठक में बिजली, पानी, सड़क आदि से जुड़ी समस्याएं सहित कई अन्य समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। वहीं उन समस्याओं को ले संबंधित अधिकारियों से बात कर उनके त्वरित निष्पादन का आश्वासन दिया गया। मौके पर स्थानीय जदयू विधायक सह राज्य के वित्त, वाणिज्यकर एवं संसदीय कार्य मंत्री के आप्त सचिव रजनीकांत चौधरी, रामकुमार झा, बैधनाथ ठाकुर, रघुनाथ राय, अजय राय, राम कुमार पंडित सहित कई अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सरायरंजन प्रखंड मुख्यालय पर पंच सरपंच संघ की बैठक

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत पंचायत समिति के प्रांगण में सरपंच संघ की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता प्रखंड सरपंच संघ के अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद ने की। बैठक में पंच-सरपंच के मानदेय में वृद्धि समेत 11 सूत्री मांग के समर्थन में आगामी 5 सितंबर को प्रखंड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन के सफलता पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर प्रदेश महासचिव मनीष कुमार झा, प्रधानमहासचिव सुनीता देवी, मंजू देवी, रानी कुमारी, अनीता देवी, ललीता देवी, मो० अनवारुल हक, सरपंच प्रतिनिधि संजय सिंह, मुकेश कुमार, नन्दकिशोर महतो, श्यामकुमार साह, पवन कुमार झा, रामप्रसाद राय, उपसरपंच रामबाबू साह भी मौजूद रहे।

300 से ज्यादा बच्चों ने चलाया साइकिल

मारवाड़ी युवा मंच हसनपुर द्वारा आयोजित सायक्लोथों 300 कार्यक्रम में एजुकेशन जोन, कुषागरा स्मार्ट स्कूल, एवमं मारवाड़ी समाज के बच्चे, युवा एवं वरिष्ठ सदस्यों ने साईकल चलाया। कार्यक्रम में 350 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। रैली की शुरूआत बिहार प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष प्रदीप सिंधी ने हरी झंडी दिखा कर किया। प्रदीप सिंधी ने बताया कि यह आयोजन अपने शरीर को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से किया है। मंच के सचिव शुभम चाँद ने बताया अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की देशभर की 800 से ज्यादा शाखाओं ने यह कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में लकी ड्रॉ के माध्यम से बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच सदस्य देवी प्रसाद मुरथालिया, मनोज गोयल, रामनारायण अग्रवाल, संजय बजाज, निशान्त अग्रवाल जी, अजय गोयल, आलोक मुरथालिया, रौनक ड्रॉलिया, मोहित ड्रॉलिया, रौनोक अग्रवाल, सुमित कुमार अभिषेक विक्कल, देवराज बरबरिया, सुमित गोयल, बादल ड्रॉलिया एवं अन्य सैकड़ो सदस्य उपस्थित रहे।

स्कूल संचालक के निधन उपरांत शोक सभा का किया आयोजन

विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत यूनिक चिल्ड्रेन एकेडमी सिंघियाघाट के प्रांगण में एक्यूरेट प्रेप स्कूल ब्लॉक रोड सिंघियाघाट के संचालक विक्रम कुमार के आकस्मिक निधन उपरांत जिला स्तरीय निजी विद्यालय के संचालकों द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता एवं संचालन अर्जुन कुमार कर रहे थे। उपस्थित निजी विद्यालय के संचालकों ने सभा के माध्यम से मृत शिक्षक के पुत्र एवं पुत्री की पढाई एवं विद्यालय के संचालन में कठिनाई होने पर सहयोग करने की बात कही। वहीं उपस्थित निजी विद्यालय के संचालकों की ओर से 65हजार एकत्रित कर मृतक के पत्नी लक्ष्मी कुमारी साह, पुत्री सौम्या कुमारी व पुत्र सोर्य कुमार को सुपुर्द किया। मौके पर निजी विद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष सदन कुमार मिश्र, सचिव, देवेंद्र कुमार, अशोक कुमार, अमित अग्रवाल, लालबाबू चौधरी, विद्या कांत राय, चंदन कुमार, राजीव रंजन राय ब्रजेश कुमार, राम कुमार सिंह सहित लगभग तीन दर्जन निजी विद्यालय के संचालक उपस्थित थे।

आहर के बांध की सुरक्षा के लिए लगाए गए बोल्डर को उड़ा ले गए चोर, बोल्डर की तलाश में कुण्डघाट पहुंची पुलिस

प्रात: किरण ब्यूरो चीफ जमुई

जमुई जिला के के सिकंदरा थाना क्षेत्र स्थित कुमार गांव में इन दोनों चूहे द्वारा शराब पीने और पुल चोरी के लिए बदनाम बिहार में अब आहर का बांध चोरी होने का मामला सामने आया है. मामला जमुई जिला अंतर्गत सिकंदरा थाना क्षेत्र के कुमार गांव से जुड़ा है. जहां के गमोखर आहर के बांध पर तकरीबन 500 मीटर तक पिचिंग किए गए बोल्डर की चोरों के द्वारा चोरी कर ली गयी. गमोखर आहर के 500 मीटर लंबे बांध से बोल्डर की चोरी कोई एक दिन में नहीं हुई, बल्कि पिछले 20-25 दिनों से लगातार दिन के उजाले में जेसीबी, ट्रैक्टर व ट्रकों के माध्यम से पुलिस व लघु सिंचाई विभाग की नाक के नीचे से बोल्डर की चोरी होती रही. लेकिन जानकारी के बावजूद लघु सिंचाई विभाग के अभियंताओं व पुलिस पदाधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी. विदित हो कि बोल्डर चोरी के घटना की जानकारी मिलने के उपरांत 10 अगस्त को लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता धर्मेंद्र कुमार भारती के द्वारा बोल्डर चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर सिकंदरा थानाध्यक्ष को विभागीय पत्र भेजा गया था. उसके बावजूद सिकंदरा पुलिस ने 10 दिनों तक मामले की प्रारंभिक जांच करने की भी जरूरत नहीं समझी. मामले का खुलासा तब हुआ जब 20 अगस्त को एएसआई योगेंद्र यादव मामले की जांच करने कुमार गांव स्थित गमोखर आहर पहुंचे. जहां दिन के उजाले में जेसीबी द्वारा बोल्डर को बांध से उखाड़ कर ट्रैक्टर द्वारा आहर के बाहर खेत में जमा किया जा रहा था. जिसके बाद पुलिस ने बोल्डर चोरी में लिप्त जेसीबी व ट्रैक्टर को जब्त कर लिया. इस मामले में एएसआई योगेंद्र यादव के द्वारा जेसीबी व ट्रैक्टर के मालिक एवं चालक समेत बोल्डर चोरी में शामिल अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी.

लघु सिंचाई विभाग समेत दो थानों की भूमिका संदिग्ध

500 मीटर लंबे बांध से बोल्डर चोरी के मामले में लघु सिंचाई विभाग के पदाधिकारियों समेत दो थानों की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है. वहीं बोल्डर चोरी के इस हाई प्रोफाइल मामले में कुमार गांव के कई ग्रामीणों के संलिप्तता की बात भी सामने आ रही है. उल्लेखनीय है कि लघु सिंचाई विभाग के द्वारा वर्ष 2010-11 में कुमार गांव स्थित गमोखर आहर में 82 लाख की लागत से जीर्णोद्धार का कार्य किया गया था. इस दौरान लगभग 500 मीटर लंबे बांध की सुरक्षा व मजबूती को लेकर 9.70 लाख की लागत से बोल्डर पिचिंग का कार्य कराया गया था. आज की तारीख में बोल्डर की कीमत 30 लाख के आसपास आंकी जा रही है. मिल रही जानकारी के मुताबिक 26 जुलाई से ही बोल्डर की ढुलाई प्रारंभ हो गयी थी. दिन के उजाले में जेसीबी द्वारा बांध पर पिचिंग किए बोल्डर को उखाड़ कर ट्रैक्टर के माध्यम से उसे आहर से निकाल कर बगल के खेत में रखा जाता था. जिसके बाद रात के अंधेरे में बोल्डर की ट्रक के द्वारा ढुलाई की जाती थी. चोरी के बोल्डर लदे ट्रकों के सिकंदरा व लछुआड़ थाना क्षेत्र से गुजरने की बात सामने आ रही है. इसी दौरान 10 अगस्त को लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता के द्वारा विभागीय पत्र के माध्यम से आहर से उखाड़ कर बगल के खेत में जमा किए गए बोल्डर की फोटो संलग्न करते हुए सिकंदरा थाना को चोरी की सूचना दी गयी. लेकिन इतने बड़े पैमाने पर सरकारी संपत्ति के चोरी होने की सूचना के बाद भी पुलिस 10 दिनों तक हाथ पर हाथ धरे बैठी रही. 20 अगस्त को पुलिस मामले की प्रारंभिक जांच के लिए कुमार गांव पहुंची, तब तक बांध पर पिचिंग किए गए अधिकांश बोल्डर की चोरी हो चुकी थी।

सदर अस्पताल में नहीं है बर्न वार्ड, मरीजों को डीएमसीएच और पीएमसीएच किया जाता है रेफर

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर सदर अस्पताल जिला का सबसे बड़ा अस्पताल है, इसे जिला अस्पताल का भी दर्जा प्राप्त है लेकिन बावजूद आज तक यहां बर्न वार्ड की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पायी है। इससे बर्न केस के मरीज का इलाज करने के बजाय यहां से रेफर कर दिया जाता है। इससे इलाज के लिए आने वाले मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। खासकर गंभीर मरीजों को रेफर करने के कारण समुचित उपचार भी नहीं हो पाता है। जिसके कारण मरीज की स्थिति गंभीर हो जाती है। बता दें कि सदर अस्पताल में बर्न केस के मरीज आने पर इमरजेंसी में कुछ देर रखा जाता है। फिर प्राथमिक उपचार के बाद डीएमसीएच रेफर कर दिया जाता है। लेकिन विडंबना यह है कि फिलहाल डीएमसीएच में भी बर्न वार्ड नहीं है। जिसके कारण वहां से मरीज को पीएमसीएच रेफर कर दिया जाता है। रेफर के चक्कर में जहां मरीजों का समुचित इलाज नहीं हो पाता है, वहीं परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसको लेकर सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ० गिरीश कुमार ने बताया कि वार्ड की कमी के कारण बर्न वार्ड की सुविधा यहां उपलब्ध नहीं है। सदर अस्पताल परिसर को मॉडल अस्पताल बनाया जा रहा है। इसके लिए भवन का निर्माण कार्य भी जारी है। मॉडल अस्पताल बनने के बाद उसमें बर्न वार्ड की सुविधा उपलब्ध होगी। फिलहाल यहां आने वाले मरीजों को डीएमसीएच या पीएमसीएच रेफर किया जाता है।

खेल से ही होता है बच्चों में सर्वांगीण विकास : संजीव

सरायरंजन, प्रात: किरण संवाददाता

खेल से ही होता है बच्चों में सर्वांगीण विकास उक्त बातें गंगसारा पंचायत के पूर्व पंचायत समित सदस्य सह युवा समाजसेवी बागी संजीव कुमार इन्कलाबी ऊर्फ ह्लभाई जीह्व ने सरायरंजन प्रखंड स्थित बाजितपुर मेयारी पंचायत के एक निजी स्कूल के प्रांगण में जनसुराज के टीम द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता में भाग ले रहे छात्र छात्राओं को पुरस्कृत करने के दौरान कही। कहा की आज के दौर में बच्चे मोबाइल से ग्रसित हो रहे हैं। जिससे बच्चों के भीतर बौद्धिक क्षमता का विकास नहीं हो पा रहा है। बच्चे तरह तरह के विडिओ गेम के शिकार हो रहे हैं। इस वजह से बच्चे भौतिक रूप से कमजोर होते जा रहे हैं। ऐसे में जनसुराज टीम का यह पहल सराहनीय कदम है। ऐसी आयोजन से बच्चों का मानसिक तथा शारीरिक दोनों का विकास होगा। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनसुराज टीम सरायरंजन के नवनिर्वाचित प्रखंड संयोजक राकेश कुमार साह ने कहा की यह खेल समारोह प्रत्येक महीना प्रत्येक पंचायत में आयोजित की जाएगी। टीम लीडर सुधीर कुमार ने कहा की इस प्रतियोगिता से बच्चों में खेल के प्रति रूचि बढेगी और बच्चों की प्रतिभा में निखार आएगी। इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से कबड्डी, म्यूजिक गेम, रिले दौर, सूई धागा दौर, आलू दौर, मैथमेटिक्स गेम, बैडमिंटन, वॉलिवल आदि कई प्रकार के गेम शामिल किए गए। इस प्रतियोगिता का सफल संचालन अमरनाथ कुमार राय ने किया। प्रतिभागियों में उषा, करीना, सरस्वती, वैष्णवी, रूपा, राधा, अफसाना खातुन, चांदनी खातून, आफिया नाज, आईसा परवीण, मुस्कान खातून, सानिया, उन्नति खातून, डरकसा, चाहत, जेबा खातून, प्रिंस, विशाल, अमन (छुरी), कुणाल, अनिकेत, अंकित, जिशान, शाहिद, साजीद आदि शामिल हुए। प्रतिभागियों को मैडल और पुरस्कार स्वरूप कॉपि कलम तथा प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। व्यवस्थापक मंडल में मौके पर विभिन्न पंचायतों से आए हुए टीम लीडर अमरनाथ कुमार राय, सुधीर कुमार, शील कुमार यादव, अलि, राजन कुमार, मैहवीश प्रवीण, महबूबा, रत्ना कुमारी आदि मौजूद रही।

अंबेडकर परिचर्चा सह जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम

प्रात: किरण संवाददाता

झाझा-रविवार को प्रखंड अंतर्गत बलियाडीह पंचायत के नरगंजो कर्मा टोला में अंबेडकर परिचर्चा सह जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम का आयोजन राजद की ओर से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा राजद के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश कुमार विद्यार्थी उर्फ मुकेश यादव शामिल हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य केदार मुर्मू ने किया। मंच का संचालन राजद पंचायत अध्यक्ष अरविंद यादव ने किया। मुख्य अतिथि के संबोधन से पहले स्थानीय आदिवासियों ने भी अपने संबोधन में राजद नेता मुकेश यादव से मांग किया कि इस क्षेत्र में शिक्षा स्वास्थ्य एवं पानी की समस्या है।इस संबंध में बताते हुए वार्ड संख्या तीन की वार्ड सदस्य अनीता टुडू ने कहा कि बाराकोला पंचायत,बलियाडीह पंचायत आदिवासी बहुल पंचायत में एक है।यहां मयूर नाचा ढेंक्यू में पेयजल की समस्या है यहां तीन चापाकल की आवश्यकता है।वही शिवलाल ने कहा कि कर्मा टोला में विद्यालय के लिए जमीन है भवन नही।भवन नही रहने पर बच्चे पेड़ के नीचे बने चबूतरा पर पढ़ने को मजबूर हैं।इसलिए यहां भवन बने।दोनों पंचायत के बीच उपस्वास्थ्य केंद्र एवं आदिवासी छात्रावास की मांग की स्थानीय आदिवासियों ने किया।अपने संबोधन में राजद नेता मुकेश यादव ने कहा कि सभी मांगे पूरी होंगी। प्राथमिकता से सभी कार्य पूरे होंगे। आगामी लोकसभा में मुझे आप ताकत दीजिए मैं आपके क्षेत्र का और अधिक विकास करूंगा। मौके पर जमुई लोकसभा क्षेत्र के तारापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत संग्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि हम लोग चाहते हैं कि जमुई की बेटी ही जमुई की सांसद बने इसलिए आगामी लोकसभा में राजद के भावी सांसद प्रत्याशी अर्चना कुमारी हो।इसके लिए हम लोग पूरे मनोयोग से कार्य करेंगे और उनकी जीत सुनिश्चित करेंगे।उनके लिए भी यह जनसंपर्क अभियान किया जा रहा है। कार्यक्रम में झाझा विधानसभा के पूर्व राजद प्रत्याशी राजेंद्र यादव , प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार यादव, वरिष्ठ नेता कामदेव यादव ,शिवलाल हेंब्रम, लोटन खैर ,भैया लाल टुडू, गुलाम सरवर ,राजू यादव, महफूज आलम, निरंजन यादव, प्रद्युमन यादव, राज यादव ,बासुकी यादव सहित अन्य राजद के नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

धमना में मां विषहरी पूजा हुआ प्रारंभ,जिप सदस्य ने कला मंच का किया शिलान्यास

प्रात: किरण संवाददाता

झाझा-धमना स्थित माता बिहुला विषहरी स्थान में बीते 23 वर्षो से लगातार होते आ रहे मां विषहरी की पूजा अर्चना इस बार भी स्थानीय लोगों के द्वारा भव्य रूप से तीन दिनों तक मनाया जा रहा है जिसको लेकर भव्य मेला का आयोजन किया गया जिसमें जिला परिषद सदस्य दीपिका कुमारी,जिप प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह,पंचायत मुखिया प्रतीक शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर भव्य मेला का विधिवत उदघाटन किया।मां विषहरी पूजा अर्चना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा मां विषहरी और शिवभक्त सौदागर चंदु पर आधारित नाटक भी प्रारंभ किया गया।जिसे सात दिनों तक आयोजित किया जायेगा।वही नाटक देखने के लिये बड़ी संख्या में लोग पहुँचे।इस दौरान जिला परिषद सदस्य ने 15वीं वित से छह लाख पचीस हजार की लागत से धमना स्कूल में बनने वाले कला मंच का शिलान्यास भी किया।जिप सदस्य ने कहा कि कला मंच का निर्माण होने से विद्यालय के बच्चों के साथ यहां के लोगों को किसी भी प्रकार का सांस्कृतिक कार्यक्रम करने का अच्छा स्थान प्राप्त होगा।उन्होनें कहा कि मेरे मद से मै अपने क्षेत्र में हमेशा विकास करता आ रहा हूं।वही नाटक में 56 कलाकारों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गणेश मंडल तथा संचालन बबलू रावत,विनोद राम ने किया।वही बड़ी संख्या में श्रद्धालु विषहरी स्थान पर पहुँचकर पूजा अर्चना किया।

सावन के हर सोमवारी को पैदल 108 किलोमीटर दौड़कर जलभिषेक करते है ब्रह्मदेव बम

प्रात: किरण संवाददाता

सोनो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पैरामटियाना के ग्राम भरतपुर निवासी ब्रह्मदेव यादव पिता स्वर्गीय चिगन यादव ने 108 किलोमीटर पैदल दौड़कर 12 से 14 घंटे में बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचकर हर सोमवारी को जल अभिषेक करते हैं, ब्रह्मदेव बम ने बताया कि सन 1991 से मैं सुल्तानगंज पहुंचकर गंगा जल भर कर देवघर की पथरीले रास्तों को पार कर मात्र 12 से 14 घंटे में देवघर बाबा धाम की यात्रा कर ज्योति शिवलिंग पर जल अभिषेक करते हैं, ब्रह्मदेव बम का कहना है कि 1991 में जब उन्होंने संकल्प लिया कि मैं पैदल दोड़कर 24 घंटे के अंदर बाबा बैद्यनाथ को उत्तर वाहिनी की गंगाजल सुल्तानगंज से लेकर देवघर बाबा भोले शंकर को चढ़ाएंगे, उन्होंने मेरी शारदा को स्वीकार किया,और मैं पुनः सन 1991 प्रथम सोमवारी से सुल्तानगंज पहुंचकर गंगा जल भरकर वहां से पैदल चलकर बाबा भोले देवघर की नगरी में पहुंच कर जलभिषेक कर रहा हूं, 108 किलोमीटर पैदल की यात्रा करने में बहुत परेशानी झेलनी पड़ती थी, पहाड़ों और पथरीले के रास्तों के बीच सुनसान रात्रि में सिर्फ डाक बंम ही चला करते थे, कुछ बमों को सुनसान जगह पर बदमाशों के द्वारा चिंताई भी कर लिया जाता था, उस समय रास्ते भी काफी खराब थी, ऐसा भी नहीं था कि रात हो गई तो आराम कर ले संकल्प के मुताबिक बिना कदम रुके ही बाबा को जल अभिषेक करना होता है, उस समय भी रास्ते में सुरक्षा के लिए पुलिस की गस्ती आती जाती थी, यह धार्मिक स्थल पें लोग झारखंड बिहार बंगाल उड़ीसा महाराष्ट्र अन्य राज्यों के लोगों सावन माह में बाबा ज्योति शिवलिंग को जलभिषेक करने के लिए पहुंचते हैं, ब्रह्मदेव बम ने कहा कि मेरी उम्र अभी पचास वर्ष हुआ है,जब तक शरीर हमारे साथ देगा तब तक में आगे भी प्रत्येक साल की भांति सावन माह के हर सोमवारी को जलभिषेक कर रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा,

रक्षा बंधन महोत्सव में कन्याओं की हाथों से बने राखी का केवाईपी में प्रदर्शनी

प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल। रक्षा बंधन एक परंपरागत भारतीय त्योहार, न केवल भाई-बहन के प्यार और बंधन को मनाने का एक उपाय है, बल्कि इसमें एक अनूठी प्रतिस्पर्धा भी छिपी होती है। कुशल युवा केंद्र नागा रोड रक्सौल में इस महोत्सव के तहत कन्याओं के बीच आयोजित होने वाले स्पर्धात्मक प्रतियोगिता में यह अद्वितीयता दिखाई है। छात्राओं ने अपने हाथों से बने राखी का प्रदर्शन की। जिसमें जजों ने विभिन्न ग्रुपों में बनाए गए, प्रतिभागियों को अंक देकर विजेता की घोषणा की।

राखी एग्जिबिशन प्रोग्राम 2023 कुशल युवा कार्यक्रम नागा रोड द्वारा राखी एग्जिबिशन कार्यक्रम का आयोजन श्री लालदेव मीरा देवी फाउंडेशन द्वारा संचालित संस्था बिहार सरकार की स्किल डेवलपमेंट सेंटर के मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश कुमार द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर छुपे स्किल को सीखना था। उक्त राखी एग्जीबिशन में 6 ग्रुप शामिल हुए थे, जिससे सभी बैच का एक नया नाम दिया गया था, जिनमें कान्हा ग्रुप, जीनियस ग्रुप, एकता ग्रुप, यूनीक ग्रुप, द अर्ली स्कॉलर ग्रुप एवं गोल्डन ग्रुप थी। इनमें से विजेता टीम द अर्ली स्कॉलर ग्रुप रहा और उपविजेता में यूनीक ग्रुप रहा। इसमें विजेता टीम के लीडर अमीषा श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से हमारे अंदर आत्मविश्वास और कुछ नए सीखने की ललक बढ़ रही है। इसके लिए मैं मुकेश सर को बहुत-बहुत आभार प्रकट करती हूं। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शिवकुमार भारती डॉ. हजारी प्रसाद गुप्ता, संजय सर, अमरदीप गुप्ता, पवन कुमार, चैतन्य कुमार, नीलमणि कुमार एवं एम. के.सी.एल. से रंजन कुमार आदि सहित श्री लालदेव मीरा फाउंडेशन के निर्देशक सोमेश्वर कुशवाहा एवं स्किल डेवलपमेंट सेंटर के मैनेजर मुकेश कुमार, के.वाइ.पी. के शिक्षक रवि कुमार, सुमित कुमार, सूरज कुमार आदि उपस्थित रहे। गौरतलब है कि यह प्रतियोगिता कन्याओं को समृद्धि और सहयोग की भावना के साथ एक साथ आने का मौका प्रदान करती है। विभिन्न आयु समूहों में बालिकाओं को इस प्रतिस्पर्धा में भाग लेने का अवसर मिलता है, जिससे वे न केवल नए दोस्त बनाती हैं, बल्कि अपनी कौशल और नौकरी कौशल में भी सुधार पाती हैं।

हृदय रूपी भारत में धर्म रूपी धड़कन है, जब तक यह धड़कन है तब तक धर्म बढ़ता रहेगा : विनी किशोरी

विभूतिपुर, प्रात: किरण संवाददाता

हृदय रूपी भारत में धर्म रूपी धड़कन है जब तक यह धड़कन है तब तक धर्म बढ़ता रहेगा और भारत भगवान का हृदय है। उक्त बातें वैदेही विनी किशोरी विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर उत्तर पंचायत के बैंतीपार राम जानकी ठाकुरबाड़ी स्थित झूलनोत्सव के अवसर पर आयोजित 9 दिवसीय श्री राम कथा के चौथे दिन कथा वाचन के दौरान कही। कथा की शुरूआत श्रीराम की महिमा एवं भक्तिमय भजन कीर्तन के साथ शुरू करते हुए पार्वती जन्म से लेकर शिव पार्वती विवाह तक का व्याख्यान किया। साथ ही कथावा भजन के माध्यम से दर्शकों को खूब झुमाया। अंत में शिव विवाह की झांकी एवं आरती के साथ ही चौथे दिन की कथा समाप्त हुई। बता दे की झूलनोत्सव के अवसर पर नव दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया गया। कथा का शुभारंभ 23 अगस्त से कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। संध्या 6:00 बजे से रात्रि के 10:00 बजे तक 31 अगस्त तक प्रत्येक दिन श्री राम कथा का वाचन किया जा रहा है।

मिथिला नैचुरल्स की स्थापना मिथिलांचल के लिए बड़ी उपलब्धि

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिला के बेनीपट्टी अनुमण्डल के अरेर गाँव में मिथिला नैचुरल्स नाम से एक नया स्टार्टअप शुरू किया गया है । इसमें मखाना के विभिन्न उत्पाद बनाए जाएँगे जो स्थानीय बाजार के साथ-साथ विदेशों में भी भेजे जाएँगे । इस कंपनी की उद्घाटन बिहार के उद्योगमंत्री समीर कुमार महासेठ, जलसंसाधन मंत्री संजय झा एवं जिप अध्यक्ष बिंदु गुलाब यादव ने फीता काटकर किया । मिथिला नैचुरल्स अभी मखाना पर आधारित उद्योग है जहाँ विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाए जाएँगे । मंत्री संजय झा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा रही है कि बिहार का एक व्यंजन हर देशवासी की थाली में हो । मुख्यमंत्री ने इस आशय की बात अपने सभाओं में कही है मखाना की माँग पूरे विश्व में है अतः इस कंपनी से हमलोगों को भविष्य में बहुत सी आशाएँ हैं । जिप अध्यक्ष बिंदु गुलाब यादव अपना उद्गार व्यक्त करते हुए बोली कि मिथिलांचल जैसे क्षेत्र में इस प्रकार का सराहनीय काम मनीष जी ने किया है जिसकी जितनी तारीफ की जाए कम ही है रोजगार सृजन में यह मील का पत्थर साबित होगा । बिहार सरकार के उद्योगमंत्री श्री समीर कुमार महासेठ ने कहा कि मनीष आनंद ने इस कंपनी का निर्माण अरेर में कर यहाँ के लोगों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बड़ा काम किया है । पौष्टिक तत्त्वों से भरपूर मखाना के विभिन्न उत्पादों का निर्माण यहाँ होगा जिससे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा । साथ ही हमारे यहाँ के उत्पाद पूरे विश्व में लोग उपभोग करेंगे यह बड़ी बात है । बिहार के विकास के लिए मिथिलांचल का विकास आवश्यक है और इस क्षेत्र में मधुबनी का यह स्टार्टअप भविष्य में बेहतरीन साबित होगा ।इस अवसर पर जिप उपाध्यक्ष संजय यादव मधुबनी के डिप्टी मेयर अमानुल्लाह खान प्रगतिशील किसान आशुतोष ठाकुर मधुबनी जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र, सीपीआई नेता एवं मुखिया मिथिलेश झा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

दो टीमों के बीच क्रिकेट फाइनल का हुआ महा मुकाबला

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई/ युवाओं के लिए जीवन में प्रगति और उन्नति के लिए शिक्षा जितनी आवश्यक है उतनी महत्वपूर्ण शारीरिक गतिविधि और कौशल है। प्रखंड क्षेत्र के पैरामटिहाना पंचायत में युवाओं की प्रतिभाओं को उभारने के उद्देश्य से दो टीमों के बीच फाइनल मुकाबलाकराया गया। पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अयोध्या मंडल की उपस्थिति में पैरामटियाना हाई स्कूल मैदान पर ज्ञानदीप कोचिंग सेंटर मटिहाना और स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल सरधोडीह के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें टॉस हार कर बल्लेबाजी करते हुए ज्ञानदीप की टीम ने 11 ओवर में 78 रन का लक्ष्य दिया, स्कोर का पीछा करने उतरी विवेकानंद पब्लिक स्कूल की टीम 12 ओवर के खेल में 67 रन ही बना पाई। दोनों टीमों के बीच हुए मुकाबले में ज्ञानदीप की टीम ने सरधोडीह की टीम को 11 रनों से हारा फाइनल का खिताब जीता। खेल में उत्कृष्टता के साथ बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सुमन कुमार को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया । टूनार्मेंट में कमेंटेटर की भूमिका चंदन कुमार, स्कोरर बबलू सिंह और उमेश शाह ने अंपायरिंग के जरिए पूरे मैच में अपने अनुभव और प्रतिभा की झलकियां पेश की। मैच के आयोजकों में ज्ञानदीप कोचिंग के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार मंडल और विवेकानंद स्कूल के मंटू कुमार के अलावा दर्जनों की संख्या में आए युवाओं और ग्रामीणों ने उपस्थिति दर्ज कर मैच के आयोजन को सफल बनाया।

राजकीय अयोध्या शिव कुमारी आयुर्वेदिक महाविद्यालय के प्रांगण में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

बेगूसराय। रविवार को राजकीय अयोध्या शिव कुमारी आयुर्वेदिक महाविद्यालय के प्रांगण में अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल दलसिंहसराय व एलआईबी के संयुक्त प्रयास से निःशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को मोतियाबिंद का परामर्श भी दिया गया।आईएमए के संयुक्त प्रयास से विभिन्न चिकित्सकों की उपस्थिति में मैडिकल कैंप में हुई। शिविर का उद्घाटन नगर निगम की महापौर पिंकी देवी एवं पूर्व महापौर संजय कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएमए के जिला अध्यक्ष डॉ. एके राय ने की। इस अवसर पर डॉ. राहुल कुमार, डॉ. दीपक देव, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. एके सिंह, डॉ. स्मृति किरण आदि थे। इस कार्यक्रम के आयोजन में आयुर्वेदिक कॉलेज के प्राचार्य से अधीक्षक, प्रोफेसर, डॉक्टर श्रीनिवास त्रिपाठी, उपाधीक्षक डॉ श्याम किशोर प्रसाद सिंह, डॉ. मुन्ना कुमार, रामसागर दास का सहयोग रहा। अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल दलसिंहसराय की चिकित्सक डॉ. पूजा, डॉ. उमेश कुमार व नीरज पांडे कार्यक्रम की सराहना की और इस तरह के आयोजन को बेगूसराय में आगे भी करने का आश्वासन दिया। जिससे जरूरतमंद लोग लाभान्वित हो सके। इस कार्यक्रम के आयोजक डॉ मृणाल भारद्वाज संस्थापक स्वर्गीय प्रमिला देवी चैरिटेबल ट्रस्ट अधिवक्ता प्रफुल्ला चंद्र राय, अधिवक्ता दीपक कुमार ने एलआईबी अखंड ज्योति और आईएमए के संयुक्त प्रयास से इस तरह के आयोजन को बेगूसराय जिले के विभिन्न प्रखंडों में करने की बात कही, ताकि इस तरह के आयोजन से जरूरतमंद लोग लगातार लमन्वित हो सके।जिनका निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन व विभिन्न चिकित्सकों की उपस्थिति में परामर्श कराया जा सके। गुलशन कुमार, रिशु कुमार, स्वामी विवेकानंद बाल संस्कारशाला के शिक्षक नीतीश कुमार, ग्रीन वैली स्कू

संक्षिप्त खबरें

अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा पासी समाज की बैठक एवं प्रमंडल धरना प्रदर्शन सितम्बर में

गया ।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय के कैलाशपति मिश्र सभागार में पासी समाज की बैठक संपन्न हुई है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संगठन क्षेत्रीय महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी उपस्थित रहे हैं ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार चौधरी के द्वारा किया गया वही संचालन मनोज कुमार चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष ने किया है ।इस कार्यक्रम के संयोजक भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं इस कार्यक्रम के संयोजक संजय गुप्ता उपस्थित रहें हैं आगामी होने वाली पूरे बिहार में पासी समाज का बैठक एवं एवं प्रमंडल की दृष्टि से धरना प्रदर्शन किया जाना है इस कार्यक्रम को कोऑर्डिनेशन भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के आईटी सेल के प्रदेश संयोजक आनंद राम के द्वारा किया गया है इस बैठक में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के आईटी सेल प्रदेश सह-संयोजक रणधीर चौधरी, प्रमोद चौधरी संजय चौधरी नरेश चौधरी शंभू चौधरी कृष्णा चौधरी, योगी , विजय चौधरी, बसंत चौधरी, अमिताभ चौधरी राजकुमार चौधरी विवेकानंद चौधरी एवम राजकुमार चौधरी आदि गणमान्य उपस्थित रहे है।

अखंड अष्टयाम को लेकर निकली कलश यात्रा

दरियापुर ।स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र के विश्वंभरपुर स्थित मातेश्वरी मंदिर पर आयोजित अखंड अष्टयाम को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों महिला तथा पुरुष श्रद्धालुओ ने हिस्सा लिया ।उक्त यात्रा बाजे गाजे के साथ भव्य जुलूस के रूप में मंदिर परिसर से चलकर डेरनी बाजार होकर माही नदी के पवित्र संगम स्थल पर पहुंची। जहा पुरोहित बच्चू तिवारी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरी कराई गई ।इसके उपरांत ग्राम देवता विश्वंभर बाबा की पूजा अर्चना कर यात्रा पुनः मंदिर परिसर में आकर समाप्त हुआ ।यात्रा में मुख्य रूप से सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण शर्मा,लक्ष्मण सिंह,रविंद्र शर्मा, पूर्व बीडीसी ब्रजकिशोर शर्मा, शिक्षक नेता कमलेश कुमार,रणजीत सिंह, मोहित, राहुल, विवेक, चिंटू, अमृत,अजय समेत दर्जनों गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

संठा हर वर्ष होने वाली महाबीरी पूजा 29 अगस्त को

डोरीगंज ।सदर प्रखंड के मौजमपुर पंचायत अंतर्गत ग्राम संठा में प्राचीन महावीर मंदिर में 29 अगस्त यानी मंगलवार को भव्य पूजा अर्चना करने की तैयारी चल रही है। इसको लेकर मंदिर परिसर की साफ -सफाई में ग्रामीण लगे हुए हैं। इस पूजा को लेकर मंदिर प्रसाशन की तैयारी अंतिम चरण में है। वहीं, इस पूजा को लेकर गांव से बाहर जाकर अन्य प्रदेशों में रहने वाले लोगों का भी वापस गांव लौटना शुरू हो चूका है। गौरतलब है कि, इस प्राचीन महावीर मंदिर की पूजा में ध्वज चढ़ाने की परंपरा लगभग 300 वर्ष पुरानी है। जिसकी कहानी यहां के ग्रामीण बताते हैं। आस्था इतनी कि मंदिर परिसर में जो ध्वज लगाए जाते हैं। उसकी संख्या हजारों में होती है,यानी जो लोग भी मन्नत मांगते हैं उनकी मनोकामना पूर्ण होने पर एक ध्वज लगाते हैं। इसके बारे में स्थानीय लोग बताते हैं कि, लगभग 300 वर्ष पूर्व बाढ़ में महावीर जी की छोटी प्रतिमा यहां के ग्रामीण को मिली थी। जिसे स्वप्न में मंदिर बनाने की बात बताई गई और उसी के द्वारा मंदिर की स्थापना की गई। तब से इसकी प्रसिद्धि बढ़ती ही चली गई। स्थानीय लोग बताते हैं कि जो लोग भी सच्चे मन से महावीर जी की पूजा करते हैं और मन्नतें मांगते हैं ,उनकी मन्नते पूरी होती हैं।

महिला की हत्या को लेकर प्राथमिकी हुई दर्ज

दरियापुर ।अवतारनगर थाना क्षेत्र के सखनौली में दुष्कर्म के बाद महिला की हुई हत्या के मामले में वैशाली जिले के गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र के शहदुलापुर की मृतका की सास गीता देवी ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है ।जिसमे उसने कहा है कि उसका पुत्र धर्मेंद्र सिंह सखनौली में जमीन खरीदकर चार महीने पूर्व यहां झोपड़ीनुमा घर बना कर रह रहा था ।विगत दो माह पूर्व वह दिल्ली कमाने चला गया ।इसके बाद उसकी बहु निकी देवी अपने तीन बच्चों के साथ यहां रह रही थी ।इसी बीच उसकी हत्या कर दी गई ।एफआईआर में उसने अज्ञात लोगों द्वारा गला दबा कर हत्या कर दिए जाने की आशंका व्यक्त की है ।उधर थानाध्यक्ष मो जफरुद्दीन ने बताया कि हत्याकांड का खुलासा एक दो दिन में कर लिया जाएगा ।कुछ सुराग मिले हैं ।उसके आधार पर तहकीकात की जा रही है।

बसंतपुर पंचायत सुंडी संघ का सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। रांची जिला मुख्यालय से करीब 55 किलोमीटर दूर स्थित सिल्ली थाना राहें अंचल के बंसिया गांव में पंच परगना सुंडी संघ के आह्वान पर बंसिया बसंतपुर पंचायत सुंडी संघ का सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम दीप प्रज्वलित कर अतिथियों ने सम्मेलन की शुरूवात की ।इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु जी, उद्घाटन कर्ता झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु, प्रदेश महामंत्री उमेश साहु,वरीय प्रदेश कार्यसमीति उदय साहु, मुकेश साहु,रमेश साहु, रूपेश साहु, डा अंशु,पश्चिम बंगाल सुंडी संघ से कृष्णा मुरारी साहु, भोला नाथ साहु सिल्ली शौंडिक जागरण मंच के अध्यक्ष राधेश्याम साहु, महामंत्री सुधीर साहु जी, पंच परगना सुंडी संघ के संस्थापक संयोजक बीरेंद्र साहु,मंचाशीन थे। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहु जी के साथ ही सभी सम्मानित अतिथियों का गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण कर लाया गया, सभी अतिथियों को बुके,मोमेंटो, साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि के साथ आए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे पूर्व मंत्री केशव महतो कमलेश एवम सांसद प्रतिनिधी सचिदानंद चौधरी जी को भी स्वागत किया गया। बंसिया बसंतपुर पंचायत द्वारा आयोजित सम्मेलन में पूरे पंच परगना ग्रामीण क्षेत्रों के समाज के लोगों का महाजुटान बंसिया गांव में हुआ। पूर्व सांसद स्व शिव प्रसाद साहु जी को स्मरण कर उनके द्वारा किए गए कार्यों को एक एक कर याद किया गया। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु ने पंच परगना सुंडी समाज द्वारा बहुत कम समय में संगठन की सक्रियता की तारीफ कर दिनाक 24 सितंबर को रांची में झारखंड प्रदेश शोंडिक संघ द्वारा होने वाली अखिल भारतीय शोंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह जिसमें पूरे देश विदेश के अतिथिगण रांची में पधार रहे हैं आपसबों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए जायदे से ज्यादा संख्या में समाज के लोग मोराबादी संगम गार्डेन हाल में जरूर पधारे, मुख्य अतिथि सांसद धीरज प्रसाद साहु जी ने सभी वक्ताओं की बाते सुनकर पूरे पंच परगना सुंडी समाज को भरोसा दिलाया कि मै सदन में सुंडी समाज को अनुसूचित जाति में शामिल करनेकी मांग को मैं सदन में उठाऊंगा साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से भी अनूसूचित जाति के मुद्दे पर बात की जायेगी। सांसद धीरज प्रसाद साहु ने बंसिया बसंतपुर पंचायत के लिए बंसिया में एक एंबुलेंस अपने सांसद कोश से देने की घोषणा की अन्य वक्ताओं में प्रदीप कुमार, राजन साहु अजीत साहु ,उपेन साहु ,दिलिप साहु मनोज साहु, श्रीधर साहु, सुजीत साहु, दिलिप साहु, सुमन साहु, चंदन साहु, रघुनंदन साहु, मुक्ति साहु, सतन साहु, गौतम साहु, अविनाष साहु,गौरी शंकर साहु, मिलन साहु, भूलु साहु, बिनोद साहु बसारूली, संतोष साहु, बलराम साहु, जगबंधु साहु, ब्रजेश साहु, अजय साहु, प्रो राधारमण साहु, पंकज आर्या, के अलावे हजारों की संख्या में पंच परगना ग्रामीण क्षेत्र के सुंडी समाज के लोग उपस्थित थे। सभा की अध्यक्षता बीरेंद्र साहु, मंच संचालन राजन साहु, स्वागत भाषण प्रदिप कुमार, एवम धनयबाद ज्ञापन कृष्णा मुरारी साहु ने किया।

पुलिस पब्लिक की मदद से मसौढ़ी होगा सुरक्षित

प्रात : किरण संवाददाता

मसौढ़ी। मसौढ़ी थाना के परिसर में ए एस पी श्री शुभम आर्य की अध्यक्षता में आम नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोगों की सुरक्षा हेतु मसौढ़ी त्रिनेत्र समिति का गठन किया गया। इस समिति की सहायता से मसौढ़ी के अपराध हॉटस्पॉट क्षेत्र, मसौढ़ी शहर के प्रवेश और निकास मार्ग, बाजार व प्रतिष्ठा एवं विभिन्न चौक चौराहों आदि पर विभिन्न चार चरणों में सी सी टीवी कैमरा नागरिकों के सहयोग से लगाया जाना निश्चित किया गया। इसके प्रथम चरण की शुरूआत तत्कालीन ए एस पी वैभव शर्मा द्वारा की गई थी। वर्तमान ए एस पी शुभम आर्य के नेतृत्व में शेष चरण में लगभग 100 कैमरे और लगाने की योजना निर्धारित की गई। सभी कैमरा पी टी जे क्वालिटी, रिजोल्यूशन क्षमता 100 मीटर का रखा जाएगा । कैमरा की मॉनिटरिंग मसौढ़ी थाना द्वारा की जाएगी। बिहार के किसी भी अनुमंडल में नागरिकों के सहयोग से किए जाने वाला यह एक अनूठा पहल होगा। इस समिति के पदेन अध्यक्ष अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, उपाध्यक्ष थानाध्यक्ष मसौढ़ी, सचिव विद्या एजुकेशनल ग्रुप के सचिव राहुल सर, उप सचिव समाजसेवी लाला यादव, कोषाध्यक्ष मोहम्मद मसूद रजा, प्रवक्ता रेड क्रॉस प्रभारी विश्व रंजन जी होंगे। इसमें 21 लोगों की कोर कमेटी होगी जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों से सभी का प्रतिनिधित्व होगा। जैसे व्यावसायिक वर्ग, चिकित्सक वर्ग, शिक्षा प्रकोष्ठ, समाज मसेवी वर्ग, जनप्रतिनिधि आदि । कोई भी व्यक्ति कैमरा लगाने में अपना सहयोग प्रदान कर इसका आम सदस्य बन सकते है ।मौके पर डॉक्टर सुधीर कुमार, श्रीकृष्ण सिंह शिक्षक, डॉ रामजयपाल सिंह, सैयद रिजवान, रमाकांत रंजन किशोर, आनंद कुमार, विजय यादव, गोरख जी, चंद्रभूषण जी स्वर्णकार, रंगेश शर्मा, मोहम्मद मुन्ना जी, मोहम्मद राजू आदि सहित अन्य कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

स्वतंत्रता सेनानी की पुण्य तिथि पर लोगों ने किया याद, किया पुष्प अर्पित

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। कार्यालय ।स्वतंत्रता सेनानी व वीरांगना स्वर्णलता देवी की 49 वीं पुण्यतिथि का स्वर्ण महोत्सव का आयोजन स्थानीय एसडीएस पब्लिक स्कूल में प्रोफेसर डॉ.के.के. द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में अवकाश प्राप्य शिक्षक व साहित्य प्रेमी शंभु कमलाकर मिश्र,,विजय कुमार सिंह विभाग संचालक,सीमा सिंह,निदेशिका वात्सल्य स्कूल, प्रोफेसर डॉ.पृथ्वीराज सिंह, हरिनारायण सिंह, पूर्व प्राचार्य .अरुण कुमार सिंह, ड़ॉ विद्या भूषण श्रीवास्तव,शिखा सिन्हा, कुन्ती देवी, डॉ. किरण सिंह, भँवर किशोर,सुरभित दत्त, आदित्य अग्रवाल,जितेन्द्र कुमार रंजन मिश्रा, कामेश्वर राय,सुधाकर प्रसाद,राकेश सिंह, डॉ.राजेश डाबर के.के.वैष्णवी आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। विषय प्रवर्तन आयोजिका व लेखिका कश्मीरा सिंह ने स्वर्णलता देवी के जीवन के कुछ अनछुए पहलुओं से अवगत कराया। मंच संचालन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग व्यवस्थापक ओम प्रकाश गुप्ता ने किया। इसके पूर्व अपने संबोधन में श्री शंभु कमलाकर मिश्र ने परतंत्र और स्वतंत्र भारत की स्थितियों को स्पष्ट करते हुए गाँधी जी की महत्ता और अमिय दा के माता के प्रति समर्पण को किसी बलिदान से कम नहीं बताया। पूर्व प्राचार्या सीमा सिंह ने इस तरह के आयोजनों में बच्चों की सहभागिता को आवश्यक बतलाया। ड़ॉ पृथ्वीराज सिंह ने स्वर्णलता जी के आगमन को बंगाल से बिहार को जोड़ने की घटना कहा। स्वर्णलता जी का जन्म वर्ष और छपरा में कालीबाड़ी की स्थापना का वर्ष एक ही है। समारोह को विजय कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह,शिखा सिंह आदि कई व्यक्तियों ने सम्बोधित किया। संगीत शिक्षिका प्रियंका कुमारी ने स्वर्णलता जी की पुस्तक से एक कविता, "स्वर्णलता तुम एक बार फिर आना" को अपने मधुर स्वर से पाठ किया। की प्रकाश विश्वविद्यालय के संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वैद्यनाथ मिश्र ने अपनी संस्कृत कविता " भारतमातुः सा वीर सुता। इह जयति जयति स्वर्णलता" का पाठ किया।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में पूर्व प्राचार्य ड़ॉ के के द्विवेदी ने स्वर्णलता जी के प्रति श्रद्धा सुमन याद करते हुए कहा कि वे सचमुच में वीरांगना थी ।लोगो खासकर महिलाओं को जागृत करते हुए आगे आने का आह्वान की थी यही नही,वे समाज व राष्ट्र के विकास के प्रति संघर्षशील महिला थी जिन्हें भुलाना कठिन है इनके कार्यो से हम सभी को प्रेरणा लेकर धरातल पर उतारने का प्रयास करना चहिये तभी इनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। धन्यवाद ज्ञापन सुरभित दत्त ने किया। अस्वस्थता के कारण उनके पुत्र अमिय दा पटोना से नहीं आ सके। उन्होंने मोबाइल पर अपनी माता को श्रद्धांजलि निवेदित किया ।कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गीत से किया गया ।प्रारम्भ में सभी ने स्वर्णलता जी की तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया।

सबदरा गांव में मना जिला स्तरीय वनदेवी पूजा महोत्सव

प्रात : किरण संवाददाता

मांझी । स्थानीय प्रखण्ड के मरहां पंचायत के सबदरा गांव में रविवार को जिला स्तरीय वनदेवी पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता वीर प्रकाश साह गोंड ने की। इस दौरान सांस्कतिक कार्यक्रम के तहत पारंपरिक गोंडउ नृत्य का भी लोगों ने आनंद लिया। महोत्सव को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्य अनुसूचित जनजाति के सलाहकार प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि प्राचीनकाल से जंगल में अपना जीवन बसर करने वाले आदिवासी हीं पूरे मानव समाज के पूर्वज हैं।

खुशी की बात है कि गोंड जनजाति के लोग आज भी आदिवासी समाज की अपनी परंपरा को जीवित रखने के लिए हमेशा प्रयासरत रहे हैं। वनदेवी की पूजा वास्तव में प्रकृति की पूजा है। पेड़-पौधों व वन की सुरक्षा करके हीं वनदेवी महोत्सव को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र व बिहार सरकार के द्वारा कानूनन आरक्षण समेत विभिन्न सुविधाएं प्रदान जनजाति समुदाय को आगे बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। मगर गोंड जनजाति के लोग शिक्षा व एकजुटता की कमी के कारण उसका लाभ नही उठा पा रहे हैं। महोत्सव को प्रो. कौशल्या देवी, जदयू आदिवासी प्रकोष्ट के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र साह गोंड, जिला अध्यक्ष अखिलेश कुमार, गोटूल इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष डाक अधीक्षक दिनेश साह, डॉ निलमणि कुमार, डॉ रामजी प्रसाद, डॉ चन्दन कुमार, डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी, सुराजी नेता उदय शंकर सिंह, समाजसेवी ध्रुवदेव गुप्ता, भाजपा नेता राणा प्रताप सिंह "डब्लू", राजेश्वर कुंवर, दिनेश कुमार, सरपंच रेखा देवी, मुखिया मुन्ना साह, पूर्व मुखिया परमहंस साह, श्रीराम राय आदि ने संबोधित किया। महोत्सव में पूर्व मुखिया शिवपरसन साह, कोपा चेयरमैन प्रतिनिधि बुस्तामी, सुरेमन साह, शैलेन्द्र साह, कोपा उपमुख्य पार्षद प्रतिनधि राहुल सिंह, रामनारायण यादव, तारकेश्वर साह समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

जनसुराज को धारदार व मजबूत बनाया जाएगा: जिला अध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा ' जनसुरज के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा, प्रशांत किशोर का भी यही उद्देश्य है ' उक्त बातें जन सुराज संगठन के जिला अध्यक्ष राम पुकार मेहता ने रविवार को रेवा - गरखा रोड होटल महाराजा स्थित संगठन कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही ' उन्होंने प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि जिला में प्रशांत किशोर द्वारा पदयात्रा समाप्ति के लगभग तीन माह बीत गए हैं, इस दौरान जनसुरज संगठन काफी मजबूत हुआ है और बड़ी तादाद में युवा, नौजवान बुजुर्ग सभी लोग जुड़े हैं, एक बेहतर संगठन बनाना और उसे मजबूती प्रदान करना ही जनसुरज का मुख्य उद्देश्य है ' प्रखंड अध्यक्षों को सम्मानित कार्यक्रम के अवसर पर जिला अभियान समिति के अध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह उर्फ मुन्ना भवानी ने प्रखंड अध्यक्षों की सूची जारी करते हुए कहा कि 20 प्रखंड व एक नगर निगम में जनसुरज का अध्यक्ष, संगठन महासचिव तथा सभापति का गठन कर दिया गया है ' आने वाले दिनों में जनसुरज एक मजबूत संगठन के रूप में उभरेगा ' जनसुराज के मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रशांत किशोर के पदयात्रा के बाद संस्था में 60000 से अधिक लोग इससे जुड़े हैं ' कार्यवाहक व यूथ सदस्य भी शामिल हैं ' इस संगठन में यूथ क्लब, अंबेडकर क्लब और कपूर्री क्लब का गठन 318 पंचायत में किया जा चुका है ' जनसुराज संगठन के प्रखंड में जिन्हें अध्यक्ष जिम्मेदारी दी गई उनमें अमनौर में मनोज सिंह, मकेर में नागेंद्र शर्मा, परसा में हरेश्वर सिंह, दरियापुर में चंद्रशेखर सिंह, दिघवारा में अजीत सिंह पप्पू, सोनपुर में राजा सिंह तथा तरैया में किशोर सिंह मुखिया आदि का नाम शामिल है ' इसी तरह इसुआपुर प्रखंड के हरे राम तिवारी, पानापुर में जितेंद्र कुमार शर्मा, मढ़ोरा के सुरेश प्रसाद सिंह, नगरा के इरशाद कुरैशी, गरखा के अशोक प्रसाद गुप्ता, छपरा सदर के अजय सिंह एवं रिवीलगंज प्रखंड के अजीत कुमार सिंह को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी गई है ' इसके अलावा लहलहादपुर प्रखंड में नाग नारायण प्रसाद, एकमा प्रखंड में प्रकाश सिंह, बनियापुर में श्रवण महतो, मशरक में संतोष परमार, जलालपुर प्रखंड में अभय तारकेश्वर राम, मांझी में सुशील कुमार सुमन तथा छपरा नगर में रमाकांत सिंह को अध्यक्ष के रूप में संगठन मजबूती की जिम्मेदारी दी गई है ' जनसुराज द्वारा प्रखंड अध्यक्षों को सम्मानित कार्यक्रम में सभी प्रखंड अध्यक्षों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया ' इस कार्यक्रम में जनसुराज संगठन से जुड़े बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे, जिसमें प्रमुख रूप से जिला किसान सेल के अध्यक्ष सुरेश कुमार सिंह, पूर्व जिला परिषद संपत राम रही, संस्थापक सदस्य खुर्शीद नैयर , सलाहकार वशिष्ठ कुमार, सभापति अशोक सिंह तथा पूर्व जिला पार्षद सह जिला प्रवक्ता मनोरमा कुमारी आदि का नाम शामिल है।

कार्यालय का हुआ उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सारण की सभ्यता संस्कृति के संरक्षण व संवर्द्धन को संकल्पित संस्था सारण महोत्सव के कार्यालय का उद्घघाटन रविवार को हुआ। उद्घघाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह निवर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष रामदयाल शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

शहर के सलेमपुर स्थित अग्रवाल भवन परिसर में खुले इस कार्यालय के उद्घाटन समारोह में संस्था के सदस्यों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में शहर के बुद्धिजीवी व सामाजिक कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।आगन्तुक अतिथियों का स्वागत उपाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सिंह ने किया। अध्यक्षता चंद्र प्रकाश राज ने किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन सूचना जनसंपर्क सचिव राकेश मिश्रा ने किया।

इस अवसर पर समाजसेवी धर्मनाथ पिन्टु, धीरज सिंह, प्रियन्का सिंह शिक्षिका, डॉक्टर देवेश कुमार, अली रासीद, शिवा अनुग्रह सिंह, राकेश भूषण पाण्डेय, कमल कुमार सिंह सेंगर, अमितेश कुमार, लाल मोहन सिंह, राकेश कुमार श्रीवास्तव, बिनोद सिंह, प्रमोद कुमार आदि गणमान्य उपस्थित हुए।

विपक्षी दलों की बैठक का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

दरियापुर ।स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के पिरारारीडीह पंचयात भवन के प्रांगण में विपक्षी दलों के गठबंधन के नेताओं तथा कार्यकताओं की प्रखंड स्तरीय जन जागरण की पहली बैठक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के अंचल सचिव कॉमरेड डॉ० केएन सिंह की अध्यक्षता और स्थानीय विधायक छोटे लाल राय की उपस्थिति में की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ० केएन सिंह ने भाजपा की जन विरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने देश मे नफरत का माहौल कायम कर देश में अराजकता की स्थिति बना कर संविधान को खत्म करने का प्रयास कर रही है ।जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को परास्त कर आईएनडीआईए गठबंधन को जीता कर देश की लोकतंत्र को बचाया जाय। बैठक के मुख्य वक्ता स्थानीय विधायक और महागठबंधन के संयोजक माननीय छोटे लाल राय जी ने इस नए गठबंधन के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज देश के लोकतंत्र और संविधान को खतरे में डाल केंद्र की मोदी सरकार संविधान को समाप्त करने का कुचक्र कर रही है ।मणिपुर, नूह इत्यादि जगहों पर साम्प्रदायिक उन्माद को मोदी सरकार शह दे कर अगला लोकसभा चुनाव जीतने का ख्वाब देख रही है जिसे देश आईएनडीआईए गठबंधन के घटक दलों के समर्थक जन भागीदारी के बल पर नेस्तनाबूद कर देगी ।परंतु जरूरत है अपनी चट्टानी एकता को और भी मजबूत किया जाय। वही बैठक को सम्बोधित करते हुए विजय कुमार साह, तरुण तिवारी, ज्योति नारायण तिवारी, राजनाथ राय, सिपाही राय आदि वक्ताओं ने अपनी-अपनी बाते रखी। जिसके बाद कॉमरेड किशोरी प्रसन्न राय ने अपने क्रांतिकारी गीत के माध्यम से मोदी सरकार के झूठ का पदार्फाश किया और उसे हराने के आह्वान किया। अंत मे धन्यवाद ज्ञापित करते हुए नवनिर्वाचित मुखिया पंकज कुमार मांझी ने सभी नेताओं व कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया और महागठबंधन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

राष्ट्रीय खेल दिवस अंतर विद्यालय हैंडबॉल, कबड्डी एवम दौड़ आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय खेल दिवस सप्ताह के तहत रविवार को राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मशरक के प्रांगण में रविवार को अंतर विद्यालय बालिका हैंडबॉल , कबड्डी एवम दौड़ प्रतियोगिता हुई । बिहार शिक्षा परियोजना एवम बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा जारी गाइड लाइन के आलोक में जिला खेल पदाधिकारी सारण के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में मशरक के अलावे सीमावर्ती इसुआपुर एवम पानापुर के आधे दर्जन से अधिक सरकारी एवम निजी विद्यालय के छात्राओं ने भाग लिया। हैंडबॉल एवम कबड्डी प्रतियोगिता में उच्च विद्यालय मशरक विजेता जबकि उच्च विद्यालय महुली चकहन इसुआपुर उपविजेता हुआ। नगर पंचायत मशरक वार्ड 6 के पार्षद सिकंदर कुमार , उच्च विद्यालय महुली चकहन के प्रभारी प्राचार्य द्वारीकानाथ गिरी एवम उच्च विद्यालय मशरक के शिक्षक सह सारण जिला शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर विजेता एवम उपविजेता खिलाड़ियों सहित सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। खेल का संचालन राष्ट्रीय खिलाड़ी रितेश कुमार सिंह , आकाश कुमार , राजा कुमार सिंह एवम विद्यालय कर्मी राजकुमार प्रसाद ने किया। राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पिछले सप्ताह से आयोजित खेल प्रतियोगिता के अन्य सभी प्रतिभागियों को 29 अगस्त को खेल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार देने की बात विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अरुण कुमार बरनवाल ने बताया।

मशरक के कुशवाहा टोला गांव में जदयू का ग्राम संसद कार्यक्रम आयोजित, नगर पंचायत अध्यक्ष का हुआ चुनाव

मशरक ।मशरक प्रखंड जदयू द्वारा कुशवाहा टोला गांव में रविवार को ग्राम संसद सद्भाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड जदयू अध्यक्ष रामाधार सिंह ने किया। वही मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जदयू सारण विधानसभा प्रभारी जय प्रकाश महंतों और जिला जदयू सचिव डॉ कैलाश प्रसाद सिंह मौजूद रहें ।इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने बिहार सरकार के विकास एवं उपलब्धियां गिनाते हुए कहा की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार मे लगातार किसानों को लाभ अनुदान तथा शिक्षा मे सुधार, समेत हरेक विकास कार्यो को रफ्तार दे रहे हैं। बिहार सरकार द्वारा दिए जा रहे योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को मिले इसके लिए सजग रहना होगा। बैठक में मशरक नगर पंचायत क्षेत्र में जदयू नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर दिलीप कुशवाहा का चयन किया। वही नगर पंचायत में 11 सदस्यीय जदयू कार्यकारणी का भी गठन कर दिया गया । मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह ने बताया कि ग्राम संसद सद्भावना की बात कार्यक्रम के तहत मशरक के कुशवाहा टोला गांव,गंगौली, मदारपुर,जजौली, खजुरी,अरना, दुरगौली पंचायतों में रविवार को बैठक आयोजित कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में किए गए कार्यो को आम लोगों का बताया गया।

मशरक राजद का नगर पंचायत वार्ड अध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों का हुआ चुनाव

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक। राष्ट्रीय जनता दल के मशरक नगर पंचायत के वार्ड अध्यक्षों और कार्यकारिणी सदस्यों का गठन किया गया। इसको लेकर गोपालवाड़ी गांव में राजद नगर पंचायत की बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान राजद के प्रखंड अध्यक्ष विक्रमा सिंह ने बताया कि लोकसभा 2024 और विधानसभा 2025 चुनाव व पार्टी मजबूती को लेकर वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर मशरक नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र राय के नेतृत्व में नगर पंचायत में वार्ड अध्यक्ष और कार्यकारणी सदस्यों का चयन किया गया है। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बनियापुर राजद विधायक केदारनाथ सिंह के पुत्र उच्च न्यायालय पटना के अधिवक्ता रितुराज सिंह और चुनाव प्रभारी सह राजद जिला उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह ने नगर पंचायत क्षेत्र में चयनित वार्ड अध्यक्षों और कार्यकारणी सदस्यों को प्रमाण पत्र सौंपा। मशरक नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र राय ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल के संगठन विस्तार को लेकर नगर पंचायत क्षेत्र में सभी 16 वार्डों में वार्ड अध्यक्ष और कार्यकारणी सदस्यों का गठन कर उन्हें उनका प्रमाण पत्र सौंपा गया।

सम्पादकीय

शिक्षा सुधार की आवश्यकता

विजय गर्ग

हम सभी जानते हैं कि भारत की शिक्षा प्रणाली हर पाँच साल में बदल जाती है जब कोई नई सरकार शासन करती है। यह एक तथ्य है जिसे हम सभी ने पिछले कुछ वर्षों में विशेष रूप से देखा है। यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि जब से भारत ने वर्तमान संविधान को अपनाया है, नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा शुरू करने के सभी प्रयासों को अवरुद्ध करने के लिए धर्मनिरपेक्षता शब्द को गलत तरीके से प्रचारित किया गया है। भले ही एक के बाद एक शिक्षा आयोग ने नैतिक शिक्षा शुरू करने की सिफारिश की है, सरकार झूठी धर्मनिरपेक्षता के काल्पनिक हित में उनकी सिफारिशों की उपेक्षा कर रही है। नतीजा यह है कि चीजें पहले से भी अधिक तेजी से बिगड़ती जा रही हैं।

श्री अरबिंदो ने स्पष्ट रूप से कहा था कि नैतिक और धार्मिक शिक्षा की पूरी तरह से उपेक्षा करना जाति को भ्रष्ट करना है। स्वदेशी आंदोलन के बचत स्पर्श से पहले हमारे युवाओं में कुख्यात नैतिक भ्रष्टाचार, दिए गए विशुद्ध मानसिक निर्देश का प्रत्यक्ष परिणाम था। उन्हें शिक्षा की अंग्रेजी प्रणाली के तहत। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा से रहित व्यक्ति एक अमानवीय व्यक्ति है जिसके जीवन का मूल्य एक पैसा भी नहीं है। उपरोक्त तर्क के समर्थन मंए कई अन्य राष्ट्रीय नेताओं जैसे डॉ. राधाकृष्णन, विनोबा भावे आदि के विचारों को बड़े पैमाने पर उद्धृत किया जा सकता है। लेकिन इसकी कोई जरूरत नहीं लगती क्योंकि नीति-निमार्ताओं को इन सभी विचारों के बारे में भली-भांति पता है. तो फिर अड़चन कहां है? यह केवल एक सुसंगत शिक्षा नीति बनाने की आवश्यकता के अहसास की कमी है जिसमें नैतिक शिक्षा और ध्यान का अभ्यास हमारी शैक्षिक प्रणाली का हिस्सा है। हालाँकि, अगर इसे जल्द ही महसूस नहीं किया गया, तो इससे नैतिक शून्यता पैदा हो सकती है जो आगे चलकर अपराध, भ्रष्टाचार, क्रूरता, हिंसा और उग्रवाद को जन्म दे सकती है।

समय की मांग सिर्फ नैतिक शिक्षा शुरू करने की नहीं है, बल्कि चेतना या स्वयं की प्रकृति को जानने की भी जरूरत है क्योंकि भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित और विज्ञान पढ़ाना ही पर्याप्त नहीं है; शिक्षा को व्यक्ति को स्वयं या मन के बारे में प्रबुद्ध करना चाहिए। अरबिंदो ने कहा है: शिक्षा का सच्चा आधार मानव मस्तिष्क का अध्ययन है। शैक्षणिक पूर्णता के सिद्धांतों पर आधारित कोई भी शिक्षा प्रणाली, जो अध्ययन के साधन (मन) की उपेक्षा करती है, उससे बौद्धिक विकास में बाधा और हानि होने की अधिक संभावना है। एक पूर्णतः सुसज्जित मस्तिष्क का निर्माण करें। आज वैज्ञानिक अनुसंधानों ने यह स्पष्ट रूप से स्थापित कर दिया है कि ध्यान से व्यक्ति और समाज को अनेक लाभ होते हैं, तो फिर सरकार इसे स्कूलों और कॉलेजों में क्यों नहीं लागू करती? इस प्रश्न का उत्तर, शायद, यह हो सकता है कि ध्यान की बहुत सारी प्रणालियाँ या प्रकार प्रचलन में हैं और सरकार को नहीं पता कि किसे शुरू किया जाए। हालाँकि, यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण और सर्वकालिक उपयोगी विषय के परिचय को अवरुद्ध करने का पर्याप्त कारण प्रतीत नहीं होता है। यदि परिणामों का मूल्यांकन अभ्यासकताओं को उनके शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक और सामाजिक स्वास्थ्य के संबंध में मिलने वाले लाभों से किया जाता है, तो कम से कम परीक्षण के आधार पर कुछ स्कूलों में इसे शुरू करने पर विचार करने के लिए यह पर्याप्त आधार होना चाहिए। दूसरी कसौटी यह हो सकती है कि जिन सिद्धांतों पर यह आधारित है वे सार्वभौमिक, वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक रूप से सही हैं या नहीं। तो, आइए हम शिक्षा सुधारों की मांग उठाएं और ज्ञानोदय के युग में जाने के लिए अपने ढुलमुल रवैये से छुटकारा पाएं।

देश के ज्ञान की बानगी है चन्द्रयान-3

डा. रवीन्द्र अरजरिया

समूची दुनिया में देश के चन्द्रयान-3 की चर्चा जोरों पर है। इसरो के वैज्ञानिकों ने न केवल विक्रम लैंडर की चांद के दक्षिणी ध्रुव वाले दुर्गम इलाके में सफल लैंडिंग कराई बल्कि प्रज्ञान रोवर को वहां की धरती पर उतार कर उसे सक्रिय भी कर दिया। अपने ही चन्द्रयान-2 के आर्बिटर से ली गई तस्वीर सांझा करते हुए राष्ट्र की स्वदेशी तकनीक के झंडे गाड दिया। इस उपलब्धि पर पूरा देश गौरवान्वित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसरो के बैग्लुरू स्थित कमांड सेन्टर पहुंचकर वैज्ञानिकों को रू-ब-रू बधाई देते हुए 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे, चन्द्रयान-3 के उतरने वाली जगह को शिव शक्ति प्वाइंट तथा चन्द्रयान-2 की छाप छोडने वाले स्थान को तिरंगा प्वाइंट की घोषणा की। आधुनिक विज्ञान के क्षेत्र में भारत का परचम फहराना कोई नई बात नहीं है। देश के ज्ञान की बानगी भर है चन्द्रयान-3। इस भूभाग के निवासियों ने सनातनकाल से ही अपने अलौकिक अनुसंधानों, उनके कल्याणकारी परिणामों तथा जीव-प्रकृति की निरंतरता के लिए कार्य किये हैं। केवल चांद, मंगल जैसे निकटवर्ती ग्रहों पर पहुंचकर आज का मानव अपनी पीठ ठोक रहा है जबकि अतीत में हमारे परा-वैज्ञानिक जिन्हें ऋषि, मुनि या तपस्वी जैसे संबोधन दिये जाते थे, ने अपनी प्रतिभा को क्षमताओं की चरमसीमा पर पहुंचाकर ब्रह्माण्ड के सभी ग्रहों की पृथ्वी से दूरियां, वहां की प्रकृति, वहां के वातावरण और वहां की परिस्थितियों जैसे सभी पक्षों को जानकर सांकेतिक भाषा में पहले ही लिपिबध्द कर दिया था। सनातन साहित्य के पुरातन ग्रन्थों के भण्डार में हमारे ऋषियों व्दारा की गई खोजों को आज भी देखा जा सकता है। उस दिव्य भण्डार की धूल के एक कण ही पर गहन शोध करने के बाद विश्व के आधुनिक वैज्ञानिकों को वर्तमान सफलतायें मिल रहीं है। अभी तो बहुत कुछ जानना बाकी है। ज्योतिष शास्त्र, अंक शास्त्र, रसायन शास्त्र, औषधि शास्त्र, शस्त्र शास्त्र, जल शास्त्र, वायु शास्त्र, पाषाण शास्त्र, खनिज शास्त्र, शरीर शास्त्र, जीव शास्त्र, वनस्पति शास्त्र जैसे 108 मूल शास्त्र तथा उनके अनेक अनुभाग मिलाकर 1008 उप-शास्त्रों का ज्ञान भण्डार हमारे देश में उपलब्ध था जिसे आक्रान्ताओं ने लूट और न लूट सकने की स्थिति में उसे नष्ट कर दिया। उस दौरान अहिंसा परमोधर्माः के आदर्श वाक्य पर चलने वाले निवासियों ने अपनी सीमाओं, मयार्दाओं और सिध्दान्तों के अनुशासन में रहकर प्रतिकार किया किन्तु वे मनमाने आचरण करने वाले असुरीय प्रवृति के गिरोह का मुकाबला नहीं कर सके। परिणामस्वरूप ऋषियों की अनेक दुर्लभ खोजों की जानकारियां अस्तित्वहीन हो गईं और कराहती मानवता ने घुट-घुटकर दम तोड दिया। आज दुनिया एक बार फिर से शुरूआती दौर के अनुसंधानों पर जी-जान से प्रयास कर रही है। इस श्रंखला में चंद्रयान की उपलब्धियों ने अन्तरिक्ष विज्ञान में भारत को पुनः सिरमोर बना दिया है। सनातन साहित्य में उल्लेखित है कि सृष्टि के निमार्ता ने धरती की आधार शिला रखने के दौरान स्वयं ही विशेष कर्मयोगियों के लिए आधारभूमि तैयार कर दी थी। उन्होंने अपनी सम्पूर्ण क्षमताओं को विकसित करके प्रकृति के अनेक रहस्यों को जान लिया था। सप्तऋषियों के प्रयासों को आज प्रकाशस्तम्भ के रूप में देखा जा रहा है। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार कश्यप ऋषि को सृष्टि के सृजन का श्रेय देते हुए उन्हें संतानोत्पत्ति से लेकर वनस्पतियों की स्थापन तक का सूत्रधार माना जाता है। अत्रि ऋषि को औषधि शास्त्र से लेकर चिकित्सा शास्त्र तक के प्रणेता के रूप में स्थापित किया गया है। उन्हें देवताओं के चिकित्सक अश्वनी कुमारों ने ही शिक्षित-प्रशिक्षित किया था। वेदांत के अनूठे ज्ञान की स्थापना करने वाले वशिष्ठ ऋषि के संदर्भ में आदि शंकराचार्य के स्वयं अपनी लेखनी से अनेक रहस्योद्घाटन किये हैं। संकल्पशक्ति से तपस्चर्या तथा सामर्थ से पुरुषार्थ संतुलित समुच्चय करने वाले वशिष्ठ ऋषि ने सफलता के लिए एकाग्रता के विभिन्न सूत्र दिये थे जिन पर चलकर बहुआयामी लक्ष्यों का एकसाथ भेदन किया जा सकता है। जन्मांध गौतम ऋषि की वाक्य सिध्द तथा संवेदनशीलता का उदाहरण देवराज इंद्र तथा स्वयं की पत्नी अहिल्या को दी जाने वाली शाप स्वयं है। नेत्रविहीनता को उन्होंने अपनी प्रतिभा के लिए अवरोध न मानते हुए वरदान बना लिया था। इसे अन्तर्दृष्टि की विकसित क्षमता के रूप में आज भी परिभाषित किया जाता है। जमदग्नि ऋषि की सूक्ष्म तंरगीय साधनाओं ने इच्छित परिणामों को व्यवहार के धरातल पर उतारा था और भारव्दाज ऋषि को तो शस्त्र शास्त्र, विमान शास्त्र, अर्थ शास्त्र आदि का ज्ञाता माना जाता है। उन्होंने विमान शास्त्र में तो 8 अध्यायों में समाहित 3000 श्लोकों के माध्यम से अद्भुद सूत्र दिये हैं जिनमें लडाकू विमान, अंतरिक्ष विमान, मानवरहित विमान, दूरनिर्देशित विमान, स्वःनिर्देशित विमान, असीमित क्षमता वाले यात्री और मालवाहक विमान, विध्वंशक विमान, सुगंधवर्षा विमान, वायुमण्डल पवित्रीकरण विमान जैसे अनेक विमानों के निर्माण, उनके रखरखाव तथा उनके संचालन की व्याख्या की गई है। इसी शास्त्र के अंशिक संकेतों के आभाषीय प्रकाश में ही वर्तमान यानों, मिसाइलों, प्रक्षेपास्त्रों आदि का निर्माण किया जा रहा है। सप्तऋषियों के संबंध में शतपथ ब्राह्मण के हटकर महाभारत में ऋंगी ऋषि, मरीचि ऋषि, अत्रि ऋषि, अंगिर ऋषि, पुलह ऋषि, क्रतु ऋषि, पुलस्त्य ऋषि तथा वसिष्ठ ऋषि के नामों का उल्लेख हैं। ऋषियों ने न केवल सांसारिक सृष्टि के कल्याणार्थ अपने प्रयोगों को अनुष्ठानों के रूप में संकल्पशक्ति के साथ गुरुसत्ता का सानिध्य पाकर पूरा किया था बल्कि स्वयं के लिए भी एक पृथक सृष्टि का निर्माण कर लिया था। आज भी वे सप्त तारामण्डल के रूप में अंतरिक्ष में सजीव हैं। जो पृथ्वी के उत्तरी गोलार्थ यानी हेमीस्फेयर के आकाश में सनातनी माह फाल्गुन-चैत से लेकर श्रावण-भाद्रपद तक रात को सहजता से देखे जा सकते हैं। पतंग के आकार में यह सभी ग्रह एक साथ घूमते हैं। जिनका केन्द्र ध्रुव तारा होता है। दूसरी शताब्दी ईसवी में टालमी नामक वैज्ञानिक ने जिन 48 तारामण्डलों की सूची बनाई थी उसमें भी सप्त तारामण्डल शामिल है। वर्तमान अध्ययनों में सूर्य मण्डल से लेकर ध्रुव मण्डल तक सात मण्डलों की उपस्थिति मानी गई है। पृथ्वी से 1 लाख योजन दूर सूर्य मण्डल है जब कि चांद भी सूर्य मण्डल से 1 लाख योजन की दूरी पर है। यानी कि पृथ्वी का उपग्रह होने के कारण उसकी समान दूरी होना स्वाभाविक ही है।

स्वाधीन कलम नेपाली : तुझ-सा लहरों में बह लेता तो मैं भी सत्ता गह लेता

ऐसी स्थिति में रूसी क्रांति से प्रभावित होकर भारत के किसानों और मजदूरों ने वर्ग संघर्ष की अनिवार्यता को महसूस किया और पहली बार तेलांगना में भूमि संघर्ष की शुरूआत हुई। पूरे तेलांगना मे आंदोलन शुरू हो गया। तेलांगना के रक्तरंजित आंदोलन को देख प्रसिद्ध गांधीवादी आचार्य विनोबा भावे तेलांगना पहुंचे और वहां चल रहे आंदोलन को शांत करने के लिए भूदान यज्ञ की शुरूआत कर दी।उन्होंने जमींदार किसानों और भूमिहीनों के बीच सामंजस्य बैठाने के लिए बड़े भू स्वामियों से जमीन दान में लेकर भूमिहीनों के बीच बांटने का अभियान चलाया।

ब्रह्मानन्द ठाकुर

गीतों के राजकुमार कवि गोपाल सिंह नेपाली की आज 112 वीं जयंती है। उनका जन्म 1911 में आज ही के दिन पश्चिम चम्पारण जिले के कालीबाग दरबार में हुआ था। वे एक निर्लिप्त कवि थे। कभी नकाब नहीं पहना।अहंकार और प्रपंचों से दूर उनका व्यक्तित्व अंदर और बाहर से एक समान रहा। यही कारण था कि उन्होंने जहां कहीं भी सामाजिक और राजनीतिक विकृतियां देखीं, ,अपनी कलम से उसकी जमकर खबर ली। नेपाली की दृष्टि में साहित्य साधना का उद्देश्य सत्ता की सीढ़ियां चढ़ना नहीं था।वे खेतों - खदानों में मरने -खपने वाली जनता के कवि थे। राष्ट्रीयता की भावना उनके रग-रग में व्याप्त थी। वे प्राकृतिक सौन्दर्य के अद्भुत चितेरे थे। नेपाली के समकालीन कुछ रचनाकार जहां अपनी कलम की बदौलत सत्ता की सीढ़ियां चढ़ रहे थे,वहीं कवि गोपाल सिंह नेपाली कलम की स्वाधीनता का संदेश दे रहे थे। जनवरी 1963 में उन्होंने लिखा ,

ह्य मेरा धन है स्वाधीन कलम
राजा बैठे सिंहासन पर,यह ताजों पर आसीन कलम
जिसने तलवार शिवा को दी
रोशनी उधार दिवा को दी
पतवार थमा दी लहरों को
खंजर की धार हवा को दी
अग -जग के उसी विधाता ने,कर दी मेरे अधीन कलम ह्य

नेपाली जी के समकालीन कुछ कवि अपने सत्ता- समर्थित राग और कलम की बदौलत ऐश्वर्य की सीढियां चढ़ रहे थे, लेकिन कवि नेपाली को अपनी कलम की स्वतंत्रता की कीमत पर वैभव कभी भी स्वीकार्य नहीं रहा।उसने मुफलिसी जरूर कबूल की लेकिन मरते दम तक कलम की स्वाधीनता बचाए रखी। तब उन्होंने लिखा

ह्यतुझ-सा लहरों में बह लेता
तो मैं भी सत्ता गह लेता
ईमान बेचता चलता तो
मैं भी महलों में रह लेता
हर दिल पर झुकती चली मगर,आंसू वाली नमकीन कलम
मेरा धन है स्वाधीन कलम।

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का उद्देश्य देश की जनता को सामाजिक ,आर्थिक और राजनीतिक समानता का अवसर उपलब्ध कराना था। आजादी मिलने के बाद कवि नेपाली ने महसूस किया कि आर्थिक असमानता की खाई और चौड़ी हुई है,शोषण- उत्पीड़न और अधिक बढ़ा है।भला यह सब देख कर कवि चुप कैसे रह सकता था? तब कवि ने लिखा

ह्यरोटी न किसी को,किसी को मोतियों की ढेर
भगवान तेरे राज में अंधेरे है अंधेर ह्य
(नजराना)

इसी तरह अपनी ह्यचांदनी ह्य शीर्षक कविता में उन्होंने लिखा

ह्यचंद्रकिरण में महलों की दीवार चमकती रहती है,
झोपड़ियों से चांदनी लिपट भर रात सिसकती रहती है
ह्ययदि दूर कुटी के घेरे से
आजादी की परिभाषा है,
गणतंत्र कहो या एकतंत्र---
यह सारा तंत्र तमाशा है।

यह निर्विवाद तथ्य है कि पूंजीवादी व्यवस्था ने आज समाजको शोषक और शोषित दो वर्ग में बांट दिया है। इस वर्ग विभाजित समाज में सदियों से शोषक वर्ग का शोषण और उत्पीड़न बदस्तूर जारी है। आर्थिक समानता लाए बगैर इस वर्गीय शोषण का खात्मा नहीं किया जा सकता। सोवियत रूस में बोल्शेविक क्रांति ने वहां वर्गीय शोषण को समाप्त कर पूंजीवादी समाज व्यवस्था को ध्वस्त कर समाजवादी समाज व्यवस्था कायम किया था।ऐसी स्थिति में रूसी क्रांति से प्रभावित होकर भारत के किसानों और मजदूरों ने वर्ग संघर्ष की अनिवार्यता को महसूस किया और पहली बार तेलांगना में भूमि संघर्ष की शुरूआत हुई। पूरे तेलांगना मे आंदोलन शुरू हो गया। तेलांगना के रक्तरंजित आंदोलन को देख प्रसिद्ध गांधीवादी आचार्य विनोबा भावे तेलांगना पहुंचे और वहां चल रहे आंदोलन को शांत करने के लिए भूदान यज्ञ की शुरूआत कर दी। उन्होंने जमींदार किसानों और भूमिहीनों के बीच सामंजस्य बैठाने के लिए बड़े भू स्वामियों से जमीन दान में लेकर भूमिहीनों के बीच बांटने का अभियान चलाया। वे जमींदारों से कहते थे,भूमिहीन तुम्हारे छठे पुत्र हैं इसलिए अपनी कुल जमीन का छठा हिस्सा तुम इनके बीच बांट दो। दूसरी ओर वे भूमिहीन मजदूरों को समझाते थे कि भू स्वामी तुम्हारे पिता तुल्य हैं।इनसे जमीन जबरन छीनों नहीं ,मांग लो। यही पृष्ठभूमि थी भूदान आंदोलन की। पहला भूदान यज्ञ 18 अप्रैल ,1951 को तेलांगना के नाथमपल्ली गांव में हुआ। राष्ट्रकवि दिनकर ने विनोवा भावे के इस अभियान की प्रशंसा करते हुए भू-दान शीर्षक से एक कविता लिखी जो उनके नील कुसुम संग्रह में पढा जा सकता है। इसमें उन्होंने भूस्वामियों को समझाते हुए लिखा है,

ह्यकृष्णदूत बनकर आया है ,संधि करो सम्राट
मच जाएगा प्रलय कहीं वामन हो गया विराट।

जाहिर है,वामन शब्दका प्रयोग भूमिहीन किसानों ,मजदूरों के लिए ही किया गया है।तो यह था भूमिहीनों एवं जमींदारों के बीच छिड़े संघर्ष को रोकने का उपाय !

विनोवा के भूदान यज्ञ और दिनकर की इससे सम्बंधित कविता के जवाब में कवि गोपाल सिंह नेपाली ने भूमिहीन किसान -मजदूरों के पक्ष में खड़ा होते हुए विनोवा भावे से प्रश्न करते हुए अपनी कविता भूदान यज्ञ के प्रति में लिखा ,

ह्य किसने कहा कि भिक्षा मांग करोड़ों के लिए
किसने कहा कि भीख है मरहम जग को फोड़ों के लिए
राष्ट्र पले अबतक चन्दों से
लाज बचे क्या पैबंदों से
मिटे न दुखड़ा इन धंधों से
नया वसंत बुला ला फिर तू,
सौरभ सुमन सुमन से मांग।

स्पष्ट है कि गोपाल सिंह नेपाली एक क्रांतिदर्शी कवि थे उनका मानना था कि एकमात्र व्यवस्था परिवर्तन से ही समतामूलक समाज का निर्माण सम्भव है और व्यवस्था परिवर्तन लिए क्रांति के सिवा दूसरा कोई रास्ता नहीं।

किस दिशा में जा रही है भारतीय राजनीति

वे संविधान और प्रजातांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए साझा मंच बनाने को तैयार हो गए हैं. भारत जोड़ो अभियान की तरह की कई पहल हुई हैं जो शांति और सद्भाव का संदेश फैला रही हैं. कर्नाटक में जो हुआ उससे यह साबित होता है कि प्रजातंत्र को बचाया जा सकता है और जो लोग हमारे स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के सपनों को जिंदा रखना चाहते हैं, उन्हें अवसाद में डूबने की जरूरत नहीं है. इस समय विभिन्न विघटनकारी ताकतें आईडिया ऑफ इंडिया पर हमलावर हैं. वही रह जाएगी



राम पुनियानी

गत 15 अगस्त को भारत ने अपने 77वां स्वाधीनता दिवस मनाया. यह एक मौका है जब हमें इस मुद्दे पर आत्मचिंतन करना चाहिए कि हमारी राजनीति आखिर किस दिशा में जा रही है. आज से 76 साल पहले हमारे प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने दिल्ली के लालकिले की प्राचीर से अपना ऐतिहासिक भाषण दिया था. उस समय देश बंटवारे से जनित भयावह हिंसा की गिरफ्त में था और ब्रिटिश शासकों की लूट के चलते आर्थिक दृष्टि से बदहाल था. हमारा स्वाधीनता संग्राम ने केवल ब्रिटिश औपनिवेशिक सत्ता की खिलाफत नहीं की वरन भारत के लोगों को एक भी किया. उन्हें भारतीय की एक साझा पहचान के धागे से एक सूत्र में बंधा संविधान सभा ने एक अभूतपूर्व जिम्मेदारी का निर्वहन किया. उसने भारत के लोगों की महत्वाकांक्षाओं और भावनाओं को समझा और उन्हें देश के संविधान का हिस्सा बनाया. हमारा संविधान एक शानदार दस्तावेज है. उसकी उद्देशिका न केवल स्वाधीनता आन्दोलन के मूल्यों का सार है वरन वह आधुनिक भारत के निर्माण की नींव भी है. नेहरु की नीतियों का लक्ष्य था आधुनिक उद्यमों और संस्थानों की स्थापना. भाखड़ा नंगल बाँध के निर्माण की शुरूआत करते हुए नेहरु ने स्वतंत्रता के बाद देश में स्थापित किए जा रहे वैज्ञानिक शोध संस्थानों, इस्पात और बिजली के कारखानों और बांधों को आधुनिक भारत के मंदिर बतायाह्व था. इनका लक्ष्य भारत को वैज्ञानिक और औद्योगिक प्रगति की राह पर अग्रसर करना था भारत आधुनिक देश बनने की राह पर चल पड़ा. औद्योगिकरण हुआ, आधुनिक शैक्षणिक संस्थाएं स्थापित की गईं, स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति हुई, दूध और कृषि उत्पादन बढ़ा और परमाणु व अंतरिक्ष सहित विज्ञान के लगभग सभी क्षेत्रों में शोध कार्य प्रारंभ हुआ. इसके साथ ही संवैधानिक प्रावधानों के चलते दलितों का उत्थान हुआ और शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित किया गया जिससे वे सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकीं. यह एक बेजोड़ और कठिन यात्रा थी जो 1980 के दशक तक जारी रही सन् 1980 के दशक में देश को प्रतिगामी ताकतों ने अपनी गिरफ्त में ले लिया और साम्प्रदायिकता, राजनीति के केन्द्र में आ गई. शाहबानो के बहाने लोगों के दिमाग में यह बैठा दिया गया कि भारत की सरकारें अल्पसंख्यकों का तुष्टिकरण करती रही हैं. मंडल आयोग की रपट को लागू करने से भी साम्प्रदायिक राष्ट्रवाद को बढ़ावा मिला. ह्यआधुनिक भारत के मंदिरह्व निर्मित करने की बजाए हम मस्जिदों के नीचे मंदिर खोजने लगे. मस्जिदों को गिराना और उन्हें नुकसान पहुंचाना एक बड़ा मकसद बन गया. इससे सामाजिक विकास की प्रक्रिया बाधित हुई और आम लोगों को न्याय सुलभ करवाने और उनके जीवन को समृद्ध बनाने का सिलसिला रूक गया. महात्मा गांधी का आखिरी पंक्ति का आखिरी आदमी राजनैतिक सरोकारों से ओझल हो गया मंदिर की राजनीति के कारण जो हिंसा हुई उससे समाज ध्रुवीकृत हुआ और राजनीति में साम्प्रदायिक ताकतों का दबदबा बढ़ने लगा. मुसलमानों के अलावा ईसाईयों के खिलाफ भी हिंसा शुरू हो गई और जैसे-जैसे साम्प्रदायिक हिंसा बढ़ती गई वैसे-वैसे साम्प्रदायिक ताकतें भी ताकतवर होती गईं मंदिर के बाद गाय राजनैतिक परिदृश्य पर उभरी. मुसलमानों और दलितों की लिंचिंग होने लगी. घर वापसी का सिलसिला शुरू हुआ और लव जिहाद के मिथक का उपयोग मुस्लिम युवकों को निशाना बनाने के साथ-साथ लड़कियों और महिलाओं के अपने निर्णय स्वयं लेने के अधिकार को सीमित करने के लिए भी किया गया सामाजिक विकास की दिशा पलट गई. आर्थिक सूचकांकों में गिरावट आने लगी, भुखमरी का सूचकांक बढ़ने लगा और धर्म, अभिव्यक्ति और प्रेस की स्वतंत्रता को सीमित किया जाने लगा. सार्वजनिक क्षेत्र के बेशकीमती उद्यमों को सत्ताधारियों के चहेतों को मिट्टी के मोल बेचा जाने लगा. सत्ता के करीबी कई अरबपति जनता के पैसे चुराकर विदेश भाग गए. गरीबों और अमीरों के बीच की खाई और चौड़ी होने लगी. वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने की बजाए प्रधानमंत्री हमें यह बताने लगे की प्राचीन भारत में प्लास्टिक सर्जरी इतनी उन्नत थी कि हाथी का सिर मनुष्य के शरीर पर फिट किया जा सकता था. और यह तो केवल शुरूआत थी।

अंग्रेजों के गवर्नर की याद दिला रहे हैं वर्तमान राज्यपाल

सनत जैन

पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को एक चिट्ठी लिखी है। जिसमें उन्होंने कुछ सवालों के जवाब मांगे हैं जानकारी नहीं देने पर संविधान के अनुच्छेद 356 और भारतीय दंड संहिता की धारा 124 के तहत आपराधिक कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है राज्यपाल ने 15 अगस्त को यह चिट्ठी मुख्यमंत्री को लिखी है। पत्र में पंजाब में नशा चरम पर है, दवा की दुकानों से नशीले पदार्थ बिक रहे हैं। संसद की हालिया रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि हर पांच में से एक व्यक्ति नशे का आदी है। पंजाब की कानून व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई है। उपरोक्त मुद्दों पर उन्होंने सरकार से जवाब मांगा है। पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, तेलंगाना, महाराष्ट्र, केरल इत्यादि राज्यों के राज्यपाल और राज्य सरकारों के मुख्यमंत्री के बीच इसी तरह की तल्खी देखने को मिल रही है। स्वतंत्र भारत की संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार निर्वाचित प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री मंत्रिमंडल की सलाह से राष्ट्रपति और राज्यपाल काम करते हैं। संवैधानिक रूप से राष्ट्रपति और राज्यपाल केन्द्र एवं राज्य सरकार के मुखिया होते हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के द्वारा लिये गये मंत्रिमंडल के फैसले का क्रियान्वयन राज्यपाल को करना होता है। 1950 के बाद से यह व्यवस्था चली आ रही है। राज्य सरकारों और राज्यपालों के बीच में समय-समय पर कुछ छोटे-मोटे टकराव भी देखने को मिले, लेकिन सत्ता के समीकरण राज्यपाल ने कभी अपने हाथ में ले लिए हों, यह पिछले कुछ वर्षों से देखने को मिल रहा है। केंद्र एवं जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, जिन राज्यों में डबल इंजन की सरकार नहीं है, उन राज्यों के राज्यपाल और निर्वाचित मुख्यमंत्री के बीच में सीधा टकराव देखा जा रहा है। निर्वाचित मुख्यमंत्री के अधिकारों पर राज्यपाल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कैंची चलाने का काम कर रहे हैं। जिससे निर्वाचित सरकार को अपना कामकाज करने में बाधा उत्पन्न हो रही है। वहीं मुख्यमंत्री जो करना चाहते हैं, वह कर नहीं पाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि जहां डबल इंजन की सरकारें हैं। वहां के राज्यपाल शांत बैठकर उनकी मदद करते हैं। जहां अन्य दलों की सरकारें हैं, वहां पर राज्यपाल सत्ता के सूत्र अपने हाथ में लेने का प्रयास करते हैं। जिसके कारण राज्य सरकारों और राज्यपालों के बीच का टकराव दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है। यही टकराव अंग्रेजों के जमाने में देखने को मिलता था। जब गवर्नर जनरल, राजाओं के अधिकारों पर तरह-तरह से बाधित करके अपनी सत्ता को मजबूत करते थे। अंग्रेजों के जमाने में जो गवर्नर नियुक्त होते थे, वह अंग्रेजों की ओर से शासन करते थे। राजाओं के अधिकार लगभग-लगभग गवर्नर के सामने खत्म हो गए थे। पिछले कुछ वर्षों से यही स्थिति अब राज्यों में देखने को मिलने लगी है। एक बार फिर अंग्रेजों के जमाने के लाट साहब याद आने लगे हैं। भारत की संघीय व्यवस्था में जो समन्वय केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच में बना हुआ था, वह टूटता हुआ दिख रहा है। निर्वाचित प्रतिनिधियों के स्थान पर गवर्नर और नौकरशाही दिनों दिन हावी होते जा रही है। भारत में स्वतंत्रता के बाद से ही केंद्र एवं राज्यों में अलग-अलग दलों की सरकार रही हैं। धारा 356 का उपयोग कर केंद्र ने कई राज्य सरकारों को गिराया भी है। इसके बाद भी गवर्नर के हाथ में सत्ता के सूत्र कभी नहीं गए थे। जो अब प्रत्यक्ष रूप से जाते हुए दिख रहे हैं। हाल ही में दिल्ली सरकार के लिए केंद्र सरकार द्वारा सेवा बिल लाया गया। उसमें प्रत्यक्ष रूप से उपराज्यपाल को अधिकार संपन्न बनाकर मुख्यमंत्री को एक तरह से राज्यपाल के अधीन ही कर दिया गया है। किसी निर्णय से यदि राज्यपाल सहमत नहीं होंगे, तो वह निर्णय लेने की क्षमता मुख्यमंत्री में नहीं होगी।

संक्षिप्त खबरें

समकालीन अभियान में 119 गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर ।वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर के निदेशानुसार मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत सभी थाना एवं ओ०पी० में चलाए गए समकालीन अभियान में 119 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी मुख्य शीर्ष हत्या , लूट डकैती,बलात्कार,अपहरण , अनु० जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम , मद्यनिषेध एवं अन्य कांडों में वांछित मामलों में की गई है।एसएसपी कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, लूट एवं छिनतई मामले में ,9आर्म्स एक्ट में 3,हत्या के प्रयास में 16,पुलिस पर हमला मामले मैं 4, अजा एक्ट में1,मद्यनिषेध मामले में 25, विविध मामलो मे 22चोरी में 1, वारंटी 36 साम्प्रदायिक मामलों में 2लोगों को गिरफतार किया गया है।पुलिस ने इस दौरान2.295लीटर विदेशी एवं 28लीटर देशी शराब बरामद किया गया।260.70ग्राम गांजा तीन मोबाइल भी जब्त किए गए हैं।वाहन चेकिंग के दौरान 3000। रुपये जुमार्ना भी वसूला गया

ग्राम संसद सदभाव संवाद आयोजित

बोचहा ।प्रखंड के झपहा पंचायत में बिहार प्रदेश जनता दल यूनाइटेड की ओर से राज्य व्यापी अभियान के तहत ग्राम संसद सदभाव संवाद कार्यक्रम पंचायत अध्यक्ष रामकुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमे उपस्थित कार्यकर्ता एवं जन समूहों को संबोधित करते हुए विधान सभा प्रभारी डॉक्टर आसमा परवीन ने बिहार के विकाश पुरुष मुख्य मंत्री नीतीश कुमार द्वारा किए गए विकास कार्य नल जल बिजली सड़क पंचायती राज में आरक्षण छात्र छात्राओं को पोशाक राशि एवं साईकिल योजना जनहित में चल रही राज्य सरकार की योजना से अवगत कराया कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज कुमार ने किसानों के हित में राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना से अवगत कराया प्रखंड अध्यक्ष श्यामसुंदर पटेल ने कार्यकताओं के समस्या को प्रखंड स्तर पर निदान कराने का भरोसा दिलाया एवं एक जुट होकर 2024 के लोक सभा चुनाव एवं 2025 के विधान सभा चुनाव में समाज में नफरत फैलाने और महंगाई बढ़ाने वाली भारतीय जनता पार्टी को चुनाव में शिकस्त देने का आह्वान किया बैठक में पंचायत प्रभारी नानटून सिंह , सुनील राम , पंचायत समिति सदस्य दिनेश राय, मुन्ना प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, ब्रह्मदेव प्रसाद, सुनीता देवी, दिनेश ठाकुर सहित सैकड़ों लोग शामिलथे

समसा बाबा ब्रह्म स्थान डीहबार में अष्टयाम यज्ञ शुरू

मंसूरचक, बेगूसराय। प्रखंड क्षेत्र के ब्रह्म बाबा स्थान समसा सेवा समिति द्वारा अष्टयाम यज्ञ का आयोजन किया गया। अष्टयाम यज्ञ रविवार दोपहर दो बजे से आरंभ होकर सोमवार को दो बजे समापन होगा। यज्ञ में लगातार 24 घंटे तक सीताराम, सीताराम मंत्र का जाप किया जायेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र से चारों ओर यह मंत्र गूंजता रहेगा। जिससे इलाके का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। समापन के बाद आयोजन समिति द्वारा ब्राह्मण भोजन का भी आयोजन किया जायेगा। मौके पर सुरेंद्र झा ने कहा कि यह अष्टयाम यज्ञ इलाके में सुख, शांति और समृद्धि के लिए आयोजन किया जाता है। सबसे बड़ी बात यह कि समसा डीहबार स्थान में सावन महीने में अंतिम सोमवारी के अवसर पर वार्षिक पूजा अर्चना की जाती है। ग्रामीणों का अपार सहयोग मिलता है। मौके पर बैजू सिंह, गुड्डू झा, संजीत झा, ऋषिकेश सिंह, अभय आनंद, चूनू सिंह, प्रमोद सिंह, गंगोद मिश्रा, मार्शल झा, दिवाकर मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, दिवाकांत मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे। वहीं पंडित अभिषेक मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए यज्ञ आरंभ करवाया।

पुलिस ने नेपाली शराब किया बरामद, तश्कर फरार

मधुबनी रहिका थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिला शराब तस्कर शराब रखकर डिलेवरी कर रहा है सूचना की सत्यापन करने पहुंचे रहिका थाना पुलिस ग्राम सप्ता गोट टोल प्रकाश झा के खेत के बगल में पीसीसी सड़क पर उजला कलर के प्लास्टिक के दो बोरा रखा हुआ था पुलिस के द्वारा बोरे की तलाशी लेने पर बोरे से 225 बोतल देसी नेपाली शराब बरामद किया गया। पुलिस ने जप्त शराब को थाना परिसर लाया गया तथा सहायक रहिका थाना प्रभारी कंदन बासकी ने बताया कि अज्ञात शराब तस्करों के विरुद्ध उत्पाद मद्य निषेध अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया।आगे की कार्रवाई की जाएगी।

राजद नव नियुक्त जिला अध्यक्ष ने किया एक दिवसीय बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ मधुबनी के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष रेणु कुमारी के द्वारा होटल सिंघानिया के सभागार में एक दिवसीय बैठक सह प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की पूर्व के अध्यक्ष द्वारा बनाए गए पूर्व के जिला कमिटी को भंग करने की घोषणा के साथ मेरा मुख्य उद्देश्य संगठन को जिला से लेकर प्रखंड और पंचायत से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना एवं संगठन को पूर्ण रूपेण तैयार करना मेरा पहला उद्देश्य होगा। पार्टी और संगठन को मजबूत करने के लिए सभी प्रखंड सहित पंचायतों का दौरा कर संगठन को मजबूत बनाने का काम करूंगी पार्टी के द्वारा दिए गए निर्देश के जिला से लेकर गांव के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी के नीति सिद्धांत और कार्यों बतलाने काम किया जाएगा। पूरे जिला में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए महिला प्रकोष्ठ मजबूती से काम करेगा। देश में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी एवं महिलाओं पर हो रही हिंसा सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरा। साथ ही महिलाओं पर हो रहे हिंसा को कानून की कड़ाई से पालन नहीं होने के मुख्य कारण बताया। महिलाओं को सशक्त एवं सबल बनाने को लेकर बूथ स्तर तक अभियान चलाए जाने की बात कही। सविता कुमारी ने कहा कि महिलाओं की समस्या को देखने और समाधान के लिए हमलोग पूरे जिला भ्रमण कर संगठन को तैयार करेंगे हैं।

ललिता कुमारी ने कहा की केंद्र की सरकार महिलाओं की सुरक्षा की बात नहीं करते हैं। जिन महिलाओं ने देश को गोल्ड मेडल दिलाया उन्हें भी सुरक्षित नहीं रख पा रहे हैं। विश्व स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में मेडल दिलाने वाली देश की बेटियों के साथ दिल्ली में अत्याचार हो रहा है। वहीं दूसरी ओर आरोपी बृजभूषण सिंह खुलेआम घूम रहा है उन्होंने देश में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी एवं महिलाओं पर हो रही हिंसा सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरा। साथ ही महिलाओं पर हो रहे हिंसा को कानून की कड़ाई से पालन नहीं होने के मुख्य कारण बताया। महिलाओं को सशक्त एवं सबल बनाने को लेकर बूथ स्तर तक अभियान चलाए जाने की बात कही। बैठक में सुधीरा यादव अनिला पासवान कविता देवी इंदिला देवी पूनम देवी राजद जिला अध्यक्ष वीर बहादुर राय प्रदेश महासचिव राम बहादूर यादव वरिष्ट राजद नेता अरुण कुमार चौधरी, रामनारायण यादव जिला प्रवक्ता इंद्रजीत राय चंदेश्वर प्रसाद चौधरी प्रदेश सचिव अति पिछड़ा प्रकोष्ठ, इंद्र भूषण यादव, युवा जिला अध्यक्ष पूर्व प्रमुख जिबछ यादव जहांगीर अली देव नारायण यादव प्रो. धनवीर यादव, धर्मेंद्र कुमार, गंगा प्रसाद चौधरी, मधु राय, उमेश कुमार राम, देवनारायण साह,कुंदन कुमार यादव, मिश्री लाल यादव, गुलजार अहमद, चित्रभानू कुमार चौधरी संजय कुमार यादव, गोपाल यादव लालबाबु यादव उमेश कुमार पासवान मनोज साह,सुरेश दास सहित अन्य मौजूद थे।

चोरी के सामान के साथ एक दुकानदार गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर : थाना क्षेत्र के धोवघट मोड़ स्थित एक दुकान से विगत दो दिन पूर्व चोरी की गई सामान को गिद्धौर पुलिस ने बरामद किया। साथ ही दुकानदार को भी गिरफ्तार कर लिया। दुकानदार की पहचान धोवघट निवासी चंदन सिंह के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गंगरा गांव में अवस्थित मुकेश सिंह के किराना दुकान से 24 अगस्त की रात्रि चोरों ने किराना सामान सहित 60 लीटर डीजल की चोरी कर ली। दुकानदार द्वारा चोरी की घटना की सूचना गिद्धौर पुलिस को दी गयी। गिद्धौर थानाध्यक्ष बृजभूषण सिंह द्वारा इस चोरी में कारवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार धोवघट गांव मोड़ स्थित चंदन सिंह के किराना दुकान से 30 किलो लहसुन, 60 लीटर डीजल सहित एक कार को जब्त कर लिया गया। साथ ही साथ चोरी के सामान खरीददारी के आरोप में दुकानदार चंदन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। वहीं चोरी की घटना के आरोपी विकास कुमार सिंह की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने जानकारी देते बताया कि विगत दो दिन पूर्व गंगरा गांव में एक किराना दुकान में विकास कुमार सिंह चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें गुप्त सूचना के आधार पर अवर निरीक्षक नीरज कुमार द्वारा चोरी की गई सामान को धोवघट स्थित एक किराना दुकान से 30 किलो लहसुन, 60 लीटर डीजल सहित चोरी के सामान में प्रयुक्त कार को बरामद किया गया। साथ ही दुकानदार चंदन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं विकास कुमार सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है।

बुजुर्ग चंदेश्वर के लिए डॉक्टर बना फरिश्ता, बचाई जान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सरकारी अस्पतालों में मरीजों के इलाज में अक्सर कोताही का आरोप लगता रहा है।डाक्टरों की कथित लापरवाही से कभी-कभी मरीजों की जान भी चली जाती है। ऐसे में एक युवा डाक्टर ऐसा भी है जिसने एक लावारिश ,बुजुर्ग मरीज की जान बचाई है।उसने बड़ी मेहनत और अपनी जेब से खर्च कर उसे मौत के मुंह से निकाल लिया हैं। यह वाकया एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर का है और इस युवा डाक्टर का नाम है, डाक्टर मुरारी कुमार।इन्होंने हाल ही में यहां रेजिडेंट डाक्टर के पद पर अपना योगदान दिया है। घटना इस प्रकार है कि विगत 22अगस्त की रात पुलिस ने जख्मी एवं बेहोशी की हालत में एक बुजुर्ग को एसकेएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती कराया।पुलिस अपना कर्तव्य पूरा कर वापस लौट गई।वहां ड्यूटी पर तैनात एसआर (सीनियर रेजिडेंट) डॉ मुरारी कुमार ने उस मरीज की जांच की। उसकी स्थिति काफी गंभीर बनी हुई थी। इसके पश्चात डाक्टर मुरारी कुमार ने आनन-फानन में कई जांच करवाएं । उन्होंने तत्काल अपने पैसे से कुछ आवश्यक दवा खरीद कर मंगाई और मरीज का इलाज शुरू कर दिया। इसके पश्चात सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ भारतेंदु कुमार की इकाई में भर्ती करते हुए उनको इसकी सूचना दी गई। डॉ मुरारी कुमार के निरंतर जारी अथक प्रयास से उक्त मरीज की स्थिति में काफी सुधार हो रहा है। अब यह मरीज खाने-पीने के साथ बोलने भी लगा है। वह अपना नाम चंदेश्वर राय बताता है ,जो छपरा जिला के तरैया थाना अंतर्गत बलिमापुर गांव के निकट का रहने वाला है। उसकी याददाश्त लौट आई है। वह बताता है कि उसके घर के निकट भूषण सिंह का एक मेडिकल स्टोर भी है। वह इसी के निकट एक देवरिया जगह का होना बताता है । हालांकि इसका इलाज कर रहे चिकित्सक कहते हैं कि चंद्रशेखर को पूर्ण स्वस्थ होना में थोड़ा और वक्त लगेगा।मरीज अब खतरे से बाहर बताया जा रहा है। दूसरा मामला मोतिहारी के सरिया ठिकाहां मठ के दीप कुमार सिंह का है। उससे विगत सप्ताह मुजफ्फरपुर में मारपीट कर 4000 लूट लिया गया था। फिर जख्मी एवं बेहोशी की हालत में सड़क किनारे फेंक दिया।उसे एसकेएमसीएच में पहुंचकर पुलिस ने अपना कर्तव्य पूरा कर लिया। कई दिनों से गंभीर हालत में होने के कारण इसे आईसीयू में भर्ती कर चिकित्सकों द्वारा समुचित इलाज किया गया। इसके पश्चात स्थिति में सुधार होने पर लावारिस वार्ड में भर्ती कर इलाज हुआ।पूर्ण स्वस्थ होने के बाद परिजन उसे गुरुवार को घर ले गये।

गिद्धौर के पीयूष ने मार्शल आर्ट कराटे मे लहराया परचम जीता गोल्ड

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर के पीयूष कुमार सिंह ने दक्षिण कोरिया के गंगवोन चुंचिईयोन 2023 वर्ल्ड ताइक्वांडो कल्चर फेस्टिवल में आयोजित हुए पांचवे नेशनल कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत गिद्धौर सहित जमुई जिले का नाम देश भर में रौशन किया है। गिद्धौर के वार्ड नंबर एक निवासी मुन्ना सिंह का पुत्र पीयूष कुमार सिंह ने दक्षिण कोरिया में 24 से 31 अगस्त तक आयोजित हुए जूनियर नेशनल कराटे चैंपियनशिप में प्रथम स्थान ला गोल्ड मेडल का तमगा अपने नाम किया है।पीयूष की जीत से उसके पैतृक आवास गिद्धौर प्रखंड के पतसडा पंचायत के वार्ड नंबर एक मे जश्न का माहौल है। पीयूष ने कहा कि उसका सपना भारत की तरफ से चयनित हो जुडो कराटे प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग के ओलंपिक खेल में मेडल जीतने का है। पीयूष की जीत पर भोला प्रसाद सिंह, मुकेश सिंह रिंकू, त्रिवेणी सिंह, अजय सिंह, विजय सिंह, मनोहर सिंह, बिपिन सिंह भदौरिया, सच्चिता सिंह, नीरज राय, नबल सिंह चौहान सहित कई लोगो ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

रक्सौल में इंटरनेट बाधित होने से लोगों का दिन काटना हुआ मुश्किल

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। रविवार की दोपहर से अचानक रक्सौल अनुमंडलीय क्षेत्र में इंटरनेट सेवा को अगले आदेश तक के लिए बंद कर दिया गया, जिससे कई सारी सेवा बाधित हो गई। ऑनलाइन पढ़ने वाले सारे विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हुई, तो फॉर्म भरने वाले अभ्यर्थी भी वंचित हुए। सबसे अधिक चिंता सोशल मीडिया वालों को हुई, जो दिन भर अपना खाली समय इस पर व्यतीत करते हैं। ये सभी लोग फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्वीटर, इंस्टाग्राम एवं शॉट वीडियो ऐप चलाने से महरूम दिखें, उनके लिए दिन बोझिल रहा। उधर बैंकिंग सेवा पर असर नहीं दिखा, क्योंकि शनिवार को चौथे शनिवार और अगले दिन रविवार होने के कारण बैंक ऐसे ही बंद था, अन्यथा लोगों की और परेशानी बढ़ सकती थी। उधर परेशानी का सबब स्मार्ट मीटर रिचार्ज पर पड़ा एवं साथ में जिनकी मोबाईल की आउटगोइंग सेवा समाप्त हुई थी, वे केवल इनकमिंग के भरोसे रहे या अन्य लोगों में मोबाईल का प्रयोग करते दिखें। मिली जानकारी के अनुसार इंटरनेट सेवा बंद करने का आदेश ऊपर से ही आया था, स्थानीय अधिकारी भी कुछ स्पष्ट नहीं बता पाएं, हालांकि इस पर कई तरह की जानकारी सामने निकल कर आई, जो लोगों के एक मुंह से दूसरे लोगो के मुंह तक पहुंच गई थी।

चतरा गांव में मुख्य सड़क पर जल जमाव से राहगीर परेशान

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के चतरा गोबरौरा दक्षिण पंचायत के वार्ड 2 एव 6 वार्ड गांव चतरा में डिस्टीक बोर्ड के मुख्य सड़क पर लगभग चार वर्षो से योगेंद्र यादव घर से लेकर कुलानंद झा घर तक दो से तीन फीट जल जमाव से आम राहगीर सहित छोटे छोटे वच्चों को स्कूल जाने में भाड़ी कठिनाई महसूस हो रही है.इस जल जमाव समस्या से निजात पाने को लेकर दर्जनों ग्रामीणों द्वारा प्रखंड़ व अंचल के पदाधिकारी को शिकायत करने पर भी आज तक मुख्य सड़क से जल जमाव की निकासी की कोई ठोस समाधान नही निकला गया. वही डिस्टीक बोर्ड की मुख्य सड़क की चौड़ाई लगभग 70 फीट रहने के बाबजूद भी चतरा गांव निवासी अनिल यादव,राजाराम यादव,विपिन यादव एव धनी लाल,बिलट यादव एव दुखी यादव द्वारा सड़क को दोनो साइड सड़क को घेरकर सड़क को अतिक्रमण करके सड़क पर जल जमाव पानी को घेरकर पानी नही बहने दे रहा है. वही डिस्टीक बोर्ड की मुख्य सड़क को अतिक्रमणकरियों द्वारा सड़क को अतिक्रमण करने से मात्र 16 फीट मुख्य सड़क पर ही आवागमन के लिए छोड़ रखी है. इतना ही नही दोनो साइड से बसे लोगो द्वारा लगभग 55 फीट सड़क को अतिक्रमण करके रखा है.जिससे मुख्य सड़क से जल जल जमाव की समस्या उत्तपन्न हो रही है. जिससे सालों भर इस मुख्य सड़क पर पानी जमा रहती है. इस गंदगी भरी जल जमाव में विषैले मच्छर की प्रकोप से आम जनता में डेंगू जैसे मच्छर पनपने की डर हो रही है. वही अंचल अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि इस जल जमाव की समस्या को निजात को लेकर जिला पदाधिकारी को अबगत कराकर अविलंब जल निकासी की पहल की जाएगी।

जल, वायु एवं वृक्षों की रक्षा हेतु लिया गया संकल्प एवं बांधे गए राखी

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। जल, वायु एवं वृक्षों की रक्षा से ही जीवन की रक्षा की जा सकती है। उक्त बाते रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित पर्यावरण रक्षा संकल्प एवं रक्षा बंधन उत्सव में बोलते हुए बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के सदस्य एवं प्रख्यात पर्यावरणविद् प्र. (डॉ.) अनिल कुमार सिन्हा ने कही। प्रो. सिन्हा ने रेलवे स्टेशन पार्क में वृक्षों की रक्षा हेतु राखी बांधने के क्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग एवं पर्यावरण असंतुलन ने पूरे मानव जाति सहित सभी प्रकार के जीवों पर खतरा उत्पन्न कर दिया है। जल और वायु के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। इसके रक्षा हेतु वृक्षों एवं नादियों की रक्षा करना अत्यावश्यक है। समाज के सभी वर्गों को इसके लिए आगे आकर प्रयास करना होगा । प्रो. सिन्हा ने सभी उपस्थित जनसमूह को पर्यावरण की रक्षा का संकल्प दिलवाया। सबों ने अपने हृदय पर हाथ रखकर संकल्प दुहराया। समारोह का आयोजन सरिसवा नदी बचाओ आंदोलन और युवा सहयोग दल ने संयुक्त रूप से किया था। समारोह की अध्यक्षता आंदोलन के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश कुमार ने किया ने किया। धन्यवाद ज्ञापन युवा सहयोग दल के अध्यक्ष संतोष छात्रवंशी ने किया।संचालन आंदोलन के महासचिव प्रो. मनीष दुबे ने किया। उक्त अवसर पर स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार सिंह ने पार्क स्थित मेडिसिनल प्लांट एवं अन्य पौधों रुद्राक्ष, अर्जुन, आंवला, पीपल सहित सैकड़ो पौधों से अवगत करवाया एवं सबों ने राखी बांधी। शिक्षाविद प्रो. चंद्रमा सिंह ने कहा कि सीमांचल कभी कल्पना नहीं किया था कि रक्सौल में टैंकर से पानी का सप्लाई किया जाएगा। पूरे क्षेत्र में भूजल स्तर नीचे जाने के कारण त्राहि त्राहि मचा हुआ था। सबको पर्यावरण की रक्षा का प्रण लेना है कि हम उसकी रक्षा हेतु क्या कर सकते हैं। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, महासचिव आलोक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सरिसवा नदी की रक्षा में हम सभी स्थानीय निवासियों की रक्षा निहित है। उसकी रक्षा हेतु लगातार कार्य करना होगा। नेपाल भी सजग हुआ है, हमें नदी में कूड़ा करकट नहीं फेंकना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता गुड्डू सिंह है इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को आगे आकर पर्यावरण की रक्षा के महत्व को समझाना पड़ेगा। समारोह में बड़ी संख्या में युवा एवं नगर के प्रबुद्ध नागरिकों ने वृक्षों को राखी बांधी और पर्यावरण रक्षा का संकल्प लिया। समारोह में दुर्गेश साह शिक्षक, चैंबर ऑफ कॉमर्स के नितिन कुमार, राजकुमार गुप्ता, मो. निजामुद्दीन, दिनेश कुमार, रजनीश प्रियदर्शी, नगर अध्यक्ष समरजीत कुमार, विकेश कुमार, नीरज कुशवाहा, आनंद तिवारी, राजन जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, सुभम सिंह राजपूत, अनुराग कुमार, एम. डी. मुस्तफा, सिद्धार्थ पांडेय, अहमद मुस्तफा आलम, सलमान आलम आदि सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

सतलखा डीह से स्कॉर्पियो चोरी रहिका थाना में प्राथमिकी हुआ दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका थाना क्षेत्र के सतलखा डीह टोल से रात्रि में घर से स्कॉर्पियो चोरी हो जाने का मामला सामने आया है सतलखा डीह टोल निवासी मोहन मोची ने एक आवेदन देकर रहिका थाना में प्राथमिक दर्ज कराया है कि 25.08.23 को रात्रि में घर के दरवाजे पर स्कॉर्पियो लगाकर सोया था सुबह जब उठे तो देखें कि मेरा स्कॉर्पियो दरवाजा पर नहीं है हम लोग के द्वारा काफी गाड़ी को खोजबीन किया गया लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला तो इस संदर्भ में आवेदक मोहन मोची ने अपने स्कॉर्पियो जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर इफ32ढअ 3087 चोरी होने की बात बताई है रहिका थाना अध्यक्ष रजकिशोर कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

डाटा इंट्री, कंप्यूटर ऑपरेटर, प्रोग्रामर, आईटी बॉयज ने की सरकार से सेवा समायोजन की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। वाणिज्यकर कार्यालय परिसर में बिहार राज्य डाटा इंट्री, कंप्यूटर ऑपरेटर संघ जिला इकाई बेगूसराय की बैठक रविवार को हुई। इस बैठक में सदर बेगूसराय समेत विभिन्न प्रखंड, अंचलों में कार्यरत प्रोग्रामर, स्टेनोग्राफर, डाटा इंट्री ऑपरेटर, आईटी बॉयज ने भाग लिया।

नए जॉइन किए साथियों का स्वागत करते हुए संघ की जिला इकाई ने एक-दूसरे से परिचय प्राप्त करने के बाद सभी कर्मियों से बारी बारी उनका मंतव्य लिया गया। तत्पश्चात सर्वप्रथम यह तय हुआ कि जिला पदाधिकारी बेगूसराय से प्रतिनिधिमंडल मिलकर अपनी मांग की एक प्रति सौंपेगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अमित जायसवाल ने बताया कि वर्ष 1997 से अबतक लगातार राज्य सरकार के सभी विभागों, कार्यालयों, निगमों, निकायों में बेल्ट्रान पटना द्वारा कर्मियों की सेवा निरन्तर प्राप्त की जा रही है। हम सभी कर्मी दिन रात अपने कार्यालय में मेहनत कर सरकार के कार्यों को गंभीरतापूर्वक करते आ रहे हैं। लेकिन जब बात आती है हमारे भविष्य की, हमारे परिवार की, तो वहां हमलोग मददविहीन हो जाते हैं। उस वक़्त ऐसा महसूस होता है कि हमलोगों का कोई भविष्य ही नहीं है। जबकि तकरीबन 10 साल से अधिक से सभी लोग अपने अपने विभाग में कार्य कर रहें हैं। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को सफल बनाने में दिन रात लगे हुए हैं। जिला इकाई संघ के सचिव राकेश कुमार सिन्हा व संघर्ष कोष के अध्यक्ष नीलेश झा ने बताया कि अगर सभी एकजुटता से अपनी बात सरकार के समक्ष रखकर कोई कड़ा निर्णय लें तो ही अब बात बनेगी। आगे आने वाले समय में धरना प्रदर्शन हड़ताल सब किया जाएगा ताकि अपने वाजिब मांगों को हम सरकार के समक्ष रख सकें। जिला इकाई बेगूसराय के कोषाध्यक्ष संजय कुमार, वरीय सदस्य मनोज कुमार, सक्रिय सदस्य चन्दन व सुमन सौरव ने बताया कि पूरे बिहार में हमारी संख्या तकरीबन 25000 से अधिक है और हम सभी अपने वाजिब मांगो को लेकर सरकार के समक्ष जाते रहें हैं। चूँकि बात हमलोगों के भविष्य व परिवार की है तो सरकार को चाहिए हमारी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर जल्द से जल्द हमलोगों का समायोजन करे। साथ ही वेतन देने में बीच से बिचौलिए को हटाए। वेतनादि का भुगतान सीधे विभाग के जरिये हो। महिला मोर्चा की अध्यक्षा पिंकू कुमारी, सदस्या कंचन कुमारी व आभा कुमारी ने बताया कि एक राज्य में रह रहे कर्मियों से दो तरह का व्यवहार क्यों, जहाँ एक तरफ स्थायी महिलाकर्मियों को एसएल का लाभ मिल रहा है तो वही हम सभी संविदा महिलाकर्मियों को एसएल के लाभ से भी वंचित कर दिया गया है। आखिर क्यो? क्या ये जो प्राकृतिक देन है ।

डॉ. राजीव रंजन के हमलावरों पर कार्रवाई नहीं होने पर अक्रोशित स्वास्थ्यकर्मी पहुंचे थाना, किया हंगामा

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। गत बुधवार को रक्सौल अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन पर बाईक सवार कुछ युवकों ने शहर के ब्लॉक रोड में हमला कर दिया था, उनके साथ मारपीट किया गया था। इस संबंध ने उन्होंने स्थानीय थाना में मामला दर्ज कराते हुए जानलेवा हमले की बात लिखी थी और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई थी, परंतु अब तक पुलिस के द्वारा किसी भी प्रकार के कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण शनिवार को सभी स्वास्थ्यकर्मी आक्रोशित हो गए और सभी स्वास्थ्यकर्मी डॉ. राजीव रंजन के साथ रक्सौल थाना पहुंच गए और जमकर आक्रोश निकाला और पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाएं। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि अगर अविलंब कार्रवाई नहीं की जाती है और दोषियों को पकड़ा नही जाता है तो वे अगले निर्णय के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने बताया कि हमलावर जिस बाईक से आए थे, उस बाईक पर पुलिस का लोगों बना हुआ था, आखिर वो कौन थे, ये सवालिया निशान है। उन्होंने पुलिस होश में आओ और दोषियों पर कार्रवाई करो का नारा भी लगाए। सूत्रों की माने तो धरना भी दिया जा सकता है। गौरतलब इसका सीधा असर स्वास्थ्य सेवा पर पड़ेगा और आम लोगों को परेशानी होगी। मौके पर डॉ. सेराज अहमद, डॉ. आर. पी. सिंह, डॉ. अमित जायसवाल, डॉ. पी. कुमार, डॉ. अजय कुमार, डॉ. अनमोल, डॉ. प्रकाश मिश्र, यूनिसेफ के बीएमसी अनिल कुमार एवं स्वास्थ्य प्रबंधक आशीष कुमार सहित अन्य सरकारी एवं निजी स्वास्थ्यकर्मी एवं आशा आदि मौजूद थे।

समस्तीपुर-सहरसा रेलखंड पर डीआरएम से ट्रेन बढ़ाने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

बखरी, बेगूसराय। रेल यात्री संघ सलौना ने समस्तीपुर-सहरसा रेल खंड पर पैसेंजर ट्रेनों की संख्या में बढ़ोत्तरी की मांग की है। संघ के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने समस्तीपुर मण्डल के रेल प्रबंधक को पत्र लिखकर इस खण्ड पर गाड़ियों की कमी से आम यात्रियों को होने वाली कठिनाइयों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। पत्र के अनुसार समस्तीपुर से सहरसा के लिए सुबह 7.35 एएम के बाद सीधे छह घंटे बाद 1.30 पीएम पर गाड़ी है। इस दरम्यान एक पैसेंजर या फास्ट पैसेंजर का परिचालन अतिआवश्यक है। ठीक इसी तरह सहरसा से भी सुबह 10 एएम के बाद सीधे 3.55 पीएम पर ही गाड़ी है। यहां भी समस्तीपुर के लिए छह घंटे तक कोई गाड़ी नहीं है। दोनों ओर से इस टाइमिंग के मध्य गाड़ी नहीं होने से आम यात्रियों को घोर परेशानी झेलनी पड़ती है। लोगों के इस भीषण दिक्कत को देखते हुए उक्त गाड़ियों के बीच एक पैसेंजर अथवा फास्ट पैसेंजर ट्रेन चलाने की मांग डीआरएम से की गई है।

संक्षिप्त खबरें

गंगा का घटता जा रहा जलस्तर, कटाव अभी भी है जारी

भागलपुर। नबगछिया परिक्षेत्र के तटवर्ती ग्रामीण इलाके में गंगा का जलस्तर अब घटता जा रहा है,लेकिन क्षेत्र इलाके में लगातार कटाव जारी है। नबगछिया पुलिस जिला परिक्षेत्र के अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत इस्माइलपुर बिंदटोली बाँध स्पर संख्या छह में भीषण कटाव हो गया था। बांध पर 40 फिट के दायरे में लगातार कटाव हुआ है, जिसके बाद इलाके में ग्रामीणों के बीच अफरा तफरी मच गई। वही स्थानीय विभाग के संबंधित अधिकारियों की टीम द्वारा आनन फानन में मौके पर पहुंची। वही एसडीएम व जल संसाधन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच लगातार कटावरोधी कार्य करवाना शुरू कर दिया है। वही कटाव को रोकने व ग्रामीणों के घर के बचाव को लेकर कटाव स्थल में बालू भरी बोरियां और बड़े बड़े पेड़ों को काटकर गिराया जा रहा है, ताकि दर्जनों गाँव व उनके घर आशियाना को बाढ़ से बचाया जा सके। वहीं ग्रामीण जल संसाधन विभाग के अधिकारी द्वारा कटावरोधी कार्य के गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे हैं, ग्रामीणों का कहना है कई बार इस जगह कटाव हुआ लेकिन कटावरोधी कार्य सही से नहीं किये जाने के कारण प्रत्येक वर्ष हालात जस के तस बनी रहती है और कटाव होता रहता है, अब कटाव का स्वरूप इतना बड़ा भयावह स्थिति में पहुंच उसे हकीकत में देखा जा सकता है कि कितना डरावना मंजर है।

अग्निशमन टीम द्वारा बचाव तरीके का किया मॉक ड्रिल

भागलपुर। भारतीय खाद्य निगम भागलपुर शाखा के सभी कर्मचारियों को अग्नि समन सेवा विभाग की ओर से आपातकालीन स्थिति में आग लग जाने के बाद कैसे बचाव कार्य किया जा सकें, और कैसे इस आग पर काबू पाया जा सकता है, ग्रामीण परिवार में बीच इससे कैसे निजात मिले इन विषयों को ले मॉक ड्रिल के तहत कई बातें बताई गई। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने सबसे पहले मॉक ड्रिल की व्यवस्था की उसके बाद भारतीय खाद्य निगम के कर्मचारियों को आपदा राहत कार्य से जुड़ी कई विषय बिंदुओं पर चर्चा करते हुए बचाव कार्य के तरीके बताए गए। जिससे की आग लगने की संभावना न हो और अगर आग लग जाए तो उसे जल्द से जल्द कैसे बुझाए जाय इसको लेकर कई बातों को साझा की। वहीं अग्निशमन विभाग के गुंजन कुमार सिंह ने बताया कि हम लोगों ने आज जो मॉक ड्रिल कर्वबताई है उसे खाद्य निगम के कर्मचारियों को बहुत सीख मिली है उम्मीद है इसे अमल करेंगे और लोगों तक भी हमारी बातें पहुंचाएंगे जिससे आपातकालीन स्थिति में आग पर काबू पाने के साथ बचाव किया जा सके।

सत्संग को जो प्राप्त कर लेते हैं वही संत कहलाते हैं: प्रमोद बाबा

सदर मुंगेर। शनिवार को सदर प्रखंड अंतर्गत नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत के महर्षि मेंही संतमत सत्संग आश्रम में महा सत्संग का आयोजन किया गया। वही भागलपुर कुप्पाघाट से आए प्रवचन करता पूज्य निय परमहंस सद्गुरु प्रमोद बाबा ने अपने प्रवचन में काहे की सत्संग को जो प्राप्त कर लेते हैं वही संत कहलाते हैं। इसलिए संतो को हमेशा सत्य की राह पर चलनी चाहिए तभी वह सत्संग को प्राप्त कर संत कहलाएंगे। तथा कुप्पाघाट से आए सदगुरुदेव महाराज एवं दिनेशानंद बाबा ने संतो को अपनी वाणी से संबोधित किया। मौके पर नौवागढ़ी संतमत ,सत्संग आश्रम के आयोजन सेवानिवृत शिक्षक चंद्रशेखर मंडल आश्रम अध्यक्ष, शिक्षक विजय गुप्ता सचिन, डॉ फेकन मंडल, भोला प्रसाद योगेंद्र दास, सुमुख दास गुप्ता, भोनु साह, परशुराम चौरसिया, चंद्रशेखर मंडल, राजन कुमार चौरसिया सहित सैकड़ो की संख्या में संतमत तथा सत्संग प्रेमी उपस्थित दिखे।

25 सितम्बर को महाआंदोलन करेंगें पूर्व वार्ड सचिव

चेनारी। प्रखण्ड मुख्यालय स्थित शंकर जी के मंदीर परिसर में पूर्व वार्ड सचिव संघ की बैठक अध्यक्ष विमल पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संचालन प्रखण्ड सचिव सुरेश कुमार दुबे ने किया। कार्यक्रम में सूबे के लगभग 114691 वार्ड सचिवों की लंबित मांगों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया की संघ की मांगों को लेकर आगामी 25 सितम्बर को महाआंदोलन के तहत राज्य सरकार का घेराव किया जाएगा जिसमे सभी जिलों के पूर्व वार्ड सचिव भाग लेंगे। सचिव ने कहा की माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी 286 दिन सरकारी सेवा दे चुके कर्मियों को मानदेय भुगतान करने की अनुसंशा की गई है लेकिन बिहार सरकार उस अनुसंशा को ताख पर रख दिया है।

चिकित्सक लापरवाही से महिला मरीज का हुई दूसरी सर्जरी

चिकित्सक द्वारा महिला के पेट में छोड़ा कपड़ा, ऑपरेशन कर निकाला

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। पूर्वी बिहार के सबसे बड़े अस्पताल जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल मायागंज के गायनिक प्रशव विभाग में डॉक्टरों की लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर बताया जा रहा है कि स्त्री एवं प्रसव रोग विभाग में महिला मरीज की सर्जरी के बाद डॉक्टर ने पेट के अंदर कपड़ा छोड़ दिया, जिसके कारण महिला की आंत फट जाने की बात सामने आ रही हैं। वही सूत्रों के मुताबिक मिली जानकारी के तहत महिला मरीज प्रियंका कुमारी को प्रसव के लिए विगत 19 फरवरी को मायागंज अस्पताल के गायनिक विभाग के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक द्वारा ऑपरेशन कर बच्चे का प्रशव कराया गया, जहां उसने एक लड़के को जन्म दिया। वहीं उसका इलाज डॉ. अर्चना झा के यूनिट-3 में भर्ती प्रक्रिया के साथ हुआ था, और इसी क्रम में 26 फरवरी को उसे चिकित्सक द्वारा अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी, लेकिन महिला मरीज के पेट दर्द कम होने का नाम नहीं ले रहा था, इसके बाद परिजनों द्वारा एक बार फिर विगत 15 अप्रैल को अस्पताल आई और उसे दोबारा भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया। वही फिर मामूली ड्रेसिंग कर उसे पुनः छुट्टी दे दी गई, लेकिन जांच में अस्पताल के डॉक्टर को बीमारी पकड़ में नही आई, तो पुनः विगत 4 महीने बाद जब महिला के पति चंदन कुमार ने उसे स्थानीय निजी नर्सिंग होम में इलाज के लिए लेलाया, तो अल्ट्रासाउंड में चौंकाने वाली बात पता चली, दरअसल प्रसव के दौरान हुए ऑपरेशन में चिकित्सक द्वारा अंदरूनी जख्म के ब्लड को रोकने के लिए दवाई पट्टी व कॉटन महिला के पेट के भीतर में छोड़ दिया गया था। वही निजी नर्सिंग होम में उक्त महिला का दोबारा ऑपरेशन कर उस गोले रूपी कॉटन को निकाला गया, लेकिन उक्त पट्टी व कॉटन की वजह से महिला की आंत फट चुकी थी। वही डॉक्टरों की इतनी बड़ी लापरवाही की वजह से महिला की जान भी जा सकती थी, लेकिन सही समय रहते महिला का दोबारा ऑपरेशन कर उसके पेट से कपड़े को निकाल दिया गया है। वही अब सवाल खड़े हो रहे हैं कि किसी भी मरीज के ऑपरेशन के बाद कितने समय तक शरीर के अंदर दवाई पट्टी रहनी चाहिए और उसे कैसे निकाली जा सकती हैं ऐसे में किसी भी मरीज के परिजनों के बीच जानमाल का खतरा का डर बना रहता हैं।

हत्या व चोरी मामले में तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। हत्याकांड व चोरी के मामले में तीन शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। मामले को लेकर विधि व्यवस्था डीएसपी सुल्तानगंज थाना कार्यालय परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान डीएसपी डॉ.कुमार गौरव ने बताया कि हत्या काण्ड के आरोपी सहित चोरी के मामले में तीन शातिर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर मामले का उद्भेदन किया है, साथ ही उन्होंने बताया कि विगत दो माह पुर्व श्यामबाग के रहनेवाले मुकेश यादव की हत्या मामले के आरोपी दिपक कुमार को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है, और महादलित परिवार के मंटु मांझी की पीट पीट कर हत्या करनेवाले आरोपी सकलदेव कुमार उर्फ सकला मंडल को भी गिरफ्तार कर न्याय हिरासत में भेज दिया गया है। हत्या मामले के त्वरित जांच व उद्भेदन के लिए संबंधित पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित किया गया था। वही एसआई किरण सोनी, एसआई प्रमोद कुमार ने गस्ती के दौरान अलग अलग जगहों में छापेमारी करते हुए जहांगीर गंगा घाट किनारे से टाटा मैक्सी भैन से भारी मात्रा में अगुवानी पुल का चोरी किया गया कॉपर वायर तार बरामद किया गया, तो वही कोलगामा के बगिचा से एक ट्रैक्टर में अगुवानी पुल का भारी मात्रा में लोहे का अन्य समान बरामद करते हुए वही ट्रैक्टर चालक सुरज कुमार साकिन शाहाबाद को गिरफ्तार किया गया है। वही पुलिस ने सभी गिरफ्तार बदमाशों के मेडिकल जांच के साथ न्यायालय भेज दिया गया है। इस दौरान थानाध्यक्ष प्रिय रंजन कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

विहिप बजरंगदल पूर्णिया के सदस्यों ने पकड़ा प्रतिबंधित पशुमांस लदा ट्रक, पुलिस को किया सुपुर्द

प्रात : किरण ब्यूरो

पूर्णिया। विहिप बजरंग दल के हरेक सदस्य समाज में हो रहे विभिन्न तरीके के अवैध कार्य को रोकने संबंधी प्रयास में हमेशा खुद को सक्रिय रखते हैं। परिस्थिति व परवाह चाहे जो हो, वे कभी अपने कर्म से पीछे नहीं हटते हैं। अपनी सक्रियता का एक बार फिर से विहिप बजरंग दल के सदस्यों ने परिचय दिया है। विहिप बजरंग दल पूर्णिया के सदस्यों ने बिहारशरीफ से बंगाल की ओर जा रहे तस्करी के एक ट्रक प्रतिबंधित पशु मांस को कटिहार जिले के गेड़ाबाड़ी थाना अन्तर्गत खेरिया के पास पकड़ कर गेड़ाबाड़ी थाना को सुपुर्द किया।

ट्रक का चालक एवं खलासी भी पकड़ा गया। प्रतिबंधित पशु मांस लदा ट्रक एवं चालक खलासी गेड़ाबाड़ी थाना में बंद है जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिला गौरक्षा प्रमुख मुकेश कुमार ने बताया कि विश्वस्त सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर एक दिन पूर्व से ही उक्त ट्रक के आने का इंतजार किया जा रहा था। बजरंगदल कार्यकर्ता शनिवार दिन से ही हरदा से नवगछिया तक उक्त ट्रक की खोज कर रहे थे। रविवार की अहले सुबह गेड़ाबाड़ी के पास हाइवे पर उक्त ट्रक को आते देखा। तस्कर के लाईनर ने बजरंगदल कार्यकर्ता की गतिविधियों को भांपकर ट्रक जो गुलाबबाग जीरोमाइल के रास्ते दालकोला होते उतर दिनाजपुर, पश्चिम बंगाल के तरफ जाता को वहीं मोड़कर कटिहार के तरफ जाने लगा। पूर्णिया एवं गेड़ाबाड़ी के बजरंगदल कार्यकताओं ने ट्रक का पीछा कर खेरिया हाट के पास पकड़ कर गेड़ाबाड़ी (कोढ़ा) थाना को सूचित किया। थाना पुलिस के आने पर उक्त ट्रक एवं चालक खलासी को उनके हवाले किया गया। विदित हो कि पिछले हफ्ते इन्हीं गौ तस्कर गिरोह द्वारा समस्तीपुर के मोहनपुर थाना अध्यक्ष को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया था। गौरतलब है कि गौतस्करों का सबसे बड़ा अड्डा गुलाबबाग का जीरोमाइल बन चुका है। जहां पुलिस की मिलीभगत से गौतस्करी के गाड़ियों को पार कराया जाता है। आश्चर्यजनक बात ये है कि अब गौतस्कर गाड़ियों पर बजरंगदल का लोगो लगा झंडा लगाकर बजरंगदल को बदनाम करने की चाल चल रहे हैं। शनिवार को एक ऐसा ही पशु लदे गाड़ी को पकड़ा गया था जिसमें बजरंगदल का झंडा लगा हुआ था। सभी तस्कर मुस्लिम समुदाय के थे। तस्कर नया नया तरीका निकाल रहे हैं। ऐसे में पुलिस प्रशासन को भी चाहिए कि प्रतिबंधित पशुओं के तस्करी के खिलाफ बने कानून का सख्ती से पालन करें।

इस तरह की घटनाओं से हिन्दू समाज की भावना आहत होती है। इसके पूर्व भी बजरंगदल पूर्णिया द्वारा सदर थाना को गौमांस लदे ट्रक को पकड़ कर उनके हवाले किया गया था। पशु मांस लदे ट्रक को पकड़ने में पूर्णिया बजरंगदल गौरक्षा प्रमुख मुकेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष मनोज मोनू, जिला उपाध्यक्ष विनित भदोरिया, नगर मंत्री आनन्द कुमार, नगर सेवा प्रमुख पूजन, नगर संयोजक ब्रजेश कुमार, रंजन कुणाल, जिला अध्यक्ष पवन कुमार पोद्दार, जिला कार्याध्यक्ष मनीष कुमार भारती, रिजू, आदित्य, श्रवण, आदर्श, रविशंकर रोहित, गेड़ाबाड़ी के विहिप प्रखंड अध्यक्ष रवि चौधरी, गेड़ाबाड़ी बजरंगदल कार्यकर्ता विकास, रौशन सहित कई अन्य सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही।

केंडल मार्च सह श्रद्धांजलि सभा आयोजित

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। अररिया पत्रकार हत्याकांड मामले को लेकर पूरे बिहार के पत्रकारों में आक्रोशित माहौल बना हुआ है। सरकार और जिला प्रशासन से लगातार पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग कर रहे है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हो रहे हमले को लेकर लगातार पत्रकारों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं।

वही मामले को लेकर अररिया में एक प्रिंट मीडिया के पत्रकार विमल यादव को अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी। नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अरुण भारती ने कहा कि खबर संकलन करने के दौरान भी पत्रकारों पर हमला होता रहा है। प्रिंट मीडिया के पत्रकार विमल यादव को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

वही पत्रकार के परिजनों को 20 लख रुपए आर्थिक मदद और एक सरकारी नौकरी सरकार दे। जिसको लेकर नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के भागलपुर जिला अध्यक्ष अरुण भारती के नेतृत्व में कचहरी चौक से कैंडल मार्च निकाला गया, कचहरी चौक से होते हुए स्थानीय सेंडिस कंपाउंड मैदान गेट होते हुए तिलकामांझी चौक पर पहुंच श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर जिले के पत्रकार श्यामानंद सिंह, अरुण भारती, धीरज कुमार, अजय कुमार, अरविंद कुमार, अमरजीत कुमार सिंह, निवास मोदी, रवि आर्यन सुबोध कुमार, संजय कुमार सहित कई पत्रकार मौजूद थे।

भाजपा नेता राजेश यादव के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

मन की बात में बताये गये तथ्य का लगातार अनुसरण कर रहे हैं भाजपा नेता राजेश यादव

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा नेता राजेश यादव द्वारा अपने कई कार्यकताओं के साथ प्रखंड के झुन्नी सहबज्जा बूथ संख्या 87 पर सुना गया। मन की बात एपिसोड के बाद भाजपा नेता श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के अनुसार आपसी संगठन एवं सामाजिक सहयोग से जटिल से जटिल कार्य को भी किया जा सकता है, इसी सिद्धांत पर हम सभी कार्यकर्ता चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के हर एक कार्यकर्ता अभी जब मानसून का समय चल रहा है जल संरक्षण का कार्य कर रहे हैं। समाज में आपसी सहयोग से कुवें खुदवा कर जल संरक्षण का प्रयास किया जा रहा। जमीन के नीचे के जलस्तर को सही रखने में सहयोग कर रहे हैं। साथ ही पर्यावरण को शुद्ध रखने हेतु पेड़ लगाया जा रहा है। यह सभी पहल प्रधानमंत्री के मन की बात एपिसोड का अनुसरण कर ही किया जा रहा है। मन की बात सुनने के बाद भाजपा नेता राजेश यादव ने कहा कि पीएम के बताये विभिन्न तरीके पर वे लोग अमल कर रहे हैं और उसे अपने जीवन में आत्मसात भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम पूरे देशवाशियों के लिए एक उत्साह के साथ साथ एकता और अखंडता का बोध कराती है। मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोगों से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। भाजपा नेता राजेश यादव के साथ पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, श्रीनगर दक्षिण मंडल युवा अध्यक्ष ब्रजेश यादव, सत्यनारायण मंडल, श्यामलाल टुडू, बूथ अध्यक्ष रुद्दी यादव, रवि ऋषिदेव, प्रतोष यादव, शंभु शरण गोश्वामी सहित अनेकों लोगों ने उपस्थित होकर मन की बात को सुना।

अधेड़ ने महादलित नाबालिग बच्ची के साथ डरा धमकाकर किया यौन शोषण

प्रात : किरण संवाददाता

रूपौली(पूर्णिया)। रूपौली प्रखण्ड क्षेत्र में एक अधेड़ ने महादलित नाबालिग का यौन शोषण और जबरन गर्भपात किया। हवस के दरिंदे एक अधेड़ व्यक्ति मानवता को शर्मसार करते अपने बेटी समान घर में चौका बर्तन करने वाली गांव की महादलित नावालिग को जान मारने की धमकी देते महीनों तक लगातार यौन शोषण करता रहा। हद तो तब हुई जब लड़की गर्भवती हो गई तो उसका गर्भपात इलाज कराने के बहाने एक अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम में करवा दिया और नावालिग को उसके घर के समीप अपने हाल पर मरने जीने को छोड़ दिया। मामला टीकापट्टी थाना क्षेत्र के धूसर टीकापट्टी पंचायत तेल्डीहा गांव में घटित हुई। यह मामला तब सामने आया जब लड़की की नाजुक स्थिति देख उसके परिजनों के पैर नीचे की जमीन खिसक गई। वहीं रोते विलखते पीड़ित लड़की ने अपनी आपबीती दर्द बयां मां से बताई। लड़की के माता पिता जब इस सम्बन्ध में गांव के ही दुष्कर्मी मनोज जायसवाल से पूछा तो गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दे भगा दिया। थक हार कर पीड़िता के साथ परिजनों ने न्याय की गुहार लगाने टीकापट्टी थाना में आवेदन किया। इस जघन्य अपराध पर टीकापट्टी पुलिस द्वारा ढुलमूल नीति अपनाया गया। जब खबर कानों कान अनुमंडल से जिला तक आग की तरह फैल गया तो टीकापट्टी पुलिस देर रात हरकत में आकर पीड़िता के परिजन के आवेदन पर अमल करते हुए दो को नामजद प्राथमिकी अभियुक्त बनाते मामला दर्ज किया जबकि टिकापट्टी थानाध्यक्ष अजय कुमार अजनबी ने नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर जगह जगह छापेमारी दर छापेमारी भी किया। फिलहाल घटनाक्रम में शामिल दोनों ही नामजद पुलिस गिरफ्त से बाहर ही बताया गया। थानाध्यक्ष अजय कुमार अजनबी ने बताया कि दो नामजद प्राथमिकी अभियुक्त के उपर मामला दर्ज कर अग्रेतर कारवाई शुरू कर दिया गया है और छापेमारी अभियान जारी है।

1942 में पूर्णिया में शहीद सभी स्वतंत्रता सेनानियों को दी गयी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

पूर्णिया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद दिवस के मौके पर शहीद स्मारक स्थित स्तंभ पर शहर के सभी बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजनीतिक व्यक्तियों के द्वारा शहीदों को याद किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर रंजन सिंह, बबीता चौधरी, गौतम वर्मा, मोहम्मद अलीमुद्दीन, आश नारायण चौधरी, पवन राय, जयवर्धन सिंह, ऋषि कुमार सिंह, सरिता राय, विजेंद्र कुमार सिंह, अखिलेश कुमार, मोहन कुमार झा, परवेज अंजुम आदि ने संयुक्त रूप से कहा की 27 अगस्त पूर्णिमा के लिए एक स्वर्णिम दिन है। आज ही के दिन सन 1942 में डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सुधांशु के नेतृत्व में पूर्णिया के तत्कालीन कलेक्टर और एसपी को गिरफ्तार कर सरकारी कार्यालय पर राष्ट्रीय तिरंगा फहराया गया था और आजाद हिंदुस्तान की घोषणा की गई। उसके बाद तमाम स्वतंत्रता सेनानियों को गिरफ्तार किया गया था। आज ही के दिन कई थानों को जला दिया गया था और उस पर कब्जा जमा लिया गया था। उस वक्त स्वतंत्रता सेनानियों में बैद्यनाथ चौधरी, भोला पासवान शास्त्री, डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सुधांशु, अनूप लाल मेहता, कमलदेव नारायण सिंह, जीवात्मा हिमांशु, मोहित लाल पंडित, नरसिंह नारायण सिंह, फनी गोपाल सेन, देवनाथ राय, आनंदी प्रसाद सिंह, मुरलीधर सिंह, सती नाथ भादुरी, गोकुल कृष्ण राय, वीर नारायण चंद आदि अनेकों स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी के लिए अपनी जिंदगी को दांव पर लगा दिया था। सबसे बड़ी खासियत 27 अगस्त का यह रहा की 23 वर्षीय क्रांतिकारी कूतय साह ने कलेक्ट्रेट पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के क्रम में मिलिट्री की गोली से गंभीर रूप से घायल हुए और शहीद हो गए। आज उनको याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है। मौजूद वक्ताओं ने कहा कि 27 अगस्त पूर्णिया जिला के लिए अमर सेनानियों के बलिदान का प्रतीक है।

भारी बारिश के कारण हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में घुसा पानी व किचन स्वास्थ्य सेवा हुआ ठप

सदर मुंगेर। शुक्रवार को देर रात भारी बारिश होने के कारण सदर प्रखंड अंतर्गत नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर सोहेल चक नौवागढ़ी में पानी घुस गया तथा कीचड़ का अंबार लग गया जिससे स्वास्थ्य सेवा बाधित हो गई वहीं इसकी जानकारी देते हुए सी एच ओ परणीता कुमारी तथा एएनएम रंजना कुमारी ने बताई की भारी बारिश के कारण स्वास्थ्य केंद्र के अंदर सभी कमरे में पानी तथा कीचड़ घुस गया है। जिससे मरीज देखने में काफी परेशानी हो रहा है।

पानी में खड़े होकर हम लोग अपनी ड्यूटी कर रहे हैं। वहीं उन्होंने यह भी बताई की पुराना मकान होने के कारण पूरी तरह से जर्जर है। हर जगह से मकान बरसती है। हम लोग किसी प्रकार से दवा को बचा रहे हैं। यह काफी मुश्किल की बात है उन्होंने यह भी बताएं कि नया भवन तैयार हो चुका है। पर अभी कार्य पूरा नहीं होने के कारण नए भवन में हम लोग स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध नहीं कर पा रहे हैं।

बाबा धर्मदास धाम नौवागढ़ी के प्रांगण में रविवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। रविवार को नौवागढ़ी बाबा धर्मदास मंदिर में वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सीके ठाकुर, विशिष्ट अतिथि विविध भारती उद्घोषक सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार के संजय शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दशरथ ठाकुर एवं मंच संचालन भूतपूर्व सैनिक टुनटुन ठाकुर ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सीके ठाकुर ने अपने वंशज को आगे बढ़ाने की जरूरत बताया। अपने नाई समाज में शिक्षा की अलख जगाने की जरूरत है। शिक्षा के बिना हम लोग अपने समाज को आगे नही बढ़ा सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि आज नाई समाज को राजनीति भागीदारी की भी जरूरत है। जिससे उन्हें अपना अधिकार लेने में सहूलियत हो सके। उन्होंने कहा कि हमारे समाज के ही पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कपूर्री ठाकुर आते है। वहीं विशिष्ट अतिथि संजय शर्मा ने कहा कि नाई समाज का गौरव शाली इतिहास रहा है। इससे जाने की जरूरत है। उन्होंने जोर देकर के कहा प्रत्येक नाई समाज के घर में बाबा धर्मदास, भोजपुरी शेक्सपियर भिखारी ठाकुर, जननायक कपूर्री ठाकुर समेत कई महापुरुषों के तस्वीर लगाने की जरूरत है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, झारखंड एवं बिहार के कोने-कोने से नाई समाज के लोगों ने भाग लिया कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। वही पीएसएस अस्पताल बड़ी आशिकपुर जमालपुर द्वारा निशुल्क जांच एवं दवा का वितरण किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुमन कुमारी, देवघर के सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता बिपिन ठाकुर, डा अनुराग, अशोक ठाकुर, विनोद ठाकुर, विपिन ठाकुर, रंजीत ठाकुर, रंजय ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, जय किशोर ठाकुर, ललन ठाकुर, हीरा ठाकुर, समेत सैकड़ों नाई समाज के लोग उपस्थित थे।

चन्द्रयान-3 की सफलता देश के लिए गौरवशाली क्षण: अभाविप

औरंगाबाद। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, चन्द्रयान-3 अभियान की सफलता पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित करती है। चन्द्रयान-3 की सफलता से देश की वैज्ञानिक प्रगति में एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है, भारत की यह वैज्ञानिक प्रगति सम्पूर्ण विश्व के लिए शुभ तथा शोध आदि क्षेत्र में पथ प्रशस्त करने वाली होगी। चन्द्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला प्रमुख प्रोड्ड गोपाल सिंह जी सेंगर, महानगर अध्यक्ष प्रोड्ड प्रियंका तिवारी, विभाग प्रमुख प्रोड्ड अविनाश कुमार एवं अभाविप गयाजी के सभी कार्यकताओं की शुभेच्छाओं को प्रेषित करते हुए चन्द्रयान-3 अभियान से जुड़ी वैज्ञानिक टीम व सहायकों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा देश की उत्तरोत्तर वैज्ञानिक प्रगति की कामना की। वही गया महानगर मंत्री मैक्स अवस्थी ने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता हम सभी देशवासियों को गौरवान्वित करने वाला छन है आज पूरा देश वैज्ञानिकों को धन्यवाद अर्पित करती है। भारत अब विश्व के पटल पर एक अपनी अलग पहचान बना रही है, आज पूरे देशवासी खुशी में झूम रहे है आने वाले भविष्य के लिए यह शुभ संकेत है। आज पूरा विश्व भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है यह क्षण हम सभी देशवासियों के लिए सुखद अनुभूति लेकर के आया है आने वाले वक्त में हम सभी को आशा है कि हमारे देश के वैज्ञानिक इससे भी बड़ी सफलता को प्राप्त कर अपने देश को विश्व गुरु बनायेंगे। अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री पशुपतिनाथ जी, प्रदेश सह मंत्री सूरज सिंह, विभाग संयोजक प्रवीण यादव, जिला संयोजक राजीव रंजन कुमार, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य प्रिया सिंह, सुबोध पाठक, अजित कुमार, धिरज केशरी, अनिरुद्ध सेन, सत्यम कुशवाह, मंतोष सुमन, राकेश कुमार, नगर मंत्री रंजीत कुमार, अभिषेक आर्य आदि ने सभी को शुभकामनाए दी।

सोमवार को थाना प्रभारी व अनुसंधानकर्ता सदेह उपस्थित रहे

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के अवर न्यायिक दंडाधिकारी षष्ठम मनीष कुमार पांडेय ने कुटुम्बा थाना कांड संख्या 32/23 में सुनवाई करते हुए थाना प्रभारी, अनुसंधानकर्ता को शोकोज करते हुए कहा है कि न्यायालय में प्रस्तुत मामले की अधतन समस्त दस्तावेज, जख्म प्रतिवेदन, कांड दैनिकी प्रस्तुत करें और लिखित जवाब दें कि किन परिस्थितियों में न्यायिक आदेश का अनुपालन नहीं किया जा सका। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि कुटुंबा थाना कांड संख्या 32/23 की प्राथमिकी 15/02/23 को दर्ज कराई गई थी इस मामले के सुनवाई में कुछ आवश्यक दस्तावेज की मांग न्यायालय द्वारा कुटुंबा थाना से की गई थी। यही मांग हाईकोर्ट पटना द्वारा 26/07/23 को की गई। तब 01/08/23 को आरक्षी अधीक्षक औरंगाबाद को हाईकोर्ट के आदेश का शिघ्र अनुपालन सुनिश्चित कराने वास्ते पत्र लिखा गया था। इसके बावजूद भी 26/08/23 तक उल्लेखित दस्तावेज अप्राप्त होना घोर लापरवाही और न्यायिक आदेश का अवमानना मानते हुए शोकोज किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

जलभरी में सैकड़ो भक्त हुए शामिल

आरा। जिले के कोईलवर नगर पंचायत के वार्ड 7 स्थित श्री दक्षिनेश्वर शिव मंदिर जीर्णोद्धार सह प्राण प्रतिष्ठा महोत्स्व को लेकर रविवार को कलश यात्रा निकाली गई। यज्ञ मंडप के पास से ढोले-बाजे के साथ निकाली गई। यात्रा में शामिल श्रद्धालु पीला वस्त्र धारण किए हुए थे। कलश यात्रा के दौरान सैकड़ो महिला-पुरुष शामिल हुए। महिलाएं माथे पर कलश लेकर पूरे शहर का भ्रमण करते हुए कोईलवर चौक होते हुए गोरया घाट स्थित बाबा दिनेश्वर नाथ स्थित सोन नदी पहुंचे। जहां आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना किया गया। साथ ही कलश में पवित्र जल भरा गया। कलश में जलभरी करने के बाद श्रद्धालु जयकारा लगाते हुए वापस यज्ञ स्थल पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश की स्थापना की गई। आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि सोमवार को पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश, वेदी पूजन व कड़ी पाठ आरम्भ तथा मंगलवार को भगवान का प्राण प्रतिष्ठा, महाभिषेक, श्रृंगार दर्शन व बुधवार यानि 30 अगस्त को वेदी पूजन, रुद्राभिषेक और यज्ञ पूणाहुति होगा। आयोजकों ने बताया कि बनारस, प्रयागराज व आरा आए साधु संतों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना करवाया। मंदिर कमिटी के लोगों ने बताया कि प्रवचन स्थल पर पेयजल तथा बिजली का पूरा इंतजाम किया गया है। प्रवचन स्थल पर महिला- पुरुष को बैठने के लिए अलग- अलग व्यवस्था किए गए हैं। जलभरी यात्रा के दौरान सैंकड़ो भक्तों ने कलश यात्रा में हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री के मन की बात को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभी बूथो पर सुना

आरा। प्रधानमंत्री के मन की बात को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओ द्वारा जिले के सभी बूथो पर सुना एवं देखा गया। प्रत्येक महिने के अंतिम रविवार को होने वाली प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम की प्रतिक्षा देश भर के लोगो को रहता है, जिसमे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के इतिहास, संस्कृति, धरोहर और बढ़ते हुए भारत का दर्शन कराते है। अगस्त महिना का आखरी रविवार को भी प्रधानमंत्री ने मन की बात मे लोगो को प्रेरित किया। भारतीय जनता पार्टी भोजपुर के कार्यकताओ ने बूथ केन्द्रो, सार्वजनिक स्थानो और अपने घरो मे रेडियो, टेलीविजन, मोबाइल आदि विभिन्न माध्यमों से कार्यक्रम को सुने और देखे। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज के नेतृत्व मे आरा विधानसभा के मारूति नगर बूथ पर टेलीविजन के माध्यम से कार्यक्रम को देखा और सुना गया, जिसमे जिला उपाध्यक्ष ई. धीरेन्द सिंह, उदय प्रताप सिंह सहित बूथ कार्यकर्ता शामिल थे। इसी प्रकार प्रत्येक मंडल मे मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व मे प्रधानमंत्री जी के मन की बात को सुना गया।

शराबबंदी के नाम पर हो रही खानापूर्ति:रामाज्ञा यादव

करपी (अरवल) लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का आजीवन सदस्य रामाज्ञा यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा बिहार में शराबबंदी के नाम पर खाना पूर्ति किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि बिहार में शराबबंदी पूरी तरह से फेल साबित हो रही है शराबबंदी के नाम पर गरीबों वंचितों के सताया जा रहा है, रामाज्ञा यादव ने कहा कि कई दिन लगातार अरवल जिले के अलग-अलग थाना के पुलिस के द्वारा वाहनों के साथ शराब की खेप पकड़ी गई है इससे जहीर है और साबित हो रही है की बिहार मे पूर्ण शराबबंदी कानून के नाम पर गरीब गुरुबो का जेल के अंदर किया जा रहा है, नीतीश कुमार की ड्रीम प्रोजेक्ट पूरी तरह से फेल साबित हो रहा है, सही ढंग से सरकार शराबबंदी कानून लागू नहीं कर पा रहा है।

स्वच्छता पर्यवेक्षक संघ का हुआ संगठन विस्तार

करपी (अरवल) स्थानीय प्रखंड स्थित करपी पंचायत भवन में स्वच्छता पर्यवेक्षको की बैठक आयोजित की गई, बैठक के दौरान स्वच्छता पर्यवेक्षक संघ का गठन किया गया, जिसमें स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रखंड अध्यक्ष के पद पर मो नासिर मंसुरी मनोनीत किया गया जबकि उपाध्यक्ष संजय कुमार पटेल एवं कोषाध्यक्ष पप्पू कुमार व प्रमोद कुमार सचिव के पद पर सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया, इस दौरान सभी पर्यवेक्षको ने अपने जिम्मेदारी निर्वहन पूर्वक निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए वचन दिया, मौके पर संघ के मीडिया प्रभारी पिंटू कुमार, जितेंद्र कुमार राजवंशी, समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने प्रस्तावित कोरला अस्पताल, चार मंजिला धर्मशाला का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

गया। देश विदेश से हर वर्ष लाखों लाख की संख्या में गया जिला आने वाले तीर्थ यात्रियों को ठहरने रुकने एवं आवासन के क्षेत्र में और बेहतर व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से गया कोरला हॉस्पिटल आई डी एच हॉस्पिटल में 1180 बेड की क्षमता वाले 4 मंजिला गया जी धाम धर्मशाला भवन बनना प्रस्तवित है। यह धर्मशाला निर्माण कार्य पूल निर्माण निगम विभाग द्वारा करवाया जाएगा। जल्द ही धर्मशाला निर्माण हेतु शिलान्यास करवाया जाएगा।

इसी परिपेक्ष में आज जिला पदाधिकारी डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया है। बताया गया कि 4.38 एकड़ भूमि में यह धर्मशाला निर्माण होना है। नगर आयुक्त एवं कार्यपालक अभियंता पुल निर्माण निगम को निर्देश दिया कि विभिन्न जगहों से नाले का पानी का निकास इस रास्ते से होता है। उसका विस्तृत नाला निकासी का डायग्राम तैयार करे, ताकि जल जमाव भी न रहे हैं नगर निगम के सफाई प्रभारी को निर्देश दिया अस्पताल में यत्र तत्र कूड़ा कचरा को साफ करवाये एवं समतल करवाये। अनुमंडल पदाधिकारी सदर को निर्देश दिया कि अस्पताल के इन-डोर एवं बाहरी परिसर में खटाल को हटवाए। अंचल अधिकारी अच्छे तरीके से जमीन का सर्व करें यदि कहीं अतिक्रमण है तो उसे तुरंत नापी कराकर अतिक्रमण हटाए। कार्यपालक अभियंता आईसीडी को निर्देश दिया कि अस्पताल के आने वाले रास्तों को मोटरोलेबल बना दें। डीएम ने पूरे परिसर का घूम कर जायजा लिया, सभी एंट्री एवं एग्जिट पॉइंट्स को घूम कर देखा गया है सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि पूर्व के बने क्वार्टर्स को तेजी से नोटिस निर्गत करते हुए खाली करवाए ताकि उसे डिमोलिश कराया जा सके। अस्पताल परिसर में बने सभी पुराने स्ट्रक्चर्स को डिमोलिश कर पूरा समतल बनाया जाएगा। रविवार के निरीक्षण में बताया गया कि चार मंजिला 1100 बेड वाला धर्मशाला निर्माण प्रस्तावित है जिसमें 212 डोरमेट्री में 984 बेड रहेंगे। इसके अलावा 48 कमरे में 96 बेड रहेंगे। गया कि ग्राउंड फ्लोर पर 128 बेड रहेंगे। इसके अलावा फर्स्ट फ्लोर, सेकंड फ्लोर एवं थर्ड फ्लोर पर 238 की संख्या में बेड रहेंगे। सभी फ्लोर में महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग पर्याप्त संख्या में टॉयलेट, स्नानागार रहेगा। इसके अलावा ग्राउंड फ्लोर से फोर्थ फ्लोर तक जाने हेतु 10 पैसेंजर के क्षमता वाला लिफ्ट भी रहेगा और सीढ़ी का भी निर्माण करवाया जाएगा। इन सबों के अलावा 250 से ऊपर की संख्या में छोटे-बड़े वाहन का पार्किंग भी बनाया जाएगा। सभी फ्लोर में किचन एवं डाइनिंग हॉल भी रहेगा। इन सबों के अलावा गया जी धाम धर्मशाला पहुंचने एवं धर्मशाला से मंदिर जाने इत्यादि के लिए इंटरनल रोड का भी निर्माण करवाया जाएगा। पूर्व के जो भी रास्ते हैं उसे समतल एवं जहां चौड़ीकरण की आवश्यकता पड़ेगी वहां पर करवाया जाएगा। इसके साथ जिला पदाधिकारी ने विष्णुपद देवघाट का निरीक्षण किया गया है। पुनः पंडा समाज के पुरोहितो से अपील किया है कि यह गया जी डैम आप सभी गया वासियो का है। डैम के पानी को निर्मल बनाये रखे। पिंड सामग्रियों को डैम में प्रवाहित न करे, जिससे डैम का पानी दुसित हो। पिंड सामग्री को डालने के लिये घाट पर अलग से बड़े आकार का पीट का निर्माण करवाया गया है, जहां यात्री पिंड सामग्री को वहां प्रवाहित कर सकते हैं। पिंड सामग्री को सुरक्षित गौ माता को खिलाया जाएगा। घाट पर साफ सफाई, चेंजिंग रूम, टॉयलेट, पियाऊ इत्यादि को तेजी से मरम्मत करवाना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर नगर आयुक्त गया नगर निगम, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, सिविल सर्जन, वरीय उप समाहर्ता अभिषेक कुमार, पुलिस उपाधीक्षक नगर, कार्यपालक अभियंता पुल निर्माण निगम, पथ निर्माण विभाग, अंचल अधिकारी नगर, डीपीएम स्वास्थ्य सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

चोरी-छिनतई की तीन घटनाओं में पांच गिरफ्तार, ज्वेलरी कारोबारी भी शामिल

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया में चोरी-छिनतई की घटना करने के तीन मामले में पांच को गिरफ्तार किया गया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में यह सभी तीन घटनाएं हुई थी जिसका खुलासा पुलिस ने किया है गिरफ्तार अपराधियों के पास से छिनतई के सामानों की बरामदगी की गई है गिरफ्तार पहुंचे लोगों में एक ज्वेलरी कारोबारी भी शामिल है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हालिया दिनों में तीन घटनाएं हुई थी घटनाओं को लेकर एसएसपी आशीष भारती के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था इसमें टेक्निकल सेल और सिविल लाइन थानाध्यक्ष पंकज कुमार को शामिल किया गया था. सिटी एसपी हिमांशु के नेतृत्व में विशेष टीम बनी थी. वहीं, टीम ने कार्रवाई करते हुए 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया है. इस संबंध में गया कि सिटी एसपी हिमांशु ने बताया कि अलग-अलग मामलों में पांच अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र में डेल्हा के छोटकी नवादा के रहने वाले अंकुश कुमार ने बाइक चोरी की घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई थी. इस मामले में फतेहपुर थाना क्षेत्र के मनीष कुमार और मोहनपुर थाना क्षेत्र के इटवा के रणधीर कुमार को गिरफ्तार किया गया है वहीं, चेन स्नेचिंग के एक मामले में शेरघाटी थाना क्षेत्र के अभिषेक कुमार की लिखित शिकायत पर गिरफ्तारियां की गई है। सिविल लाइन थाना में यह प्राथमिक दर्ज की गई थी। एक नाबालिक को पकड़ा गया है। वहीं, उसकी निशानदेही पर चंदन कुमार गेवाल बीघा थाना रामपुर और सोने का लॉकेट खरीदने के आरोप में आनंद ज्वेलर्स के मालिक आशीष कुमार डेल्हा थाना क्षेत्र के निवासी को गिरफ्तार किया गया है. सोने की चेन की बरामदगी भी कर ली गई है। वहीं, सिविल लाइन थाना क्षेत्र में ही बीते गुरुवार को बाइक सवार झपट्टामार गिरोह के अपराधियों में गया कोर्ट के पास मोहनपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले अमन कुमार से मोबाइल की छिनतई कर ली थी इस मामले में पुलिस ने फिरोज आलम नाम के अपराधी की गिरफ्तारी की है। जो कि चंदौती थाना क्षेत्र के कटारी मोहल्ले का रहने वाला है. इस तरह पांच गिरफ्तारियां तीन कांडों में की गई है इस संबंध में सिटी एसपी हिमांशु ने बताया कि सिविल लाइन थाना में दर्ज तीन अलग-अलग मामलों में पांच की गिरफ्तारियां की गई है गिरफ्तार अपराधी अलग-अलग थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं. गिरफ्तारी के बाद उनके खिलाफ आगे कार्रवाई की जा रही है।

अपने कर्म-पंथ पर भैया, निर्भय आगे बढ़ते जाना : डॉ. रश्मि

प्रात : किरण संवाददाता

गया। भाई-बहन के निश्चल स्नेह तथा अटूट विश्वास भरे रिश्ते की याद दिलाने वाले पवित्र त्योहार रक्षाबंधन के तहत अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की महिला शाखा 'ओजस्विनी' द्वारा ओजस्विनी जिलाध्यक्षा डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी के नेतृत्व में 'देश के जवानों की कलाइयों पर ओजस्विनी का रक्षासूत्र' कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत ओजस्विनी बहनों ने जेल परिसर में स्थित 159 बटालियन सीआरपीएफ मुख्यालय, गया में 'सेन्ट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स' के 159 बटालियन के जवानों की कलाइयों पर स्नेह एवं शुभकामनाओं भरे रक्षासूत्र बाँधे।

कार्यक्रम का शुभारंभ ओजस्विनी अध्यक्षा डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने सीआरपीएफ के कमांडेंट कुमार मयंक, सूबेदार मेजर पी.एस. रॉय, इंस्पेक्टर के. पी. सिंह एवं सीआरपीएफ के सभी अधिकारियों तथा जवानों की कलाइयों पर रक्षासूत्र बाँध कर किया। तत्पश्चात डॉ रश्मि के नेतृत्व में ओजस्विनी की महामंत्री अमीषा भारती, जिलामंत्री शिल्पा साहनी, कोषाध्यक्ष प्रतिज्ञा, रजनी त्यागी, श्रेया कुमारी, निकिता केसरी, निधि प्रिया, तान्या कुमारी, लवली कुमारी, रियाश्री, शीतल साहनी, मुस्कान सिन्हा, रिया कुमारी, प्रगति कुमारी, पलक शर्मा, अमीषा सिन्हा एवं अंजली कुमारी आदि ओजस्विनियों ने देश की रक्षार्थ रात-दिन तत्पर सभी सैनिक भाइयों के कुशल स्वास्थ्य और दीर्घ आयु की कामना करते हुए विजय-तिलक लगाकर राखियाँ बाँधीं। ओजस्विनी अध्यक्षा डॉ रश्मि ने देश की सुरक्षा में तैनात रहने वाले सीआरपीएफ के जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश की उन्नति एवं समृद्धि का सर्वप्रथम श्रेय हमारे तपस्वी तथा कर्तव्यनिष्ठ सैनिक भाइयों को जाता है। हम सभी अगर आज सुरक्षित हैं, देश में निश्चिंत रहकर अपने जीवन को आत्मसम्मान के साथ जी पा रहे हैं, नयी-नयी उपलब्धियाँ हासिल कर पा रहे हैं, तो यह हमारे देश की सेना की निर्भीकता एवं कर्मठता का ही परिणाम है। डॉ. रश्मि ने देश के वीर जवानों का शत-शत अभिवंदन करते हुए अपनी स्वरचित काव्य पंक्तियाँ समर्पित करते हुए कहा-"मातृभूमि की रक्षा करके, इस राखी की लाज निभाना। अपने कर्म-पंथ पर भैया, निर्भय आगे बढ़ते जाना। राखी के ये धागे रक्षा करें आपकी, बनकर ढाल। रहे हमारी भारत माँ का मस्तक ऊँचा, उन्नत भाल।।" राखियाँ बँधवाते समय सभी सैनिक भावविभोर दिख रहे थे। उन सभी में अद्भुत उत्साह और जोश दिखाई दिया है। सीआरपीएफ के कमांडेंट कुमार मयंक ने कहा कि ओजस्विनी से आयी बहनों को देख हमें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। गौरवबोध हो रहा है कि हमारी देश की बहनों की शुभकामनाएं हमारे साथ हैं। अमीषा भारती ने कहा कि सैनिक भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधना एक अविस्मरणीय तथा गौरवमय अहसास है। श्रेया ने रक्षाबंधन के इस कार्यक्रम को ओजस्विनी का अत्यंत गौरवपूर्ण आयोजन ठहराया। प्रतिज्ञा, शिल्पा एवं रिया ने कहा कि हम ओजस्विनियाँ हर वर्ष सैनिक भाइयों को राखियाँ बाँध कर उनके स्वास्थ्य और उज्ज्वल जीवन के लिए मंगलकामनाएँ करती हैं। ओजस्विनी अध्यक्षा ने रक्षाबंधन कार्यक्रम को सफल बनाने में 'अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद' के विभागाध्यक्ष-सह-राष्ट्रीय बजरंग दल के दक्षिण बिहार प्रांत महामंत्री शशिकांत मिश्र, अहिप, गया के संरक्षक राजू अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अश्विनी कुमार, प्रकाश कुमार गुप्ता आदि के सहयोग और शुभकामनाओं के लिए हार्दिक आभार जताया। उन्होंने सीआरपीएफ के सभी सैनिक भाइयों एवं अधिकारियों के प्रति भी हार्दिक कृतज्ञता प्रकट की है। दुर्गेश नंदिनी, डॉ ज्योति प्रिया, सोनाली, निकिता, साक्षी सिन्हा, अन्या, अंशु, पलक शर्मा, अमीषा सिन्हा, विद्या, आस्था, अनु आदि ओजस्विनी बहनों ने भी सैनिक भाइयों के लिए मंगलकामनाएँ प्रेषित की हैं। ज्ञात हो कि सेन्ट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) भारत के केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में सबसे बड़ा है, जो भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत काम करता है। देश तथा समाज में कानून-व्यवस्था को बनाये रखने में इनकी अत्यंत संवेदनशील भूमिका है। सीआरपीएफ के वीर जवान पुलिस कार्रवाई में राज्य तथा संघ शासित प्रदेशों को सहयोग प्रदान करते हैं। ये आतंकवाद के प्रबल शत्रु हैं।

काउप पंचायत के उपमुखिया गड़हनी वार्ड सदस्य माहसंघ के बने अध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

गड़हनी(भोजपुर) वार्ड महासंघ भोजपुर के आह्वान पर गड़हनी प्रखण्ड अंतर्गत एक निजी कोचिंग संस्थान के प्रांगण पंचायत में आठों पंचायत के उपमुखिया एव वार्ड सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता अरविंद कुमार सिंह व संचालन जिला मुख्य सचिव इचरी पंचायत उपमुखिया उमाशंकर सिंह यादव ने किया।

वार्ड सदस्य महासंघ भोजपुर जिलाध्यक्ष शिवसागर सिंह कुशवाहा के देख रेख मे गड़हनी वार्ड सदस्य महासंघ के प्रखण्ड अध्यक्ष व प्रखण्ड कार्यकारणी का चुनाव सम्पन्न हुआ। बैठक में जिला प्रवक्ता भोजपुर सह जगदीशपुर प्रखण्ड अध्यक्ष नरेंद्र प्रताप सिंह ने प्रखण्ड अध्यक्ष व सभी प्रखण्ड कार्यकारणी सदस्यों के नामो की घोषणा की जिसमे सर्वसम्मति से वार्ड सदस्य महासंघ गड़हनी का अध्यक्ष पद पर काउप पंचायत के उपमुखिया शिवभूषण प्रसाद, उपाध्यक्ष उपमुखिया सुरज कु0 सिह, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, सचिव राजेश कुमार पाल, प्रवक्ता रवि सिंह, महासचिव संतोष कुमार, मिडिया प्रभारी राजकुमारी देवी को मनोनीत की गई। बैठक में उपस्थित वार्ड सदस्य अनुप प्रसाद सिंह, आरती कुमारी, बालकृष्ण सिंह, अमित कुमार, धन्नजय कुमार सिंह, चंदन साह तथा अशोक कुमार राम के नामो की घोषणा सदस्यों के रूप में की गई। सभा को सम्बोधित करते हुए गड़हनी प्रखण्ड अध्यक्ष शिवभूषण प्रसाद ने कहा कि हम सदैव तत्परता पुर्वक तन मन धन से संघ को मजबूत बनाने के लिए हर वो काम करूँगा जिससे हमारे संगठन को हम पर गर्व हो। वही अध्यक्ष ने ये भी कहा कि आज दो साल होने को है मगर आजतक सरकार द्वारा हमलोगों को मासिक मानदेय भता जो 500 सौ रुपए दी जाती है वो भी अभी तक नहीं मिला पाया हैं, जब कि 2017 मे हमलोगों आन्दोलन किए थे जिसका फलस्वरूप सरकार ने हमलोगों को सात निश्चय नल जल नली गली का कार्य कराने को दि थी वही सरकार 2022 में हमलोगों से हमारा वितिय पावर अधिकार छीन लिया गया जो बहुत ही निन्दनीय है। मौके पर बैठक में जयनाथ साह, मन्तोष कुमार, गीता देवी, धर्मेन्द्र कुमार, गुड़िया देवी, अशोक कुमार पासवान, उमेश राम, कुशुम देवी, पप्पू कुमार, सुनिल कुमार, नेहा कुमारी, बजरंगी सिंह, शंकरदयाल साह, टुनटुन सिंह, रेखा देवी, हुसनाबानो, रेशमा प्रवीन, रहिमुदिन अंसारी, मिना देवी, प्रतिमा देवी, मुनमुन सिंह, मुन्ना खातुन, उर्मिला देवी, धर्मेन्द्र कुमार, राजू राम, बेदामो देवी, अनिता देवी, बाल योगेश्वर सिंह, बेबी देवी समेत सैकड़ो वार्ड सदस्य के उपस्थिति में संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ।

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री ने कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन में पार्टी के विकास मे योगदान पर की विस्तृत चर्चा

आरा। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कार्यकताओ का पार्टी मे योगदान और महत्व पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक पार्टी नही संस्कार है यहाँ सभी कार्यकर्ता संस्कारिक होते है। भारतीय जनता पार्टी वैसे ही विश्व की सबसे बड़ी पार्टी नही है हम सभी कार्यकर्ता परिवार के सदस्य के रुप मे अपना कार्य करते रहते है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के लिए समर्पित होता है। वह अपने घर, रिश्ता-नाता से दूर होकर पार्टी के मजबूती और देश हित मे कार्य करते रहते है। उन्हे अपने परिवार और रिश्ते-नाते से अवहेलना सुनना पड़ता है, तब भी वे राष्ट्रसेवा और पार्टी के कार्यो मे लगे रहते है। भारतीय जनता पार्टी अपने सभी कार्यकताओ का ऋणी है। उन्हे भाजपा मे देवतुल्य कार्यकर्ता कहा जाता है। भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की पार्टी है यह किसी विशेष व्यक्ति या किसी एक परिवार की पार्टी नही है, बल्कि भाजपा ही परिवार है। उक्त बाते केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय मे आयोजित कार्यकर्ता संवाद सह भोज कार्यक्रम मे कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गा राज और संचालन जिला महामंत्री नरेन्द्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम मे पूर्व सांसद मीना सिंह, आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह, पंचायतीराज प्रदेश संयोजक ओमप्रकाश भुवन, पूर्व जिलाध्यक्ष मिथिलेश कुशवाहा, कौशल विद्यार्थी, हरेन्द्र पांडेय, सूर्यनाथ सिंह सहित शंभु चौरसिया, अशोक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष ई. धीरेन्द्र सिंह, उदय प्रताप सहि, मीरा यादव, वंदना राजवंशी, सुनील कुमार, मधु मिश्रा, संतोष चंद्रवंशी, जीतु चौरसिया, आदित्य सिंह आदि, शकुंतला सिंह, अजय गुप्ता, शंभु प्रसाद, पुतुल, अंकेश सिंह, शशि शेखर सिंह सहित सैकड़ो वरिष्ठ, सक्रिय कार्यकर्ता और पदाधिकारी थे।

बहू ने बीपीएससी में लहराया परचम

प्रात : किरण संवाददाता

आरा/बिहार लोक सेवा आयोग के प्रतिष्ठित पंचायती राज ऑडिटर की परीक्षा में अंतिम रूप से चयनित विनीता प्रिया ने बताया कि कठिन परिश्रम और अनवरत मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है साथ ही उन्होंने बताया कि बिहार लोक सेवा आयोग की किसी भी परीक्षा के साक्षात्कार में उपस्थित होने का यह उनका तीसरा प्रयास था भोजपुर जिले के शुकुलपुरा की बहू विनीता जो पटना जिले के सहोड़ा गांव के श्री बी के पांडे और श्रीमती कांति पांडे की प्रथम सुपुत्री विनीता प्रिया ने बताया कि उनके पिता चाहते थे कि वह बड़ी होकर अफसर बने और मैंने ठान लिया था कि मैं एक न एक दिन यह करके दिखाऊंगी आज हम सब का सपना साकार हुआ है बताते चलें कि श्रीमती विनीता प्रिया के पति निमेष शुक्ला ने इस शैक्षणिक सफर में उनका बखूबी साथ निभाया निमेष शुक्ल पिछले कई वर्षों से पत्रकारिता और शिक्षण से जुड़े रहे हैं। बेटी संस्कृति, देवर निशांत और सास मिथलेश देवी, विवेक तिवारी, विनीत तिवारी, चंचल तिवारी समेत अन्य लोगों ने विनीता को इस सफलता की बधाई दी है।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के तैयारी के समीक्षात्मक बैठक किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा कृष्ण चेतना समिति से जुड़े लोगों को संस्था के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के अध्यक्षता में कृष्ण जन्माष्टमी के तैयारी के समीक्षात्मक बैठक हुआ। श्री कृष्ण जन्मोत्सव में विधान पार्षद राधाचरण साह विधायक श्री राम विशुन सिंह विधायक किरण देवी पूर्व विधायक विजयेंद्र कुमार यादव पूर्व विधान पार्षद लालदास राय पूर्व विधायक अरुण यादव पूर्व विधायक भाई दिनेश पूर्व विधायक जनाब अनवर आलम जिला पार्षद अध्यक्ष आशा देवीएवं उपाध्यक्ष लालबिहारी सिंह कार्यक्रम के अतिथि रहेंगे इसके लिए तैयारी समिति के गठन किया गया है संस्कृति कार्यक्रम के प्रभार सरोज यादव खान पान के प्रभार सुदर्शन यादव प्रचार प्रसार के प्रभार ललन यादव स्वागत समिति के प्रभार पप्पू यादव दिया गया है।

नन्दकिशोर यादव ने कहा कि कार्यक्रम के शुरूआत मंगलाचरण के साथ शुरूआत किया जाएगा ततपश्चात भगवान श्री कृष्ण पर पुष्पांजलि अर्पित किया जाएगा

बैठक को सम्बोधित करने वालो में अजय यादव यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया राजेन्द्र सिंह त्यागी सुदर्शन यादव नागेंद्र उर्फ गोरा यादव जीतन यादव पप्पू यादव कृष्णा यादव बरमेश्वर यादव ललन यादव कन्हैया यादव महेंद्र गिरी मण्डल रजनीश यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

चोरी-छिनतई की तीन घटनाओं में पांच गिरफ्तार, ज्वेलरी संचालक भी शामिल

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया में चोरी-छिनतई की घटना करने के तीन मामले में पांच को गिरफ्तार किया गया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में यह सभी तीन घटनाएं हुई थी जिसका खुलासा पुलिस ने किया है गिरफ्तार अपराधियों के पास से छिनतई के सामानों की बरामदगी की गई है गिरफ्तार पहुंचे लोगों में एक ज्वेलरी कारोबारी भी शामिल है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हालिया दिनों में तीन घटनाएं हुई थी घटनाओं को लेकर एसएसपी आशीष भारती के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था इसमें टेक्निकल सेल और सिविल लाइन थानाध्यक्ष पंकज कुमार को शामिल किया गया था. सिटी एसपी हिमांशु के नेतृत्व में विशेष टीम बनी थी. वहीं, टीम ने कार्रवाई करते हुए 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया है.

इस संबंध में गया कि सिटी एसपी हिमांशु ने बताया कि अलग-अलग मामलों में पांच अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र में डेल्हा के छोटकी नवादा के रहने वाले अंकुश कुमार ने बाइक चोरी की घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई थी. इस मामले में फतेहपुर थाना क्षेत्र के मनीष कुमार और मोहनपुर थाना क्षेत्र के इटवा के रणधीर कुमार को गिरफ्तार किया गया है वहीं, चेन स्नेचिंग के एक मामले में शेरघाटी थाना क्षेत्र के अभिषेक कुमार की लिखित शिकायत पर गिरफ्तारियां की गई है। सिविल लाइन थाना में यह प्राथमिक दर्ज की गई थी। एक नाबालिक को पकड़ा गया है।

डिप्टी सीएम के द्वारा हृदय यादव को बिहार अशोका अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा

प्रात : किरण संवाददाता

गया। राष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांग महिला एवं पुरुषों एवं खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए मिलने वाले अवार्ड आने वाले भारत नेशनल स्पोर्ट डे के अवसर पर बिहार एसोसिएशन पर्सनल विश्व डिस्एबेलीटी स्पेशल ओलंपिक्स भारत, एवं बिहार पारा स्पोर्ट्स ऐसोशीयन के संयुक्त तत्वावधान में स्काडा बिजनेस सेंटर सोन भवन पटना में आयोजित होने वाले 23 वा बिहार अवार्ड सेरोमनी 2023 के दौरान मुख्य अतिथि बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव एवं विशिष्ट अतिथि बिहार सरकार के उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ एवं पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, कुंदन कुमार विधायक, बेगूसराय विधायक, पूर्व कमिश्नर दिव्यांग आयुक्त बिहार डॉक्टर शिवाजी, समाज कल्याण विभाग के उप सचिव सुमित कुमार, ओएसडी समाज कल्याण विभाग इन सभी अतिथि के हाथों से राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पी डब्लू डी हृदय यादव को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े दिव्यांग पिछड़ा अति पिछड़ा सूचित वंचित लोगों को सरकार के मुख्य धारा में जोड़ने एवं लाभ पहुंचाने एवं उत्कृष्ट कर हेतु सम्मानित किया जाएगा हृदय यादव ने इस कार्यक्रम के बारे में संवाददाताओं को जानकारी दी गई।

हृदय यादव को उत्तम कार्ड कुशलता और देखते हुए सरकार के पीछे कई सालों से सम्मानित करते आ रहे हैं 2020 में पीडी रोल मॉडल अंतरराष्ट्रीय अवार्ड 2021 में महात्मा बुद्ध अवार्ड 2022 में बिहार गौरव अवार्ड 2023 में अशोका अवार्ड से सम्मानित होंगे मालूम हो कि हृदय यादव बिहार रतीफ शरीफ प्रखंड के मगरा गांव के रहने वाले हैं पिछले लगभग 20 वर्षो से लगातार निस्वार्थ भाव से दिव्यांग एवं समाज के अंतिम कड़ी के लोगों को बढ़ावा एवं लाभ पहुंचाएं पहुंच रहे हैं यह वर्तमान में बिहार पर्सन्स एसोसिएशन विथ डिसेबिलिटी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पद पर कारक हैं यह विशेष रूप से दिव्यांग एवं समाज के पिछड़ा वर्ग के लोगों को लाभ पहुंचाने का काम करते आ रहे हैं जैसे दिव्यांग प्रमाण पत्र कार्ड, रेलवे कौनशेसन कार्ड, राशन कार्ड, ट्राई साइकिल, बैसाखी वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धि जन पेंशन, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, रोजगार शिक्षा आदि योजनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर मिलने वाली लाभ को पहुंचने का काम गरीब एवं अति पिछड़ा पिछड़ा दिव्यांगजन तक मिले उसके लिए दिन रात एक किए रहते हैं अभी तक 11 लाख लोगों को राष्ट्रीय स्तर पर लाभ पहुंच चुके हैं अशोका अवार्ड में चयनित होने पर हृदय यादव को राज्य के सभी प्रशासनिक पदाधिकारी एवं भारत के सभी दिव्यांगजनों ने काफी खुशी का माहौल देखा जा रहा है सभी लोग में बहुत बधा

नायडू ने रियल एस्टेट क्षेत्र से कहा, प्रकृति को ध्यान में रखकर बनाएं परियोजनाएं

हैदराबाद एजेंसी। पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने शनिवार को रियल एस्टेट क्षेत्र और बुनियादी ढांचा विकासकर्ताओं से प्रकृति को ध्यान में रखते हुए परियोजनाओं को पूरा करने को कहा। उन्होंने राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद (नारेडको) की 25वीं वर्षगांठ पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही।

एफपीआई के निवेश की रफ्तार पड़ी सुस्त, अगस्त में अबतक शेयरों में डाले 10,689 करोड़ रुपए

नई दिल्ली, एजेंसी। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की भारतीय शेयर बाजारों में निवेश की रफ्तार अगस्त में कुछ सुस्त पड़ी है। इससे पिछले तीन माह के दौरान एफपीआई ने भारतीय शेयरों में भारी निवेश किया था।

एसबीआई चेयरमैन दिनेश खारा को मिलेगा सेवा विस्तार! सेवानिवृत्ति की आयु सीमा बढ़ाने पर विचार कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश खारा का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है, क्योंकि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों और एलआईसी के प्रमुखों की सेवानिवृत्ति की आयु में छूट देने पर विचार कर रही है। सरकार के समक्ष रखे गए प्रस्ताव में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के प्रबंध निदेशकों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा को मौजूदा 60 साल से बढ़ाकर 62 साल करना भी शामिल है। दिग्गज बैंकर खारा ने अक्तूबर 2020 में तीन साल के लिए एसबीआई के चेयरमैन के रूप में पदभार संभाला था। मौजूदा नियमों के तहत एसबीआई चेयरमैन 63 साल की उम्र तक इस पद पर रह सकते हैं। खारा अगले साल अगस्त में 63 साल के हो जाएंगे। उन्होंने कहा, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के प्रमुखों की सेवानिवृत्ति की आयु सीमा बढ़ाने पर चर्चा हो रही है। इसके साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रबंध निदेशकों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 साल से बढ़ाकर 62 साल करने पर भी चर्चा चल रही है। अधिकारी ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और एलआईसी के प्रमुखों की सेवानिवृत्ति की आयु पर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। वर्तमान में, एलआईसी अध्यक्ष की सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष है।

सीबीडीटी ने लॉन्च की आयकर विभाग की नई वेबसाइट, मेगा मेन्यू के साथ मिलेंगी कई नई सुविधाएं

नई दिल्ली, एजेंसी। आयकर विभाग ने शनिवार को एक नई वेबसाइट लॉन्च कर दी है जो उपयोगकर्ताओं के लिए अनुकूल इंटरफेस, मूल्यवर्धित फीचर और नए मॉड्यूल से लैस है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने उदयपुर में आयकर निदेशालय (सिस्टम) की ओर से आयोजित चिंतन शिविर में नई वेबसाइट लॉन्च की। सीबीडीटी ने एक बयान में कहा, करदाताओं के अनुभव को बेहतर बनाने और नई प्रौद्योगिकी के साथ तालमेल रखने के लिए आयकर विभाग ने अपनी राष्ट्रीय वेबसाइट को उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस, मूल्यवर्धित सुविधाओं और नए मॉड्यूल के साथ नया रूप दिया है। नई वेबसाइट को मोबाइल रिस्पॉन्सिव लेआउट के साथ फिर से डिजाइन किया गया है। वेबसाइट में नई सुविधाओं और कार्यक्षमताओं के साथ कॉन्टेंट के लिए एक मेगा मेनू भी है। वेबसाइट पर विजिटर्स की सुविधा के लिए सभी नए बदलावों को एक निर्देशित वर्चुअल टूर और नए बटन संकेतकों के माध्यम से समझाया गया है। नई कार्यक्षमता उपयोगकर्ताओं को विभिन्न अधिनियमों, अनुभागों, नियमों और कर संधियों की तुलना करने की सुविधा देती है।

हरित संक्रमण के लिए कोई जादू नहीं, सरकार के सहयोग की जरूरतः टाटा स्टील सीईओ

नई दिल्ली, एजेंसी। टाटा स्टील ग्लोबल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) टी वी नरेंद्रन ने शनिवार को कहा कि इस्पात समेत मुश्किल क्षेत्रों में हरित संक्रमण के लिए कोई जादू नहीं है। उन्होंने कहा कि यह एक जटिल चुनौती है और इसमें सरकार के सहयोग की जरूरत है। उद्योग जगत के अग्रणी लोगों का यह बयान उत्सर्जन को लेकर अर्थव्यवस्थाओं में बढ़ती चिंताओं और हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने की जरूरत के बीच आया है। बी-20 समिट इंडिया 2023 में एक सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस्पात दुनिया में सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली धातु है और कोई भी इसके बिना नहीं रह सकता। यहां तक कि परिवर्तन के लिए भी, चाहे सौर पैनलों, पवन चक्कियों, भंडारण और पाइपलाइनों को स्थापित करना हो, इस्पात की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, आपको एक समाधान ढूंढने की ज़रूरत है और इसका कोई जादू नहीं है...भारत अकेले ही हर दशक में 10-15 करोड़ टन इस्पात क्षमता जोड़ने जा रहा है...अगले कुछ दशकों तक आपके पास वृद्धि कर रहे ये मुश्किल क्षेत्र होंगे, विश्व स्तर पर सीमेंट उत्पादन इस्पात उत्पादन की तुलना में दोगुना है...आपको ऐसे समाधान ढूंढने की जरूरत है जो तकनीकी हों, जो केवल एक अन्य ऊर्जा स्रोत खोजने से हल नहीं होते हैं। नरेंद्रन उद्योग मंडल सीआईआई के विनिर्माण परिषद के चेयरमैन भी हैं। उन्होंने कहा कि इस्पात क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला लगभग 100 साल से बनी है, तो कोयले से गैस से हाइड्रोजन में संक्रमण आपूर्ति श्रृंखला के नजरिये से भी बहुत मुश्किल चुनौती है।

अमेरिका ने हाई फेंस, स्मॉल यार्ड की रणनीति अपनाई

▶▶ पहले तय करना होगा किन क्षेत्रों में ज्यादा निगरानी की जरूरत ▶▶ भारत को भी अमेरिका की तरह दृष्टिकोण अपनाना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी। चीन की कंपनियों का कई क्षेत्रों में दबदबा है। भारत इन सेक्टरों में चीनी कंपनियों की मदद से अपने आर्थिक विकास को और तेज रफ्तार दे सकता है। अमेरिका ने इसके लिए एक रणनीति अपना रखी है। यह रणनीति ऐसी ही है जैसे सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे। भारत भी अमेरिका की तरह चीनी कंपनीयों के लिए ये रणनीति अपना सकता है। इससे भारत का काफी फायदा होगा। हमारे सहयोगी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया में जाने माने अर्थशास्त्री स्वामीनाथन एस अंकलेसरिया अय्यर का एक लेख छपा है। इसमें अमेरिका की इसी रणनीति के बारे में उन्होंने बताया है। स्वामीनाथन एस अंकलेसरिया अय्यर के मुताबिक, भारत और अमेरिका इस समय चीन पर एक ही तरह की दुविधा का सामना कर रहे हैं।

दोनों ही देश उन सेक्टरों में टेक्नोलॉजी और इनवेस्टमेंट से लाभान्वित हो सकते हैं, जहां पर चीन की कंपनियां सबसे आगे हैं। लेकिन समस्या ये है कि चीन सुरक्षा संबंधी खतरे पैदा करता है। इसका समाधान किया जाना जरूरी है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन ने इस समस्या का एक हल निकाला है। यह है हाई फेंस, स्मॉल यार्ड यानी छोटे क्षेत्रों में ज्यादा कड़ी निगरानी। अमेरिका की तरह भारत को भी इसी तरह के दृष्टिकोण को अपनाना चाहिए।

यह रणनीति कहती है कि पहले तो यह तय करें कि ऐसे कौन से क्षेत्र हैं जहां पर कड़ी

निगरानी की जरूरत है। इसके बाद इन क्षेत्रों में ऊंची बाड़ लगा दो। इसका मतलब है कि इन क्षेत्रों में सीधे प्रतिबंध का ऐलान या फिर मंजूरी देने से पहले कड़ी जांच की जाए। लेकिन इस तरह से बहुत अधिक चीनी प्रोडक्ट्स या कंपनियों पर प्रतिबंध लगाना सही नहीं है।

प्रगतिशीन अर्थव्यवस्था

चीन अब बहुत ही प्रगतिशील अर्थव्यवस्था है। कई सेक्टर में चीनी कंपनियां और टेक्नॉलजी बेस्ट हैं। जेनेट येलेन ने बार-बार जोर दिया है कि इन सभी सेक्टर में चीन को बाहर रखना बहुत बड़ी ग़लती होगी। अमेरिका के सबसे बड़ी व्यापारिक साझेदारों में से एक है चीन। डॉनल्ड ट्रंप के समय लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद द्विपक्षीय व्यापार बढ़ रहा है। अगर व्यापक पैमाने पर व्यापार पर प्रतिबंध लगाया गया, तो अमेरिकी ग्राहक सस्ते कंज्यूमर प्रोडक्ट से वंचित हो जाएंगे। इसका सबसे ज़्यादा असर पड़ेगा ग़रीब लोगों पर। अमेरिका इसके चलते क्लाइमेट चेंज से लड़ने के लिए ज़रूरी चीज़ों - सोलर मॉड्यूल और पैनल, सबसे अडवांस्ड बैटरियों, सस्ते इलेक्ट्रिक वीकल्स और सबसे बेहतर 5जी टेलिकॉम उपकरणों से भी वंचित हो जाएगा।

सुरक्षा को देखते हुए उठाया ये कदम

इधर भारत और अमेरिका, दोनों ने सुरक्षा पर ख़तरे को देखते हुए चीनी 5जी पर प्रतिबंध लगा दिया है। लेकिन, जेनेट येलेन का कहना है कि व्यापक पैमाने पर चीन से अलग होने का मतलब होगा अमेरिका के कई प्रोडक्ट का बड़े चीनी बाज़ार तक ना पहुंच पाना। अमेरिका फिर निर्यात का मौका खो देगा। यह दोनों देशों के लिए भयानक होगा। इसका उपाय यही है कि ट्रेड और इन्वेस्टमेंट को जोखिम मुक्त किया जाए, ना कि मुंह मोड़ लिया जाए। इसी के लिए जरूरी है हाई फेंस, स्मॉल यार्ड। अमेरिका अपनी कंपनियों को सबसे अत्याधुनिक मशीनें और तकनीक चीन को बेचने से रोकेगा। जासूसी के डर से चीनी 5जी तकनीक को बाहर रखेगा। इस बीच, जिन क्षेत्रों में चीन आगे निकल चुका है, उनमें आगे बढ़ने के लिए अमेरिका अरबों डॉलर की सब्सिडी देगा।

कड़ी निगरानी की जरूरत

भारत की नीति में कई समानताएं हैं, लेकिन यहां हाई फेंस, स्मॉल यार्ड जैसा अभी कुछ नहीं है। चीन की चालाकी कभी-कभी यह सुझाव देती है कि बड़े क्षेत्र में बेहद कड़ी निगरानी करने की जरूरत है। दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वीकल कंपनी बीवायडीके प्रस्ताव के बारे में मैं पहले ही लिख चुका हूं। अब टेस्ला से ज्यादा बिक्री बीवाईडी की है। टेस्ला सिर्फ लग्जरी कारें बनाती है, जबकि बीवाईडी के पोर्टफोलियो में महंगी के साथ सस्ती कारें भी शामिल हैं। बीते दिनों इस चीनी कंपनी ने भारत में अरबों डॉलर के निवेश का प्रस्ताव दिया था। भारत में कंपनी पहले ही छोटे स्तर पर ऑटो प्रोडक्शन कर रही है। कंपनी अब इसे बढ़ाना चाहती है और एक बड़ी बैटरी फैसिलिटी बनाना चाहती है। लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत सरकार ने बीवाईडी के इस प्रस्ताव को रद्द कर दिया है।

इसी तरह, एक दूसरी चीनी कंपनी लक्सशेयर, एपल के एयर-पॉड और स्मार्ट वॉच बनाती है। एपल के प्रो-विजन हेडसेट के लिए इसे एकमात्र पार्टनर नियुक्त किया गया है। एक अमेरिकी रिपोर्ट के मुताबिक, लक्सशेयर को उसकी नवीनता और क्रेजी आइडियाज के प्रति खुलेपन के कारण चुना गया था। भारत को इसी तरह की कंपनी की ज़रूरत है। इससे नए क्षेत्र खुलेंगे। बांग्लादेश में क्यों आमने-सामने हैं भारत और अमेरिका मोदी सरकार का बाइडन को दो टूक संदेश, समझें खतरा

चीनी कंपनियों का दबदबा

भारत में ऐपल कंपनी अरबों डॉलर की कीमत के आईफोन का प्रोडक्शन और एक्सपोर्ट कर रही है। लेकिन इसकी वजह से जो वैल्यू एड होती है, वह काफी कम है। इसमें सुधार के लिए भारत को बड़े पैमाने पर कंपोनेंट्स के प्रोडक्शन की जरूरत है। सरकार इसके लिए भारतीय कंपनियों को प्राथमिकता देती है। लेकिन, इस क्षेत्र में चीनी कंपनियों का दबदबा है। ऐसे में यह उम्मीद करना कि भारतीय नाम किसी तरह से इस कमी को पूरा कर देंगे, कल्पना है। भारत में नवीकरणीय ऊर्जा का तेज़ी से विस्तार एक अच्छा कदम है। हर तरह से उन भारतीय कंपनियों को मौका देना चाहिए, जिन्होंने अच्छे टेक्नॉलजी सप्लायर के साथ समझौता किया है। लेकिन, चीनी कंपनियों को भी परमीशन दें। स्टोरेज बैटरी से राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत होती है, उस पर ख़तरा नहीं होता।

82082.91 करोड़ रुपये घट गया 3 कंपनियों का मार्केट कैप, रिलायंस को 58690.9 करोड़ का झटका

नई दिल्ली, एजेंसी। सेंसेक्स की टॉप-10 में से तीन कंपनियों के मार्केट कैपिटल में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 82,082.91 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। सबसे अधिक नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ है। बीते सप्ताह टॉप-10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन घट गया। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 62.15 अंक या 0.09 प्रतिशत के नुकसान में रहा। टॉप-10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, आईटीसी, एसबीआई, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, आईटीसी, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस के मार्केट कैपिटल में बढ़ोतरी हुई। इन सात कंपनियों की बाजार हैसियत सामूहिक रूप से 67,814.1 करोड़ रुपये बढ़ी है। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 58,690.9 करोड़ रुपये घटकर 16,71,073.78 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 20,893.12 करोड़ रुपये के नुकसान से 11,81,835.08 करोड़ रुपये पर और भारतीय स्टेट बैंक की 2,498.89 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 5,08,926 करोड़ रुपये रह गई। वहीं दूसरी ओर बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 21,025.39 करोड़ रुपये बढ़कर 4,36,788.86 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 13,716.34 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 6,79,267.17 करोड़ रुपये और इन्फोसिस का मूल्यांकन 13,199.82 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,89,579.08 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

भारती एयरटेल का मार्केट कैपिटल 9,731.21 करोड़ रुपये बढ़कर 4,88,461.91 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 4,738.47 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 12,36,978.91 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का 2,972.23 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 6,03,222.31 करोड़ रुपये रहा। आईटीसी की बाजार हैसियत 2,430.64 करोड़ रुपये बढ़कर 5,53,251.90 करोड़ रुपये रही।

रूस को इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात दोगुने से ज्यादा बढ़ा, अमेरिका और चीन में गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत से रूस को इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात इस साल जुलाई में दोगुने से ज्यादा बढ़कर 12.36 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया है। एक साल पहले की समान अवधि में यह केवल 5.56 करोड़ डॉलर के स्तर पर रहा था। इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (ईईपीसी) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल जुलाई में अमेरिका में निर्यात 10.4 फीसदी घटकर 1.44 अरब डॉलर रह गया। वहीं, देश से चीन को इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात जुलाई में 10 फीसदी घटकर 19.79 करोड़ डॉलर रह गया है। दुनियाभर के प्रमुख 25 देशों में भारत का इंजीनियरिंग उत्पादों का कुल निर्यात में 76 फीसदी योगदान देता है। इसमें से 14 देशों में सालाना आधार पर जुलाई में निर्यात में गिरावट देखने को मिली है।आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने देश से इंजीनियरिंग वस्तुओं का कुल निर्यात 6.62 फीसदी गिरकर 8.75 अरब डॉलर रह गया।एक साल पहले यह आंकड़ा 9.37 अरब डॉलर रहा था।

दरअसल, लौह, इस्पात और एल्युमिनियम की वैश्विक स्तर पर मांग घटने से निर्यात में गिरावट दर्ज की गईहै।ईईपीसी इंडिया का कहना है कि निर्यात में गिरावट के आंकड़ों को देखने से एक चुनौतीपूर्ण वैश्विक व्यापार माहौल का पता चलता है। इस दौरान पश्चिम एशिया, उत्तरी अफ्रीका, उत्तर-पूर्व एशिया और सीआईएस देशों को निर्यात में सकारात्मक वृद्धि देखने को मिली है।

स्विगी सितंबर 2024 में लाएगी अपना आईपीओ, वैल्यूएशन के लिए 8 बैंकरों के साथ शुरू की बात

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी 2024 में शेयर बाजार में लिस्ट होने की तैयारी कर रही है। कंपनी अपना आईपीओ लाने की काफी समय से प्लानिंग कर रही है लेकिन शेयर बाजार में जारी भारी उतार-

चढ़ाव को देखते हुए इस प्रक्रिया को रोक दिया था। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने शुक्रवार (25 अगस्त) को एक रिपोर्ट में जानकारी दी कि कंपनी अपना आईपीओ के वैल्यूएशन का आकलन करने के लिए बैंकरों से बातचीत कर रही है। फूड डिलीवरी कंपनी ने सितंबर की शुरुआत में 8 इनवेस्टमेंट बैंकरों को आईपीओ पर काम करने के लिए आमंत्रित किया है। इनमें मॉर्गन स्टेनली, जेपी मॉर्गन और बैंक ऑफ अमेरिका आदि शामिल हैं। कंपनी आईपीओ के लिए बेंचमार्क के तौर पर 10.7 बिलियन डॉलर के आखिरी फंडिंग राउंड वैल्यूएशन का इस्तेमाल कर रही है। हालांकि, कंपनी ने अभी तक इस पर की फाइनल निर्णय नहीं लिया है। एक फाइलिंग में कहा गया है कि स्विगी में एक शेयरधारक इनवेस्को ने मई में कंपनी का वैल्यूएशन लगभग 5.5 बिलियन डॉलर आंका था।

2022 में स्विगी ने जुटाया था फंड

स्विगी ने पिछले साल 2022 में 10.7 अरब डॉलर के वैल्यूएशन पर फंड जुटाया था लेकिन भारतीय स्टार्टअप्स ने फंडिंग की कमी और अधिक वैल्यूएशन को लेकर निवेशकों की चिंताओं को लेकर कंपनी ने अपने आईपीओ को लाने से रोक दिया था। बता दें कि स्विगी, रेस्टोरेंट्स से फूड के अलावा ग्रॉसरी आइटम्स भी डिलीवर करती है।

एयरटेल पेमेंट्स बैंक, फ्रंटियर मार्केट्स और मास्टरकार्ड की भारत में छोटे व्यवसायों का समर्थन करने के लिए साझेदारी

नई दिल्ली। एयरटेल पेमेंट्स बैंकए फ्रंटियर मार्केट्स और मास्टरकार्ड सेंटर फॉर इनक्लूसिव ग्रोथ ने आज शी लीड्स भारतरूउद्यम के लॉन्च की घोषणा कीए जो संसाधनोंए उपकरणों और अवसरों के साथ 100000 महिला स्वामित्व वाले छोटे व्यवसायों को ऊपर उठाने और उनकी आय में वृद्धि और विविधता लाने के की एक पहल है ।यह घोषणा एशिया इंक्लूसिव ग्रोथ फोरम में की गईए जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के 100 से अधिक अग्रज एक साथ आए और भारत और वैश्विक दक्षिण में समावेशी विकास को आगे बढ़ाने पर स्पष्ट संवाद और दृढ विचार साझा किए ।इस पहले चरण मेंए इस पहल के द्वारा 100000 महिला स्वामित्व वाले छोटे व्यवसायों को राजस्थान और उत्तर प्रदेश में फ्रंटियर मार्केट्स के श्मेरी.सहेलीश् प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से सीखने और कमाई की सुविधा प्रदान करेगी ।इनमें से 10000 महिला व्यवसायिकाओं को और भी आगे बढ़ने की संभावना होगीए जब वे एयरटेल पेमेंट्स बैंक के

बैंकिंग करेस्पोंडेंट ;बिजनेस कार्यपत्रितद्ध बनेंगी और अतिरिक्त आय स्रोतों को खोल सकेंगी ।यह बैंक के श्सुलभ और समावेशी बैंकिंग के द्वारा भारत को सशक्त बनानेश् के दृष्टिकोण के साथ मेल खाता है। अनुब्रत बिस्वासए एमडी और सीईओए एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने कहाए ष्ग्रामीण भारत में महिलाओं को उनके उद्यमशील प्रयासों को शुरू करने के लिए सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुएए हम फ्रंटियर मार्केट्स और मास्टरकार्ड के साथ शी लीड्स भारतरूउद्यम पर सहयोग कर रहे हैं ।हमें गर्व है कि हम उनका बैंकिंग करेस्पोंडेंट्स के रूप में स्वागत कर रहे हैंए जो हमारे पहले से मौजूद 50000 बैंकिंग करेस्पोंडेंट्स के साथ मिलकर देश के वंचित ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम वित्तीय रूप से इंक्लूसिव अर्थव्यवस्था के निर्माण में अपनी यात्रा के लिए तत्पर हैं ।साथी संयोजन की दृष्टि मेंए शी लीड्स भारतरूउद्यम वित्तीय सेवाओं तक पहुंच बढ़ाने में मदद करेगाए ग्रामीण बाजारों की सेवा के लिए एक नया खाका पेश करेगा और महिलाओं के स्वामित्व वाले छोटे व्यवसायों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप समर्थन प्रदान करेगा।

खुलने से पहले ही गदर मचा रहा आईपीओ, 60 पर चला गया जीएमपी

नई दिल्ली, एजेंसी। अगर आप किसी आईपीओ में पैसे लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए अगले सप्ताह एक और मौका आ रहा है। दरअसल, अगले सप्ताह मंगलवार, 29 अगस्त को एक और एसएमइ आईपीओ निवेश के लिए ओपन होगा। निवेशक इस इश्यू में गुरुवार, 31 अगस्त तक पैसे लगा सकेंगे। यह सीपीएस शेपर्स का आईपीओ है। कपड़ा कंपनी अपने आईपीओ के जरिए 11.10 करोड़ जुटाने की योजना बना रही है। यह पूरी तरह फ्रेश इश्यू है। इसका आईपीओ प्राइस 185 प्रति शेयर तय किया गया है। ग्रे मार्केट में यह शेयर 60 रुपये प्रीमियम पर ट्रेड कर रहे हैं। शेयरों के आवंटन के आधार को मंगलवार, 5 सितंबर को अंतिम रूप दिया जाएगा। सीपीएस शेपर्स के शेयर शुक्रवार, 8 सितंबर को एनएसई एसएमई पर लिस्ट होने की संभावना है। अभिषेक कमल कुमार और राजेंद्र कुमार द्वारा प्रमोटेड सीपीएस शेपर्स अपने ब्रांड नाम डर्मावियर और वाईडीआईएस के तहत पुरुषों और महिलाओं के लिए शेपवियर बनाती है। कंपनी आईपीओ से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल प्लांट और मशीनरी, वाणिज्यिक वाहनों और सोलर एनर्जी सिस्टम की खरीद के लिए करेगी। फंड का उपयोग मौजूदा आईटी सॉफ्टवेयर के उन्नयन, लोन चुकाने, कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए भी किया जाएगा।

तेल और गैस की मांग दशकों तक बनी रहेगी, ऊर्जा रूपांतरण पर भारत के विचारों को दोहराया

नई दिल्ली, एजेंसी। ब्रिटेन की ऊर्जा कंपनी बीपी के मुख्य कार्यकारी बर्नार्ड लूनी ने शनिवार को कहा कि तेल और गैस की मांग आने वाले कई दशकों तक बनी रहेगी। उन्होंने साथ ही भारत के विचारों को दोहराते हुए कहा कि ऊर्जा रूपांतरण उचित और व्यवस्थित होना चाहिए। ऐसे में जीवाश्म-आधारित प्रणाली से लेकर नवीकरणीय स्रोतों तक इस तरह काम करना चाहिए कि पिछले साल की तरह कीमतों के झटके से बचा जा सके। लूनी ने कहा कि तेल और गैस आने वाले कई दशकों तक दुनिया के लिए ऊर्जा का स्रोत बने रहेंगे। दुनिया भर की कंपनियों और देशों को एक ही समय में मौजूदा जीवाश्म ईंधन और नवीकरणीय परियोजनाओं में निवेश जारी रखना होगा। उन्होंने सीआईआई द्वारा आयोजित बी20 समिट इंडिया में कहा कि दुनिया को तेजी से और साथ ही व्यवस्थित बदलाव की जरूरत है। दुनिया की ऊर्जा खपत में तेल और गैस की 55 प्रतिशत हिस्सेदारी है। लूनी ने कहा कि बदलाव रातोरात नहीं होगा और इसलिए आज की ऊर्जा प्रणाली में निवेश जारी रखने की जरूरत है ताकि बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं की मांगों को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम मांग के साथ आपूर्ति का मिलान जारी रखें।

सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने मध्य भारत में किया विस्तार, भोपाल में कंपनी के स्वामित्व वाले पहले शोरूम का उद्घाटन किया

भोपाल। पांच दशकों से अधिक की विरासत के साथ अग्रणी अखिल भारतीय ज्वेलरी ब्रांड सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में अपने पहले शोरूम के भव्य उद्घाटन की घोषणा की है। यह नया शोरूम भारत में ब्रांड का 143वां और राज्य में दूसरा शोरूम है। शोरूम का उद्घाटन मध्य प्रदेश सरकार के माननीय चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी व सीईओ श्री सुभांकर सेन की मौजूदगी में किया।

यह नया शोरूम वार्ड नं. 33, प्लॉट नं. 8, मकान नं. 14, प्रकाश टावर्स, मालवीय नगर, भोपाल, मध्य प्रदेश - 462023 में स्थित है। इस अत्याधुनिक शोरूम का क्षेत्रफल 4500 वर्ग फुट से अधिक है और यह अपने शानदार माहौल के साथ ग्राहकों को एक अद्वितीय खरीदारी अनुभव प्रदान करता है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार के माननीय चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा, मुझे इस अवसर का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स अपने आभूषणों के असाधारण संग्रह और अपनी विशेषज्ञ शिल्प कौशल के लिए प्रसिद्ध है। मैं कामना करता हूं कि सुभांकर और पूरी सेनको टीम आने वाले वर्षों में सफलता जारी रखे। नए शोरूम के भव्य अनावरण पर सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी और सीईओ श्री सुभांकर सेन ने कहा, हमें भोपाल में अपना पहला शोरूम खोलकर खुशी हो रही है।

मैरिंगो सिम्स अस्पताल ने भारत में तकनीकी उत्कृष्टता लाने के अपने प्रयास में एक समर्पित लिवर आईसीयू और लिवर क्लिनिक शुरू करने की घोषणा की

अहमदाबाद , एजेंसी। मैरिंगो सिम्स अस्पताल ने नवीन आईसीयू रूम्स और पॉज़िटिव प्रेशर इन्वायरनमेंट के साथ अत्याधुनिक लिवर आईसीयू और लिवर क्लिनिक शुरू करने की घोषणा की है। लिवर आईसीयू अनुरूप चिकित्सा सुविधाओं की अनिवार्यता का प्रमाण है। यह लिवर से संबंधित जटिलताओं से उत्पन्न अद्वितीय चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करता है, साथ ही प्रत्यारोपण से पहले और प्रत्यारोपण के बाद की देखभाल में शामिल जटिलताओं को भी संबोधित करता है। गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल रक्तस्राव वाले मरीज़ो के इलाज और समय पर एंडोस्कोपिक और इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी प्रक्रियाएं प्रदान करने के लिए एक विशेष रूप से सुसज्जित आईसीयू बनाया गया है। यह नियमित कार्डियो-पल्मोनरी निगरानी के साथ निरंतर न्यूरोलॉजिकल मूल्यांकन के साथ अंतिम चरण के लीवर रोगों वाले मरीज़ो को उपचार प्रदान करने के लिए भी सुसज्जित है। अस्पताल आपात स्थिति में नैदानिक उत्कृष्टता प्रदान करता है जहां एक मरीज को तत्काल लीवर प्रत्यारोपण की आवश्यकता हो सकती है।

एशियाड में टीम इंडिया के कोच होंगे लक्ष्मण

बीसीसीआई ने कानिटकर को विमेंस क्रिकेट टीम का कोच बनाया

नईदिल्ली (एजेंसी)। पूर्व भारतीय बल्लेबाज और नेशनल क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण एशियन गेम्स में टीम इंडिया के हेड कोच बनाए गए हैं, वहीं पूर्व ऑलराउंडर ऋषिकेश कानिटकर को महिला टीम का चीफ कोच बनाया गया है। मीडिया सूत्रों के मुताबिक, एशियन गेम्स के लिए भारतीय मेंस टीम के सपोर्ट स्टाफ में लक्ष्मण के अलावा बतौर गेंदबाजी कोच पूर्व भारतीय लेग स्पिनर साईराज बहुतुले और फील्डिंग कोच मुनीश बाली सेवाएं देंगे। विमेंस टीम में कानितकर के साथ राजीब दत्ता बॉलिंग कोच) और सुभादीप घोष फील्डिंग कोच होंगे। एशियन गेम्स 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के होंगझू शहर में होने वाले हैं। क्रिकेट के सभी मैच झीजांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड के मैदान पर खेले जाएंगे।

पहली बार भारतीय क्रिकेट टीम हिस्सा लेगी – भारतीय क्रिकेट टीम पहली बार एशियन गेम्स में हिस्सा ले रही है। बीसीसीआई ने मेंस और विमेंस दोनों ही कैटेगरी की टीमों में खिलाड़ियों के नाम जारी कर दिए हैं। दोनों ही टीमें टूर्नामेंट में अपना पहला मैच क्वार्टर फाइनल के रूप में खेलेंगी। क्वार्टर फाइनल के बाद

सेमीफाइनल होगा। इस तरह फाइनल तक पहुंचने के लिए दोनों ही टीमों को 2 लगातार मैच जीतने होंगे। एशियन ओलिंपिक कमेटी के नियमों के अनुसार, विमेंस-मेंस दोनों कैटेगरी में आईसीसी रैंकिंग में एशिया की टॉप-4 टीमों को सीधे क्वार्टर फाइनल में एंट्री दी जाएगी। भारत की दोनों ही टीमें इस वक्त एशिया में टॉप पर हैं।

विमेंस में 14, मेंस में 18 टीमें शामिल होंगी –एशियन गेम्स 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के होंगझू शहर में होंगे। क्रिकेट के सभी मैच झीजांग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी पिंगफेंग क्रिकेट फील्ड के मैदान पर खेले जाएंगे। विमेंस कैटेगरी में 14 टीमें और मेंस में 18 टीमें पार्टिसिपेट करेंगी। टूर्नामेंट टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा और एक दिन में 2 मैच होंगे। पहला मैच सुबह 9:30 और दूसरा दोपहर 2:30 बजे से होगा। एक जून 2023 तक आईसीसी रैंकिंग में एशिया की टॉप-4 नंबर पर रहीं टीमों को सीधे क्वार्टर फाइनल में एंट्री मिलेगी। इसी डेडलाइन के हिसाब से बाकी टीमों की रैंकिंग और मैच भी तय होंगे।

ऋतुराज मेंस और हरमन विमेंस टीम की कप्तान – बीसीसीआई ने एशियन गेम्स में पार्टिसिपेट करने के लिए मेंस और विमेंस दोनों कैटेगरी की टीमें जारी कर दी हैं। ऋतुराज गायकवाड मेंस टीम के कप्तान रहेंगे। वहीं विमेंस टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी।

देखें भारत की दोनों टीमें.. –विमेंस टीम- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, देविका वैद्य, अंजलि सरवानी, तितास साधु, राजेश्वरी गायकवाड़, मिन्नू मणि, कनिका आहूजा, उमा छेत्री (विकेटकीपर) और अनुषा बरेड्डी।

स्टैंडबाय- हरलीन देयोल, काशवी गौतम, स्नेह राणा, साइका इशाक और पूजा वस्त्राकर।

मेंस टीम- ऋतुराज गायकवाड (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, शिवम मावी, शिवम दुबे और प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)।

स्टैंडबाय- यश ठाकुर, साई किशोर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुडा और साई सुदर्शन।

बीसीसीआई की एजीएम 25 सितंबर को मुंबई में – रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की 92वीं एनुअल जनरल मीटिंग (एजीएम) 25 सितंबर को मुंबई में होगी। पिछली एजीएम 18 अक्टूबर, 2022 को मुंबई में आयोजित की गई थी।

एशिया कप के टॉप 5 बल्लेबाज

इनके नाम है सर्वाधिक रन, टॉप 2 में नहीं है भारतीय बल्लेबाज

नईदिल्ली (एजेंसी)। एशिया कप में केवल एशियाई देश ही हिस्सा लेते हैं। इसे वनडे और ट्वेंटी-20 फार्मेट में खेला जाता है। यानी जिस साल जिस फॉर्मेट (वनडे या टी20) में विश्व कप होता है, यह कप उसी फार्मेट में खेला जाता है। इसे एशियाई देशों में विश्व कप की तैयारियों के तौर पर में देखा जाता है। एशिया कप पहली बार 1984 में हुआ था। आईसीसी 2016 में इसे वनडे और टी20ई प्रारूपों के बीच रोटेशन दे दिया था। आइए जानते हैं कि एशिया कप में अब तक सबसे ज्यादा रन बनाने वाले 5 बल्लेबाजों के बारे में-

सनथ जयसूर्या (श्रीलंका)-1220 रन

एशिया कप में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड सनथ जयसूर्या के नाम है। वह 25 मैचों में 1220 रनों के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं, जिसमें 6 शतक और 3 अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 1990 संस्करण से 2018 संस्करण तक खेला और एशिया कप इतिहास में उनके नाम सबसे अधिक शतक (6) भी हैं।

कुमार संगकारा (श्रीलंका)- 1075 रन

कुमार संगकारा इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। वह श्रीलंका के महानतम बल्लेबाजों में से एक और लगातार रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं। संगकारा ने 2004 से 2014 तक 5 संस्करण खेले और 24 मैचों में 1075 रन बनाए, जिसमें 4 शतक और 8 अर्धशतक शामिल हैं।

सचिन तेंदुलकर (भारत)- 971 रन

इस सूची में तीसरे स्थान पर सचिन तेंदुलकर हैं। उन्होंने 1990 से 2012 तक एशिया कप में खेला और एशिया कप में भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। सचिन ने 23 मैचों में 51.10 की औसत से 971 रन बनाए हैं, जिसमें 2 शतक और 7 अर्द्धशतक शामिल हैं।

शोएब मलिक (पाकिस्तान)- 786 रन

एशिया कप इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले शीर्ष 10 बल्लेबाजों में शोएब मलिक एकमात्र पाकिस्तानी खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2000 से 2018 तक सभी एशिया कप खेले हैं और 17 मैचों में 65.50 की शानदार औसत और 90.65 की स्ट्राइक रेट से 786 रन बनाए हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 143 रन 2004 में भारत के खिलाफ था।

रोहित शर्मा (भारत)- 745 रन

भारत के कप्तान रोहित शर्मा एशिया कप में सभी सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2008 से 2018 तक खेले और 22 मैचों में 46.56 की औसत से 745 रन बनाए। जब टीम ने आखिरी बार एशिया कप 2018 जीता था तब वह भारत के कप्तान थे।

लियोनल मेस्सी ने मेजर लीग सॉकर मीडिया नियमों का किया उल्लंघन

हैरिसन (न्यूयॉर्क) (एजेंसी)। लियोनल मेस्सी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) पदार्पण के बाद पत्रकारों से बात नहीं की जो लीग के मीडिया नियमों का उल्लंघन है। मेस्सी ने शनिवार रात इंटर मियामी की न्यूयॉर्क रेड बुल्स पर 2-0 की जीत में 89वें मिनट में गोल दागा। मियामी की प्रवक्ता मॉली ड्रेस्का ने मैच के बाद कहा कि मेस्सी को पत्रकारों के लिए उपलब्ध नहीं किया जा रहा है। वहीं एमएलएस के संचार कार्यकारी उपाध्यक्ष डैन कोर्टेमांचे ने कहा कि मेस्सी को अन्य खिलाड़ियों की तरह मुकाबलों के बाद मीडिया के उपलब्ध करना जरूरी था।

एशिया कप 30 अगस्त से शुरू, हाईब्रिड मॉडल में खेला जाएगा

यह है शेड्यूल और यह रहेंगी टीमें

नईदिल्ली (एजेंसी)। एशिया कप 30 अगस्त से पाकिस्तान में शुरू होने वाला है। भारत ने पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया जिस कारण एशिया कप हाईब्रिड मॉडल में खेला जाएगा। पहला भाग पाकिस्तान में जबकि दूसरा भाग श्रीलंका में खेला जाएगा। इस तरह सभी समस्याओं का समाधान निकला। एशिया कप का महा मुकाबला भारत-पाकिस्तान के बीच 2 सितंबर को देखने को मिलेगा। इसके अलावा गत चैंपियन श्रीलंका का लक्ष्य अपनी गद्दी बरकरार रखना होगा जबकि नेपाल अपना पहला एशिया कप खेलेगा। आइए एशिया कप से पहले कुछ अहम बातों पर नजर डाल लेते हैं-

एशिया कप 2023 का शेड्यूल

- 30-08-2023 बुधवार पाकिस्तान बनाम नेपाल दोपहर 1.30 बजे मुल्तान, पाकिस्तान
- 31-08-2023 गुरुवार बांग्लादेश बनाम श्रीलंका दोपहर 1.30 बजे कैंडी, श्रीलंका
- 02-09-2023 शनिवार पाकिस्तान बनाम भारत दोपहर 1.30 बजे . कैंडी, श्रीलंका
- 03-09-2023 रविवार बांग्लादेश बनाम अफगानिस्तान दोपहर 1.30 बजे . लाहौर, पाकिस्तान
- 04-09-2023 सोमवार भारत बनाम नेपाल दोपहर 1.30 बजे .कैंडी, श्रीलंका
- 05-09-2023 मंगलवार श्रीलंका बनाम अफगानिस्तान दोपहर 1.30 बजे .लाहौर, पाकिस्तान
- 06-09-2023 बुधवार ए1 बनाम बी2 दोपहर 1.30 बजे . लाहौर, पाकिस्तान
- 09-09-2023 शनिवार बी1 बनाम बी2 दोबर 1.30 बजे . कैंडी, श्रीलंका
- 10-09-2023 रविवार ए1 बनाम ए2 दोपहर 1.30 बजे कैंडी, श्रीलंका

- 12-09-2023 मंगलवार ए2 बनाम बी1 दोपहर 1.30 बजे दांबुला, श्रीलंका
- 14-09-2023 गुरुवार ए1 बनाम बी1 दोपहर 1.30 बजे . दांबुला, श्रीलंका
- 15-09-2023 शुक्रवार ए2 बनाम बी2 दोपहर 1.30 बजे . दांबुला, श्रीलंका
- 17-09-2023 रविवार अंतिम दोपहर 1:30 बजे .आरपीआईसीएस, कोलंबो

एशिया कप 2023 की पूरी टीम

भारत- रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, शुबमन गिल, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमराज, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, संजू सैमसन (ट्रैवलिंग रिजर्व)।

पाकिस्तान –बाबर आजम (कप्तान), अब्दुल्ला शफीक, फखर जमान, इमाम-उल-हक, सलमान अली आगा, इफ्तिखार अहमद, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद हारिस, शादाब खान, मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, फहीम अशरफ, हारिस रऊफ, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, शाहीन अफरीदी, सऊद शकील, तय्यब ताहिर (ट्रैवलिंग रिजर्व)

नेपाल – रोहित पौडेल (कप्तान), कुशल भुर्टेल, आसिफ शेख, भीम शर्की, कुशल मल्ला, आरिफ शेख, दीपेंद्र सिंह ऐरी, गुलशन झा, सोमपाल कामी, करण केसी, संदीप लामिछाने, ललित राजबंशी, प्रतीश जीसी, मौसम ढकाल, संदीप जोरा , किशोर महतो, अर्जुन साउद

बांग्लादेश- शाकिब अल हसन (कप्तान), लिट्टन कुमेर दास, नजमुल हुसैन शान्तो, तौहीद हृदोय, मुश्फिकुर रहीम, अफीफ हुसैन ध्रुबो, मेहदी हसन मिराज, तस्कीन अहमद, हसन महमूद, मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम, नसुम अहमद, शक महेदी हसन। नईम शेख, शमीम हुसैन, तंजीद हसन तमीम, तंजीम हसन साकिब

अफगानिस्तान – टीम की घोषणा अभी बाकी है।

श्रीलंका – टीम की घोषणा अभी बाकी है।

एशिया कप 2023 ग्रुप

ग्रुप ए	ग्रुप बी
भारत	श्रीलंका
पाकिस्तान	बांग्लादेश
नेपाल	अफगानिस्तान

एशिया कप 2023 प्रसारण और लाइव स्ट्रीम विवरण

आगामी एशिया कप 2023 के सभी मैचों का सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर किया जाएगा। लाइव स्ट्रीम डिज़्नी+हॉटस्टार पर उपलब्ध होगा।

भारत में वनडे विश्व कप के दौरान कश्मीर विलो बल्ले का उपयोग करेंगे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर

श्रीनगर (एजेंसी)। पहली बार प्रसिद्ध कश्मीर विलो से तैयार किए गए क्रिकेट बल्ले अक्टूबर में भारत में होने वाले आगामी 50 ओवर के क्रिकेट विश्व कप में उपयोग किए जाएंगे। रिपोर्टों के अनुसार भारत में एकदिवसीय विश्व कप के दौरान 17 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर कश्मीर विलो बल्ले का उपयोग करेंगे जिससे दुनिया भर में क्रिकेट प्रेमियों और प्रशंसकों के बीच उत्साह और गर्व पैदा हुआ है। यह विकास वैश्विक मंच पर इन बल्लों की बढ़ती पहचान और गुणवत्ता सहित क्रिकेट के क्षेत्र में कश्मीर की असाधारण शिल्प कौशल और प्रतिभा को भी दर्शाता है।

दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के संगम क्षेत्र में स्थित बैट निर्माण कंपनी जीआर8 स्पोर्ट्स श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान जैसी टीमों को इन अनोखे बल्लों की आपूर्ति करेगी जिसकी पुष्टि कमंपनी के मालिक फौजल कबीर ने की है। जिम्बाब्वे में आयोजित विश्व कप क्वालीफायर के दौरान संयुक्त अरब अमीरात, वेस्टइंडीज और ओमान के खिलाड़ियों ने भी इन कश्मीर विलो बल्लों का उपयोग किया था।

कबीर का कहना है कि कश्मीर विलो बैट की मांग, एक उद्योग जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 200,000 लोगों को रोजगार देता है। 2021 और 2022 में यूएई और ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में ओमान और यूएई के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ियों द्वारा उनके उपयोग के बाद वैश्विक बाजार में बढ़ी है। कबीर ने कहा, हमारे तैयार किए गए बल्ले की प्रतिष्ठा तब और भी बढ़ गई जब ऑस्ट्रेलिया में श्रीलंका के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 मैच के दौरान संयुक्त अरब अमीरात के जुनैद सिद्दीकी ने हमारे एक बल्ले का उपयोग करके 109 मीटर का सबसे लंबा छक्का लगाया।

एक दशक के लंबे इंतजार के बाद कबीर के स्वामित्व वाला जीआर8 स्पोर्ट्स अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की मंजूरी हासिल करने वाला जम्मू-कश्मीर का पहला और एकमात्र ब्रांड बन गया। यह मील का पत्थर 7 जुलाई, 2021 को हासिल किया गया। कश्मीर में इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी अवंतीपोरा से एमबीए ग्रेजुएट 31 वर्षीय कबीर ने कहा कि उन्होंने आईसीसी के सभी नियमों का सावधानीपूर्वक पालन किया है। उन्होंने अपने कुशल कारीगरों के बारे में भी बात की जिनके समर्पण, विशेषज्ञता और दृढ़ संकल्प ने कश्मीर विलो को वैश्विक स्तर पर ऊपर उठाने में मदद की।

कबीर और उनकी टीम पहली बार पूरी तरह से भारत में आयोजित होने वाले क्रिकेट महाकुंभ में जीआर8 स्पोर्ट्स के बल्लों का इस्तेमाल होते देखने के लिए उत्साह से भरी हुई है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि हमारे बल्ले नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। हमारी इच्छा है कि खिलाड़ी हमारे बल्ले का इस्तेमाल करते हुए खूब रन बनाएं और हर मैच में ढेरों छक्के और चौके लगाएं।

'यह मेरे लिए थोड़ा निराशाजनक है'

एबी डिविलियर्स एशिया कप के लिए भारतीय टीम के चयन से हैरान

नईदिल्ली (एजेंसी)। पिछले सप्ताह अजीत अगरकर के नेतृत्व वाली चयन समिति ने एशिया कप 2023 के लिए 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की। चोटों के बाद केएल राहुल और श्रेयस अय्यर को शामिल किया गया है। वहीं तिलक वर्मा को भी टीम में शामिल किया गया है। हालांकि युजवेंद्र चहल को टीम में शामिल नहीं किया गया जो कई पूर्व क्रिकेटरों के लिए हैरानी का कारण बना जिसमें नया नाम एबी डिविलियर्स का भी हैं।

युजवेंद्र चहल एशिया कप 2023 टीम से बाहर – एशिया कप 2023 आगामी आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप 2023 से पहले टीम इंडिया के लिए एक प्रमुख मैच अभ्यास के रूप में है। केएल राहुल और श्रेयस अय्यर जिनसे मध्य क्रम को मजबूत करने की उम्मीद है, को संभवतः प्लेइंग इलेवन में शामिल किया जाएगा, अगर तुरंत नहीं तो टूर्नामेंट के एक निश्चित हिस्से में। इसके अलावा तिलक वर्मा को भी एक प्रमुख मैच में परखा जा सकता है। बल्लेबाजी लाइन-अप में कितनी ताकत है, इसके बारे में कोई रहस्य नहीं है, गेंदबाजी के लिए युजवेंद्र चहल को नियमित टीम से बाहर कर दिया गया है।

चहल को एशिया कप टीम से बाहर करने पर एबी डिविलियर्स – युजवेंद्र चहल को बाहर करने के फैसले पर क्रिकेट जगत बंटा हुआ है. कुछ लोग चयनकर्ताओं के दृष्टिकोण को समझ गए हैं, जो चाहते हैं कि बल्लेबाजी की ताकत गहरी हो, लेकिन कई लोग इस फैसले को आदर्श नहीं मानते हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स दूसरी की श्रेणी में हैं। डिविलियर्स ने चहल को बाहर करने के फैसले को निराशाजनक बताया।

एशिया कप से पहले पाकिस्तान को मिली बड़ी सफलता, वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा

कराची (एजेंसी)। एशिया कप 2023 और भारत में आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण आईसीसी वनडे विश्व कप से पहले पाकिस्तान ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया। अफगानिस्तान पर वनडे सीरीज 3-0 से जीत के साथ पाकिस्तान ने वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया।

अफगानिस्तान श्रृंखला से पहले ऑस्ट्रेलिया रैंकिंग में शीर्ष पर था जबकि पाकिस्तान 115.8 रेटिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर था। हालांकि अफगानिस्तान पर श्रृंखला जीत से बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम 118.48 रेटिंग अंकों के साथ ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गई। बैगी ग्रीन्स समान रैंकिंग अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गया।

पीसीबी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जका अशरफ ने पाकिस्तान के वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल करने पर खुशी जताई। अशरफ ने कहा, यह उपलब्धि हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शित कड़ी मेहनत, समर्पण और एकता और उत्कृष्टता पर फोकस को दर्शाती है। यह हम सभी के लिए गर्व का क्षण है क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने वनडे रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। अशरफ ने कहा, मैं क्रिकेट की दुनिया में पाकिस्तान का झंडा ऊंचा उठाने की सामूहिक प्रतिबद्धता के लिए पूरी टीम, कोचिंग स्टाफ और सहायक कर्मियों के प्रयासों को भी बधाई देना और सराहना करना चाहता हूं।

पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहला वनडे 142 से जीता जबकि दूसरा मैच कांटे का रहा जिसमें मेन इन ग्रीन ने आखिरी ओवर में एक विकेट रहते जीत हासिल की। तीसरे वनडे में अफगानिस्तान को 59 रनों से हार का सामना करना पड़ा। बीच के ओवरों में बल्ले से लड़खड़ाने के बावजूद पाकिस्तान ने धीमी पिच पर 268 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाकर जोरदार प्रदर्शन किया।

अगरकर की टिप्पणी पर शादाब खान ने कहा

'कोहली इसे संभाल लेंगे'

कोलंबो (श्रीलंका) (एजेंसी)। पाकिस्तान के हरफनमौला खिलाड़ी शादाब खान ने मुख्य बीसीसीआई चयनकर्ता अजीत अगरकर की उस टिप्पणी के लिए उन पर कटाक्ष किया जिसमें उन्होंने कहा कि विराट कोहली के पाकिस्तान की घातक तेज गेंदबाजी व्यवस्था से निपटने का जिक्र किया था। पाकिस्तान और भारत के बीच 2 सितंबर को श्रीलंका के पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप का मैच होगा।

अफगानिस्तान के खिलाफ अंतिम वनडे मैच में 3-42 के आंकड़े वाली गेंद पर पाकिस्तान ने शनिवार को तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में 59 रनों की जीत के साथ अपने पड़ोसी देश का सफाया किया। मैच के बाद शादाब से अगरकर की टिप्पणी के बारे में पूछा। भारत अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण से कैसे निपटेगा, इस पर उन्होंने पत्रकारों को जवाब दिया, यह शायद किसी विशेष दिन पर निर्भर करता है। अब, भारत या कोई भी व्यक्ति कोई भी दावा कर सकता है, लेकिन ये सिर्फ शब्द हैं। कोई भी कुछ भी कह सकता है और वह भी। कुछ भी नहीं बदलता या प्रभावित नहीं करता। जब हमारे पास मैच होगा, तब हम देखेंगे कि क्या होता है।

शादाब जिस टिप्पणी का जिक्र कर रहे थे वह वास्तव में आगामी एशिया कप 2023 के लिए भारत की टीम की घोषणा के दौरान कही गई थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के विभिन्न वीडियो टुकड़ों में सोशल मीडिया पर सामने आए। उन वीडियो में ट्विटर पर पर एक क्लिप वायरल हुई थी जिसमें अगरकर कह रहे थे कि विराट कोहली उन्हें संभाल लेंगे।

2019 के बाद से कोल्ही ने केवल टी20आई प्रारूप में पाकिस्तान का सामना किया है, जिसमें उन्होंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ 158 रन बनाए हैं, जिसमें नसीम शाह, शाहीन अफरीदी और हारिस रऊफ शामिल हैं। कुल मिलाकर कोहली ने 10 बार पाकिस्तान का सामना किया है, जिसके दौरान उन्होंने 81.33 का औसत और 123.85 का स्ट्राइक रेट से 488 रन बनाए हैं।

मुजीब का तेजतर्रार अर्धशतक बेकार

पाकिस्तान ने 3-0 से जीती वनडे सीरीज

कोलंबो (एजेंसी)। कप्तान बाबर आजम के अर्धशतकों के बाद शादाब खान (3-42), शाहीन शाह अफरीदी (2-31) और फहीम अशरफ (2-43) की शानदार गेंदबाजी के कारण पाकिस्तान ने शनिवार को अफगानिस्तान को 59 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीत ली। पाकिस्तान इसी के साथ आईसीसी पुरुष वनडे रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर नंबर 1 पर पहुंच गया है। पाकिस्तान तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मैच से पहले 2-0 से आगे था। तीसरे वनडे में हालांकि वह मजबूत स्कोर नहीं बना पाए लेकिन शानदार गेंदबाजी के कारण वह मैच् जीतने में सफल रहे। पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए अच्छी शुरूआत की थी। मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम ने अर्धशतक लगाकर स्कोर 268 तक पहुंचाने में मदद की थी। जवाब में शाहीन शाह अफरीदी और फहीम अशरफ ने शुरुआती विकेट झटक कर अफगानिस्तान को झटका दे दिया। हालांकि बीच के ओवरों में मुजीब उर रहमान ने एक छोर संभाला और वनडे क्रिकेट इतिहास में अफगानिस्तान के लिए सबसे तेज अर्धशतक लगाया। लेकिन उनका यह प्रयास काफी नहीं था।

मुजीब ने 26 गेंदों पर अर्धशतक बनाया। ऐसा कर उन्होंने राशिद खान का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 27 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था। मुजीब ने 37 गेंदों में 5 चौके और पांच छक्कों की मदद से 64 रन की पारी खेली लेकिन वह अपनी टीम को जितवा नहीं पाए। पिछले साल वनडे फॉर्मेट में पाकिस्तान का दबदबा रहा था। 2022 सीज़न में उन्होंने वेस्टइंडीज और नीदरलैंड को सीरीज क्लीन स्विप किया है। इसके बाद जनवरी 2023 में घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड पर 2-1 से सीरीज़ जीत दर्ज की। फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज 4-1 से जीती और अब अफगानिस्तान को 3-0 से हराकर उन्होंने रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल कर लिया।

भारतीय पुरुष 4×400 मी रिले टीम ने एशियाई रिकॉर्ड तोड़ा

पहली बार विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल में

बुडापेस्ट (एजेंसी)। भारत की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने दो मिनट 59.05 सेकेंड के समय से एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए पहली बार विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। भारत के मोहम्मद अनस याहिया, अमोज जैकब, मोहम्मद अजमल वारियाथोडी और राजेश रमेश की चौकड़ी ने शनिवार को पहली हीट (क्वालीफाईंग रेस) में अमेरिका (2.58.47) के बाद दूसरा स्थान हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। प्रत्येक दो हीट में से शीर्ष तीन पर रहने वाली और अगली दो सबसे तेज रहने वाली चौकड़ी ही फाइनल में पहुंचती है। एशियाई रिकॉर्ड दो मिनट 59.51 सेकेंड का था जो जापान की टीम के नाम था। इससे पहले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 2021 में 3.00.25 के समय से बना था।

ई-कॉमर्स पॉलिसी में उपभोक्ता के शिकायत निपटान के लिए खास इंतजाम, ऑफलाइन कारोबारियों को भी मिलेगा अवसर

नई दिल्ली। कई सालों से लंबित ई-कॉमर्स पॉलिसी जल्द लाई जा सकती है। हाल ही में इस मामले में ई-कामर्स कंपनियां और अन्य स्टेकहोल्डर्स के साथ उद्योग विभाग में बैठक की गई थी। अब ई-कामर्स पॉलिसी का अंतिम दस्तावेज तैयार किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, ई-कामर्स पॉलिसी में उपभोक्ता के हितों का पूरा ख्याल रखा जाएगा और उनकी शिकायतों के निपटान के लिए ठोस मैकेनिज्म तैयार किया जा रहा है। अभी कई बार ई-कॉमर्स के जरिए सामान मंगाने पर उपभोक्ता ठगी के भी शिकार हो जाते हैं। जानकारी के अनुसार, इसकी शिकायत उपभोक्ता मामले विभाग के पास की जा सकती है, लेकिन कई बार इसका कोई निराकरण नहीं निकलता है। इसलिए ई-कॉमर्स शिकायत के लिए अलग से सेल की स्थापना हो सकती है और एक तय समय में उसका निपटान किया जाएगा। पॉलिसी में ऑफलाइन काम करने वाले छोटे कारोबारियों को कारोबार का समान अवसर दिलाने का भी ध्यान रखा जाएगा। अभी ई-कॉमर्स कंपनियां त्योहारी सीजन के लेकर सभी विशेष अवसरों पर सामान की बिक्री पर भारी छूट देने की घोषणा कर देती हैं। इससे ऑफलाइन कारोबार करने वाले छोटे व्यापारी प्रभावित होते हैं। सूत्रों के मुताबिक, पॉलिसी में लागत से कम मूल्य पर ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर किसी प्रकार की वस्तु की बिक्री की इजाजत नहीं होगी। पॉलिसी में सभी प्रकार के ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर कारोबार करने वाले विक्रेताओं का ई-केवाईसी अनिवार्य हो सकता है।

विश्वकर्मा योजना को अंतिम रूप देने में जुटी सरकार, 28 अगस्त को सभी राज्य और बैंक प्रमुखों की बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी। विश्वकर्मा योजना को लागू करने के लिए 28 अगस्त को सभी राज्य सरकार के साथ बैंक के शीर्ष अधिकारी बैठक करेंगे, ताकि सितंबर में शुरू होने वाली इस योजना के अमल में कोई दिक्कत नहीं हो। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष 2023-24 के आगामी सात महीनों में विश्वकर्मा योजना के तहत तीन लाख पारंपरिक पेशेवरों को एक-एक लाख लोन दिया जाएगा। सरकारी सब्सिडी के तहत इस लोन पर सिर्फ पांच प्रतिशत का ब्याज होगा। सरकार की तरफ से इस लोन की गारंटी भी ली जाएगी। एमएसएमई मंत्रालय, कौशल विकास विभाग और डीएफएस मिलकर इस योजना को अमल में लाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को इस स्कीम की घोषणा की थी जिसकी मंजूरी कैबिनेट से भी मिल चुकी है। ग्रामीण व शहरी स्तर पर चुने गए पात्रों को ट्रेनिंग दी जाएगी और टूल किट खरीदने के लिए 15,000 रुपए का ई-वाउचर दिया जाएगा। मतलब वे इस पैसे का इस्तेमाल कहीं और नहीं कर पाएंगे। सेविंग खाते में न्यूनतम बैलेंस नहीं रखे जाने पर अब भी कई बैंक खाताधारकों से जुर्माना वसूल रहे हैं। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफस) के सूत्रों के मुताबिक, इस बारे में आरबीआई से बातचीत की जाएगी। पिछले पांच सालों में न्यूनतम बैलेंस कम होने पर बैंकों ने खाताधारकों से 18,000 करोड़ रुपए की वसूली की है। डीएफएस सूत्रों के मुताबिक, आरबीआई की इजाजत से बैंक खाते में न्यूनतम निर्धारित राशि नहीं होने पर कुछ शुल्क लेते हैं। हालांकि, एसबीआई जैसे बैंक ने इस प्रकार के शुल्क को लेना बंद कर दिया है। डीएफएस के मुताबिक, बेसिक सेविंग बैंक डिपोजिट (बीएसबीडी) एकाउंट के तहत न्यूनतम बैलेंस रखने की जरूरत नहीं होती है और देश भर में इस प्रकार के 70 करोड़ खाते हैं।

50 शिक्षकों को मिलेगा राष्ट्रीय शिक्षक अवार्ड, राष्ट्रपति मुर्मू पांच सितंबर को करेंगी सम्मानित

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच सितंबर को दिल्ली में देशभर के 50 शिक्षकों को शिक्षा के सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रीय शिक्षक अवार्ड 2023 से सम्मानित करेंगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने तीन स्तरों पर मेरिट के आधार पर इन शिक्षकों का चयन किया है। मंत्रालय ने चयनित शिक्षकों की सूची जारी कर दी है। शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त सचिव प्राची पांडे की ओर से शनिवार को राष्ट्रीय शिक्षक अवार्ड 2023 की सूची राज्यों और प्रदेश स्कूली शिक्षा विभाग को भेजी गई। इन शिक्षकों को अवार्ड के रूप में प्रमाणपत्र और 50 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। सभी शिक्षक तीन सितंबर को दिल्ली पहुंचेंगे। इस दौरान उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का मौका भी मिल सकता है। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के अस्ती नगर की आसिया फारूखी, बुलंदशहर के शिव कुमार अग्रवाल जनता इंटर कॉलेज के चंद्र प्रकाश अग्रवाल, मेरठ के केएल इंटरनेशनल स्कूल के सुधांशु शेखर पांडा, हरियाणा से रेवाड़ी जिले के बुरोली सरकारी स्कूल के सत्यपाल सिंह, हिमाचल प्रदेश से कांगड़ा जिले के सरकारी स्कूल इंदौरा के विजय कुमार, पंजाब के लुधियाना के अमृतपाल सिंह, सेंट पॉल मित्तल स्कूल के भूपिंदर गोगिया, दिल्ली के एसकेवी लक्ष्मी नगर की आरती कानुंगो, पश्चिम विहार के सेंट मार्क सीनियर सेकेंडरी स्कूल की रितिका आनंद, उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल स्थित गवर्नमेंट इंटर कॉलेज के दौलत सिंह गोसाई, चंडीगढ़ के सेक्टर 14 गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल के संजय कुमार, जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के रेयाज अहमद शेख समेत 50 शिक्षकों को सर्वोच्च सम्मान देने की घोषणा की गई है।

हरियाणा में हर 20 किमी पर कॉलेज की घोषणा बनी जुमला : कुमारी सैलजा

चंडीगढ़, एजेंसी।
पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा है हर 20 किमी पर राजकीय महाविद्यालय खोलने की प्रदेश सरकार की घोषणा भी जुमला बनकर रह गई है। कालेजों में पहले से ही प्राध्यापकों की कमी से विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है।

सरकार को सबसे पहले खाली पड़े पदों को भरने की दिशा में काम करना चाहिए। क्योंकि किसी भी देश का भविष्य वहां की युवा पीढ़ी पर निर्भर होता है। उच्च शिक्षा के लिए आज भी प्रदेश के युवाओं की दूसरे राज्यों की ओर गमन करना पड़ रहा है।

मीडिया को जारी एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश में करीब 180 सरकारी कॉलेज हैं, जिसमें प्राध्यापकों के करीब 8000 पद हैं। इनमें से 3600 पद ही भरे हुए हैं यानी 4400 पद खाली हैं। सरकार की ओर से दावा किया गया है कि प्रदेश में एडेड कॉलेजों की संख्या 97 है और प्राइवेट कॉलेजों की संख्या 94 है। सरकारी कॉलेज में करीब 21 लाख से अधिक विद्यार्थी, एडेड कॉलेजों में करीब 14 लाख और प्राइवेट कॉलेज में करीब 32 हजार विद्यार्थी पढ़ते हैं।

उन्होंने कहा कि कालेज में मूलभूत सुविधाओं का प्रबंध होना चाहिए और प्राध्यापकों के पदों पर नियुक्ति होनी चाहिए। प्राध्यापकों की कमी से जूझ रहे कॉलेजों में विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा के स्तर में सुधार न होने से परीक्षा परिणाम भी प्रभावित होता है।

उन्होंने कहा है कि वर्ष 2019 के बाद सरकारी कॉलेजों में प्राध्यापकों की स्थायी नियुक्तियां नहीं हुई हैं। बार बार भर्ती करने की घोषणा कर युवाओं के साथ खिलवाड़ किया जाता रहा। कॉलेजों में अनुबंधित या अतिथि प्राध्यापकों से काम चलाया जा रहा है जिनकी नौकरी पर उन्हें हटाए जाने की तलवार हर समय लटकी रहती है। इनको स्थायी नियुक्तियां प्रदान की जा सकती है।

सरकार ऐसा करने से भी बच रही है। जब भी चुनाव को समय आता है युवाओं के लिए बंपर नौकरी देने की घोषणाएं की जाती हैं बाद में चुनाव आचार संहिता का हवाला देकर आगे कदम नहीं बढ़ाया जाता। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार का शौक बन गया है। आने वाले चुनाव में युवा इस सरकार को सबक सिखाकर रहेगा।

राज्यपाल के राष्ट्रपति शासन की चेतावनी पर बोले पंजाब सीएम, चनियंत्रण में है कानून व्यवस्थाल्ल पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित द्वारा उनके सवालों का जवाब न देने पर राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश करने की चेतावनी देने एक दिन बाद, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि वह पहले ही 16 में से 9 सवालों का जवाब दे चुके हैं। मान ने स्पष्ट किया कि राज्यपाल द्वारा उठाए गए मुद्दों, ड्रग्स और कानून व्यवस्था पर पर्याप्त कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री ने मीडिया को बताया, शुक्रवार को राज्यपाल ने पंजाब के शांतिप्रिय लोगों को धमकी दी कि वह राष्ट्रपति शासन लगा देंगे। राज्यपाल ने कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। जब से हमारी सरकार आई है, बहुत सारे काम हुए हैं। सिर्फ अगस्त में 41 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई। अब तक 753 गैंगस्टरों को गिरफ्तार किया गया है, 786 हथियार और वाहन जब्त किए गए हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में है।

मान ने कहा, मैं एक मुख्यमंत्री के तौर पर नहीं बल्कि 3.5 करोड़ पंजाबियों की तरफ से एक आम आदमी के तौर पर जवाब दे रहा हूं। उन्होंने कहा, हमने अपनी आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। हमने अपने देश की सीमाओं की रक्षा की और देश को हरित क्रांति का पोषण दिया। हम राष्ट्रीय हित के सभी मुद्दों पर अपने देश के साथ खड़े हैं। हालांकि, मैं कहना चाहता हूं कि हम जानते हैं कि दबाए जाने पर कैसे लड़ना है, और इतिहास ने इसे दिखाया है। राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने आप सरकार पर संविधान के खिलाफ काम करने और उनके पत्रों का जवाब नहीं देने का आरोप लगाया।

विधानसभा चुनावों में आप की सक्रियता कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती?

नईदिल्ली, एजेंसी। विपक्ष के इंडिया तले एकजुट होने के बावजूद अगले कुछ महीनों में होने वाले विधानसभा चुनावों में विपक्षी दल एक दूसरे के खिलाफ लड़ेंगे। ऐसे में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में आम आदमी पार्टी (आप) की सक्रियता कांग्रेस के लिए किस प्रकार की चुनौती पैदा कर सकती है, इस पर सबकी निगाह टिकी हुई है। जानकारों की मानें तो आम आदमी पार्टी की सक्रियता से कांग्रेस को बहुत ज्यादा नुकसान की संभावना नहीं है। लेकिन, यदि भाजपा और कांग्रेस में टिकट नहीं मिल पाने के कारण आप को कुछ सीटों पर दमदार उम्मीदवार मिल जाते हैं तो फिर मुकाबला रोचक हो सकता है। इसलिए दोनों दलों खासकर कांग्रेस को अपनी रणनीति बनाते समय इस कारक को ध्यान में रखना चाहिए। 2018 में हुए विधानसभा चुनावों में आप ने इन तीनों राज्यों में किस्मत आजमाई थी। लेकिन, वह तीनों राज्यों में असफल साबित हुई। उसने छत्तीसगढ़ में 90 में से 85 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन महज 0.9 फीसदी ही वोट मिल पाए। मध्य प्रदेश में 230 से 208 सीटों पर लड़कर महज 0.7 फीसदी मत मिले। जबकि राजस्थान में 199 में से 142 सीटों पर लड़कर उसे महज 0.4 फीसदी मत मिले। इससे कई गुना ज्यादा मत नोटा को मिले थे। लेकिन, यह बात पांच साल पुरानी है। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो इन पांच वर्षों में स्थितियां काफी बदली हैं। आप ने दिल्ली में दोबारा जीत हासिल की। पंजाब में भी शानदार बहुमत से सरकार बनाई। पिछले साल गोवा और गुजरात में भी ठीकठाक प्रदर्शन किया। गुजरात में करीब 13 फीसदी मत लेकर 5 सीटें जीती। गोवा में 7 फीसदी मत लेकर दो सीटें जीती। इसी के आधार पर उसे राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिला है। इसलिए आगामी विधानसभा चुनावों में उसकी सक्रियता को इन तीनों राज्यों में पूरी तरह से अनदेखा करना भी एक चूक होगी। ज्यादातर चुनावों में यह देखा गया है कि आप ने कांग्रेस के मतों में ही सेंध लगाई है। गोवा और गुजरात में भी ऐसा ही हुआ है। हालांकि, यहां यह बात भी गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में पिछले साल हुए चुनावों में भी आप ने खूब ताकत लगाई थी, लेकिन इन राज्यों में उसे जरा भी सफलता नहीं मिली है। एक तर्क यह भी है कि जिन राज्यों में कांग्रेस या अन्य क्षेत्रीय दल की स्थिति मजबूत है और वह सत्ता में आने की स्थिति में है, वहां आप को कोई खास लाभ नहीं मिलेगा।

राहुल गांधी हैं कांग्रेस की तरफ से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार-अशोक गहलोत

मुंबई, एजेंसी।
मुंबई में इंडिया गठबंधन की तीसरी बैठक होने वाली है। इससे पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को 2024 के लोकसभी चुनाव में कांग्रेस पार्टी की तरफ से प्रधानमंत्री उम्मीदवार बताया है। गहलोत ने इंडिया टुडे ग्रुप के साथ बात करते हुए दावा किया है कि यह फैसला सभी दलों ने चर्चा और विचार-विमर्श के बाद किया है। इंडिया गठबंधन की आवश्यकता के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, जनता ने ऐसा दबाव बनाया, जिसके परिणामस्वरूप सभी विपक्षी दलों का गठबंधन हुआ है।

गहलोत ने आगे कहा, पीएम मोदी को अहंकारी नहीं होना चाहिए, क्योंकि 2014 में बीजेपी केवल 31प्रतिशत वोटों के साथ सत्ता में आई थी। बाकी 69प्रतिशत वोट उनके खिलाफ थे। उन्होंने कहा कि जब पिछले महीने बेंगलुरु में इंडिया गठबंधन की बैठक हुई, उसके बाद से एनडीए डरा हुआ है।

अशोक गहलोत से जब बीजेपी के उन दावों के बारे में पूछा गया कि एनडीए 2024 के चुनाव में 50त्न वोटों के साथ सत्ता में आने के लिए काम कर रहा है तो उन्होंने कहा, पीएम मोदी कभी भी इसे हासिल नहीं कर पाएंगे। जब मोदी अपनी लोकप्रियता के चरम पर थे, तो वह ऐसा कर सकते थे। उनका वोट शेयर घट जाएगा और 2024 के चुनाव के नतीजे तय करेंगे कि प्रधानमंत्री कौन बनेगा।

अशोक गहलोत ने यह भी दावा किया कि पीएम मोदी 2014 में कांग्रेस की वजह से प्रधानमंत्री बने। उन्होंने पीएम मोदी की बोलने की शैली की आलोचना करते हुए कहा कि

लोकतंत्र में भविष्य के बारे में भविष्यवाणी करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा, यह निर्णय लोगों को करना चाहिए। सभी को उनकी पसंद का सम्मान करना चाहिए। पीएम मोदी ने कई वादे किए लेकिन जनता जानती है कि उनका क्या हुआ।

गहलोत ने चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्रियों जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी को दिया। उन्होंने कहा, चंद्रयान-3 की सफलता में भी नेहरू का योगदान अहम है और मौजूदा उपलब्धियां इंदिरा गांधी और नेहरू की कड़ी मेहनत का नतीजा हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की स्थापना इसलिए की गई क्योंकि नेहरू ने वैज्ञानिक विक्रम साराभाई का सुझाव सुना था। उन्होंने कहा कि उस समय अंतरिक्ष केंद्र का नाम कुछ और था लेकिन इंदिरा गांधी के सत्ता में आने के बाद इसे बदलकर इसरो कर दिया गया।

50 करोड़ लोगों को बिजली दे सकता है सीवर का पानी, कारगर नीतियों की जरूरत पर जोर

नई दिल्ली, एजेंसी।
नालियों और सीवरों के जिस अपशिष्ट पानी को पर्यावरण व स्वास्थ्य के लिए बड़ी समस्या समझा जाता है वह उपयोगी भी हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की नई रिपोर्ट वेस्टवाटर-टर्निंग प्रॉब्लम टू सोल्यूशन के अनुसार कारगर नीतियों की मदद से इस दूषित जल की समस्या का न सिर्फ समाधान हो सकता है, बल्कि इससे 50 करोड़ लोगों के लिए वैकल्पिक बिजली की व्यवस्था और चार करोड़ हेक्टेयर जमीन की सिंचाई भी की जा सकती है। इस सिंचित जमीन का आकार करीब जर्मनी के बराबर जितने खेतों की सिंचाई करने जितना है।

इतना ही नहीं इस अपशिष्ट जल में मौजूद पोषक तत्व खेतों के लिए काफी फायदेमंद हो सकते हैं। अनुमान है कि यदि इसमें मौजूद पोषक तत्वों के दोबारा उपयोग से सिंथेटिक उर्वरकों पर बढ़ती निर्भरता को काफी कम किया जा सकता है। इसकी सहायता से खेती-बाड़ी में इस्तेमाल की जाने वाली नाइट्रोजन और फास्फोरस की मांग को 25 प्रतिशत तक घटाया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रति वर्ष लगभग 32 हजार करोड़ क्यूबिक मीटर अपशिष्ट पानी का फिर से इस्तेमाल किया जा सकता है। करीब 50 फीसदी दूषित पानी को बगैर स्वच्छ किए नदियों, झीलों और समुद्र में छोड़ा जा रहा है।

अध्ययन के अनुसार, इस प्रक्रिया से पानी की भारी बर्बादी रोकने में सफल हो सकते हैं। इस समय भारत सहित दुनिया की एक बड़ी आबादी गंभीर जल संकट का सामना कर रही है। वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट (डब्ल्यूआरआई) के आंकड़ों के मुताबिक, भारत सहित दुनिया के 25 देशों में जल संकट गंभीर रूप ले चुका है। ये वे देश हैं जो अपनी जल आपूर्ति का 80 फीसदी से ज्यादा हिस्सा खर्च कर रहे हैं। यह समस्या केवल इन्हीं देशों तक ही सीमित नहीं है। दुनिया की करीब 50 फीसदी आबादी यानी 400 करोड़ लोग साल में कम से कम एक महीने पानी की भारी किल्लत का सामना करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2015 में घरेलू और शहरी स्त्रोतों से निकलने वाले अपशिष्ट जल की मात्रा 38 हजार करोड़ क्यूबिक मीटर थी, वह 2030 तक बढ़कर 49,700 करोड़ क्यूबिक मीटर तक पहुंच जाएगी। ऐसे में इस अमूल्य संसाधन को ऐसे ही नाली में बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए। वर्तमान में मात्र 11 फीसदी ट्रीटेड वाटर का पुनः उपयोग किया जाता है। फ्रांस में मात्र 0.1 फीसदी अपशिष्ट जल को साफ करने के बाद फिर से उपयोग किया जाता है।

रोमानिया में गैस स्टेशन पर विस्फोटों में एक व्यक्ति की मौत, कई घायल

चिसिनुआ, एजेंसी

रोमानिया के बुखारेस्ट उपनगर में शनिवार रात एक गैस स्टेशन पर हुए चार विस्फोटों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। आंतरिक मामलों के मंत्रालय में आपातकालीन स्थिति विभाग के प्रमुख राएद अराफात ने संवाददाताओं से कहा, ह्यशुरूआत में छह नागरिक घायल हो गए... दुर्भाग्य से, दूसरे विस्फोट में 26 अग्निशामक घायल हो गए, जिनमें से एक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अन्य झुलस गए। श्री अराफात ने कहा कि गैस टैंक के पहले विस्फोट से आग लग गई जो दूसरे टैंक तक फैल गई और एक नया विस्फोट हुआ। गैस स्टेशन के आसपास 300 मीटर क्षेत्र की घेराबंदी कर दी गई और वहां रहने वाले लोगों को हटा दिया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बाद में कहा कि पहले विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात घायल हो गए। इसके बाद तीन और विस्फोट हुए, जिससे

घायलों की संख्या 46 हो गई। कम से कम 16 मरीजों को कृत्रिम वेंटिलेशन की आवश्यकता पड़ी। हताहतों की संख्या और बढ़ सकती है। रोमानिया के प्रधानमंत्री मार्सेल सिओलाकू ने एक समाचार ब्रीफिंग में बताया कि उन्होंने अन्य सदस्य देशों से चिकित्सा सहायता का अनुरोध करने के लिए यूरोपीय संघ नागरिक सुरक्षा तंत्र को सक्रिय कर दिया है। उन्होंने कहा कि विस्फोट में घायल चार लोगों को हवाई मार्ग से बेल्जियम और इटली के अस्पतालों में ले जाया जाएगा।

सीरिया में विद्रोहियों के हमले में ग्यारह सैनिकों की मौत

दमिश्क, एजेंसी

सीरिया के उत्तर-पश्चिमी प्रांत इदलिब में शनिवार को विद्रोहियों के हमले में ग्यारह सैनिकों की मौत हो गयी और 20 अन्य घायल हो गए। मानवाधिकारों के लिए सीरिया वेधशाला (एसओएचआर) ने कहा कि हमलावरों ने हमला किया और इदलिब के दक्षिणी ग्रामीण इलाकों में सीरियाई सेना की चौकियों के नीचे सुरंगों में छिपाए गए विस्फोटक उपकरणों में विस्फोट कर दिया। वेधशाला ने कहा कि हमलावर अंसार अल-तौहीद गुट और तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट सहित गुटों से हैं, दोनों हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) विद्रोही गुट के सहयोगी हैं। एचटीएस और सीरियाई सेना के बीच तनाव बढ़ रहा है, दोनों पक्षों के बीच उत्तरी सीरिया में गोलीबारी हो रही है। वेधशाला के अनुसार, एक दिन पहले, उत्तरी सीरिया में अलेप्पो के पश्चिमी ग्रामीण इलाके में सैन्य बलों ने सात एचटीएस सदस्यों को मार गिराया था। सरकारी समाचार एजेंसी सना के अनुसार, सोमवार को सीरियाई बलों ने इदलिब और हमा के उत्तर-पश्चिमी प्रांतों में एचटीएस द्वारा भेजे गए तीन हथियारबंद ड्रोनों को रोका और मार गिराया।

कार्यालय नगर पंचायत नौगावां सादात, जनपद अमरोहा

पत्रांकः 25/न0पा0नौ0सा0/2022–23 दिनांकः27–08–2023

ई–निविदा सूचना

शासकीय व्यवस्था के अन्तर्गत उपरोक्त कार्य 15 में वित आयोग की टाईड/ अनटाइड ग्राण्ड से प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो की ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जा रही है। अतः इच्छुक निविदादाता / ठेकेदार/ फर्म अपनी–अपनी ऑनलाईन निविदाये दिनांक 11.09.2023 दोपहर 12.00 तक https://etender-up-nic.in. पर आनलाईन प्रस्तुत कर सकता है जो कि दिनाक 11.09.2023 को ही अपरान्ह 12.00 बजे गठित समिति तथा पंजीकृत ठेकेदारी/ निविदादाता/फर्मों की उपस्थिति में खोली जायगी। ई–निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है।जोकि बेवसाईट https://etender-up-nic-in पर उपलब्ध है। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार अध्यक्ष महोदय/अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत नौगावा सादात में निहित है।इस सम्बन्ध में लिये गये निर्णय पर किसी भी ठेकेदारों/ निविदादाता / फर्मों को न्यायालय मे जाने का अधिकार नहीं होगा।

E-bid reference No.	25/N.P.N.S.-Tender/2023-24
Publish date and time.	28.08.2023 on 12:00 PM
Last date and time for submission of E-bids	11.09.2023 on 12:00 PM
Date and time of opening of on line TE-Bids	11.09.2023 on 12:00 PM
Place of opening of E-Bids	E.O office Nagar panchyet Nowgawan Sadat Amroha
E- Tender Securty	10% of tender Value
E- Tender document processing	AS per tander list

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत नौगावां सादात
जनपद अमरोहा

अध्यक्ष
नगर पंचायत नौगावां सादात
जनपद अमरोहा

संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान सार्क मंत्री स्तरीय बैठक के लिए नेपाल की पहल

काठमांडू, एजेंसी

दक्षिण एशियाई देशों के संगठन सार्क के अध्यक्ष के नाते नेपाल ने विदेश मंत्री स्तरीय बैठक बुलाने की पहल शुरू की है। न्यूयॉर्क में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान सार्क देशों की मंत्रिपरिषद स्तरीय बैठक कराने को लेकर नेपाल ने संबंधित देशों से पत्राचार किया है। काठमांडू स्थित सार्क सचिवालय ने अफगानिस्तान को छोड़कर बाकी सभी सात देशों को न्यूयार्क में होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतर विदेश मंत्रियों की बैठक बुलाने को लेकर पत्र भेजा है। सार्क के महासचिव एसाला विराकुन के तरफ से भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान और मालदीव के विदेश मंत्रियों को पत्र भेजा गया है। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता कब्जाने के बाद कई सार्क देशों के

तरफ से उसे मान्यता नहीं देने के कारण अफगानिस्तान को पत्र नहीं भेजा गया है। नेपाल के विदेश मंत्रालय की सह सचिव सेवा लम्साल ने बताया कि हमेशा से ही संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान सार्क विदेशमंत्री स्तरीय बैठक होती रही है। इसलिए औपचारिकता के लिए पत्र भेजा गया है। उन्होंने बैठक के होने को लेकर आशंका भी जाहिर की है। लम्साल का कहना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक और कूटनीतिक तनाव की वजह से इस बैठक का होना मुश्किल लग रहा है फिर भी अध्यक्ष होने के नाते प्रयास करना हमारा कर्तव्य है। उल्लेखनीय है कि न्यूयॉर्क में सालाना होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान अंतिम बार 2020 में सार्क विदेशमंत्री स्तरीय बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हुई थी।2021 और 2022 में इस बैठक का आयोजन नहीं हो सका। सार्क शिखर सम्मेलन भी अंतिम बार नेपाल में ही सन् 2015 में हुआ था। उसके बाद पाकिस्तान को अध्यक्षता लेते हुए सम्मेलन कराना था। लेकिन पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा 2016 के जनवरी में पंजाब के पठानकोट स्थित भारतीय सैन्य ठिकाने पर हमला करने के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सभी तरह की कूटनीतिक बातचीत बंद करते हुए उसके साथ मंच साझा करना भी छोड़ दिया था

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129